राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 282
लखनऊ, रविवार 14 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पुलिस अधीक्षक ने पांच उपनिरीक्षकों को बनाया चौकी इंचार्ज 10

पीएम मोदी पसमांदा समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ें : दानिश अंसारी 03


## -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,49,230/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,36,800/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,11,960/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,60,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### कचहरी स्थानांतरण की फाइल शासन को भेजने के निर्देश

**वाराणसी।** दी सेंट्रल बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश गौतम और महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कचहरी के स्थानांतरण की बात को रखा। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी वाराणसी से अधिवक्ताओं की मांग को लेकर चिन्हित की गई जमीन की संपूर्ण जानकारी की फाइल शासन को भेजने के निर्देश दिए। दी सेंट्रल बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश गौतम ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने हम लोगों की बात को सुनने के बाद वाराणसी के जिलाधिकारी को बुलाया और सेंट्रल जेल के बगल की जमीन की संपूर्ण जानकारी को एक फाइल में करके शासन को भेजने के निर्देश दिए।

### शताब्दी एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाला तीसरा बाल अपचारी पकड़ा गया

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले की थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने शनिवार को स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंकने के मामले में वांछित एक वांछित बाल अपचारी को पकड़ा है। इससे पहले उसके साथी दो बाल अपचारियों को पूर्व में पुलिस ने हिरासत में लिया था। रसूलपुर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि लखनऊ से दिल्ली को जाने वाली स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर बीते गुरुवार की शाम को मक्खनपुर और फिरोजाबाद रेलवे स्टेशनों के बीच पैमेश्वर गेट के पास कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने चलती ट्रेन पर पत्थर फेंका था। घटना के समय संघ प्रमुख मोहन भागवत भी इसी ट्रेन से यात्रा कर रहे थे। हालांकि इस घटना में उन्हें या किसी अन्य यात्री को कोई चोट नहीं आई।

### तीर्थयात्रियों से भरी बस रोडवेज में जा घुसी, दो यात्रियों की मौत, 36 घायल

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में मथुरा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के दो बसों की भिड़ंत में राजस्थान के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य यात्री घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह के अनुसार सोरों कोतवाली क्षेत्र में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने राजस्थान के भरतपुर डिपो की एक बस और उत्तर प्रदेश के एटा डिपो की रोडवेज बस आमने-सामने टकरा गईं। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना थाना क्षेत्र के फ़रसो गांव के गिरिराज (80) तथा सेवा कुरवारियां गांव के प्रीतम (65) मौके पर ही मौत हो गई। सिंह के अनुसार हादसे में हताहत हुए लोग अधिकांश यात्री गंगा स्नान के लिए सोरों शूकरक्षेत्र आ रहे थे।

# एयरफोर्स विमान हादसे में पांच जवान शहीद

- मालवाहक विमान जोरहाट वायु सेना स्टेशन पर उतरने के दौरान हुआ दुर्घटनाग्रस्त
- दुर्घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




वायु सेना का एक माल वाहक विमान ए एन 32 शनिवार को असम के जोरहाट वायु सेना स्टेशन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सवार पांच वायु सेनाकर्मी शहीद हो गये।

हादसे में शहीद हुए वायुसेनाकर्मियों में दो अग्निवीर वायु भी शामिल हैं।

वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि इस दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान दिया।

उन्होंने कहा कि वायु सेना को इस दुर्घटना में पांच वायुयोद्धाओं को खोने का गहरा दुख है। भारतीय वायु सेना शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में मजबूती से उनके साथ खड़ी है। प्रवक्ता ने कहा है कि दुर्घटना की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। यह मालवाहक विमान सुबह दस बजे के करीब जोरहाट वायु सेना स्टेशन पर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमान के उतरते समय इसमें आग लग गयी, जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान की दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चला है। यह विमान नियमित उड़ान पर था। विमान में आग लगने के बाद यह दो हिस्सों में टूट गया। शहीद वायुसेनाकर्मियों में विमान का पायलट भी शामिल है जबकि सह चालक घायल हुआ है। इससे पहले जुलाई 2016 में 29 लोगों को ले जा रहा एक अन्य ए एन -32 विमान चेन्नई के तांबरम वायु सेना स्टेशन से पोर्ट ब्लेयर जाते समय बंगाल की खाड़ी के उपर लापता हो गया था। वायु सेना द्वारा चलाए गए सबसे बड़े खोज और बचाव अभियानों में से एक के बावजूद यह विमान कई वर्षों तक लापता रहा। आखिरकार 2024 में समुद्र की तलहटी में विमान का मलबा मिला जिससे सभी 29 लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। ए एन- 32 विमान 1980 के दशक से ही वायु सेना के मालवाहक बेड़े की रीढ़ रहा है। इस विमान ने सैनिकों के आवागमन, लॉजिस्टिक्स सप्लाई मिशन, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विमान ने विशेष रूप से दुग्रम इलाकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। समय के साथ, इस विमान में एवियोनिक्स, नेविगेशन सिस्टम और ऑपरेशनल उन्नयन किया गया है।

### दशकों से वायु सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का एक अहम जरिया है ए एन-32 मालवाहक विमान

ए एन-32 दो इंजन वाला मालवाहक विमान है जो दशकों से वायु सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का एक अहम ज़रिया रहा है। इसने देश भर में, खासकर ऊंचे इलाकों और दूर-दराज के हवाई क्षेत्रों में विभिन्न अभियानों में अहम भूमिका निभाई है। इस दुर्घटना ने ए एन-32 बेड़े के साथ पिछले कुछ सालों में हुए कई बड़े हादसों की यादें ताज़ा कर दी हैं। सबसे दुखद घटनाओं में से एक जून 2019 में हुई थी, जब 13 लोगों को ले जा रहा एक ए एन-32 विमान असम के जोरहाट से अरुणाचल प्रदेश के मेचुका के लिए उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। एक हफ़्ते से ज़्यादा दिन चले खोज और बचाव अभियान के बाद विमान का मलबा अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके में मिला। विमान में सवार सभी 13 लोगों की मौत हो गई थी।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ थल सेनाध्यक्ष नियुक्त

**आर.बी. सिंह**

**लखनऊ।** लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ देश के अगले थल सेनाध्यक्ष होंगे। वे वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का स्थान लेंगे। राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ 30 जून 2026 को कार्यभार ग्रहण करेंगे और 31 अगस्त 2028 तक इस पद पर रहेंगे।

सेना कमांडर के रूप में उन्होंने दक्षिण-पश्चिमी कमान, जयपुर और दक्षिणी कमान, पुणे के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर कार्य किया। ये दोनों कमान पंजाब के बठिंडा से लेकर गुजरात के कच्छ तक फैली पाकिस्तान से सटी सीमा की सुरक्षा करती हैं।

स्ट्राइक कोर के कमांडर के रूप में भी उन्होंने आक्रामक अभियानों की योजना और संचालन में अहम भूमिका निभाई है।



### चार दशक का अनुभव

महाराष्ट्र के पुणे स्थित खड़कवासला की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे धीरज सेठ 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन हुए थे। उन्हें सेना में चार दशक का अनुभव है। अपने सेवाकाल में उन्होंने रेगिस्तानी इलाकों में एक बख्तरबंद रेजिमेंट, मैदानी क्षेत्रों में एक बख्तरबंद ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी राष्ट्रीय राइफल्स फोर्स की कमान संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल बनने के बाद उन्होंने भोपाल स्थित XXI कोर यानी सुदर्शन चक्र कोर की कमान संभाली। इसके अलावा दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

# फ्रांस, स्लोवाकिया यात्राओं से यूरोप तथा जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे : मोदी

- फ्रांस-स्लोवाकिया दौरे पर पीएम मोदी हुए रवाना, जी-7 समिट में होंगे शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी-7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे।

श्री मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं। श्री मोदी ने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13-18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा कि भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया था। जब मैं नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलूंगा, तो हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे और अपने सहयोग के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे। मैं आपसी हित के अहम वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। श्री मोदी ने कहा कि वह फ्रांसीसी शहर नीस में 14 जून को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत इनोवेट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के तहत आयोजित होने वाला यह अहम कार्यक्रम भारत के सबसे होनहार स्टार्टअप को वैश्विक निवेश से जोड़ेगा और भारत के उच्च शिक्षा इकोसिस्टम से निकलने वाले नवाचारों के लिए एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह 14-15 जून को राजकीय यात्रा के लिए स्लोवाकिया जाएंगे। वर्ष 1993 में स्लोवाकिया की आज़ादी के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। यह ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में बनी मज़बूत गति को और आगे बढ़ाएगी।

### रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करेगी यात्रा

पीएम मोदी ने कहा कि मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे स्लोवाकिया के प्रमुख व्यापारियों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से संबंधों में आयी गति को आगे बढ़ाते हुए, यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्लोवाकिया से वापस फ्रांस के शहर एवियन लौटेंगे और 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जी-7 में भारत की मौजूदगी हमारे सहयोगियों के हम पर भरोसे व हमारी बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है।

# आधुनिक तकनीकों ने युद्ध की परिभाषा पूरी तरह बदल दी है : राजनाथ सिंह

**एजेंसी, हैदराबाद।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में शामिल होने वाले नए अधिकारियों को आधुनिक संघर्ष के बदलते स्वरूप के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की सलाह देते हुए शनिवार को कहा कि बड़ी शक्तियों को अब युद्धक्षेत्र में पहले जैसी बढ़त हासिल नहीं है क्योंकि छोटी ताकतें भी विशेष रणनीति का इस्तेमाल कर भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं।

सिंह ने हैदराबाद के निकट स्थित भारतीय वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले ऐसा लगता था कि बड़ी शक्तियों को युद्धक्षेत्र में निर्णायक बढ़त हासिल होती है लेकिन अब तुलनात्मक रूप से छोटी ताकतें भी अपने छोटे लेकिन खतरनाक हथियारों एवं नयी रणनीतियों से भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। आप सभी को यह बताने का मेरा उद्देश्य यही है कि आप युद्ध के हर स्वरूप के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें।



- कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट तरीके से काम करने के महत्व को किया रेखांकित

उन्होंने कहा कि पहले सैनिक और सैन्य उपकरण स्पष्ट रूप से दिखाई देते थे, लेकिन अब आधुनिक युद्ध में रडार, उपग्रह, ड्रोन, सेंसर और रोबोटिक्स जैसी कई प्रणालियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब ऐसे परिदृश्य भी देखने को मिल रहे हैं जिनमें विरोधियों की यातायात प्रणालियों और सीसीटीवी कैमरों को नियंत्रित किया जा रहा है। सिंह के अनुसार, युद्ध की परिभाषा काफी हद तक बदल गई है। उन्होंने कहा कि सेना में शामिल हुए अधिकारियों को युद्ध के आधुनिक तरीकों एवं रणनीतियों को समझना चाहिए तथा उनके अनुरूप ढलना, उन्हें अपनाना और जरूरत पड़ने पर उनमें बदलाव करना चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट तरीके से काम करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में समझदारी से आगे बढ़ने वाले देश अपने लिए स्थान बना रहे हैं।

# डबल इंजन की सरकार के साथ चलिए, आजमगढ़ को हम सुरक्षित और समृद्ध बनायेंगे : मुख्यमंत्री

- सीएम ने 955 करोड़ की लागत से 39 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**आजमगढ़, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ में 955 करोड़ की लागत से 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रदर्शनी का निरीक्षण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आजमगढ़वासियों से कहा कि वर्तमान को सुधारने के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार के साथ डबल स्पीड के साथ आगे चलने की तैयारी करिए, हम आजमगढ़ को सुरक्षित और समृद्ध बनायेंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सपा, कांग्रेस यह काम नहीं कर पाती। मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा जब यह आपके पूर्वजों को सम्मान नहीं दे सकते। आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, देवी देवताओं का सम्मान नहीं कर सकते तो आप इनके साथ जुड़कर कौन सा तीर मार देंगे। यह लोग कुछ नहीं कर सकते, विकास नहीं कर सकते, गरीबों का कल्याण नहीं कर सकते, युवाओं को नौकरी नहीं दे सकते तो आप क्यों सिर में ढ़ोकर चलते हैं। इसलिए डबल इंजन की सरकार के साथ डबल स्पीड के साथ आगे चलने की तैयारी करिए। योगी ने कहा कि यहां लोकसभा और विधानसभा में भाजपा नहीं जीती फिर भी आजमगढ़ को हमने विकास से वंचित नहीं होने दिया।

# युद्ध खत्म होने के करीब, होर्मुज, पुनर्निर्माण पर बातचीत का फोकस : अराघची

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन।**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ शत्रुता समाप्त करने संबंधी समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है।

प्रस्तावित समझौते में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, ईरान की जब्त विदेशी परिसंपत्तियों को मुक्त करने तथा युद्ध के बाद पुनर्निर्माण में सहायता संबंधी प्रावधान शामिल हो सकते हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन से बातचीत में श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) हालिया संघर्ष के दौरान ईरान द्वारा हासिल उपलब्धियों को औपचारिक रूप से सुरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कूटनीति इन उपलब्धियों को स्थायी स्वरूप देने का माध्यम है। सरकारी मीडिया के अनुसार श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौते का पहला प्रमुख बिंदु अमेरिका द्वारा लगाये गये कथित अवैध नौसैनिक नाकेबंदी को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले समुद्री आवागमन को विनियमित करने के लिए एक संयुक्त कानूनी और परिचालन तंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था की घोषणा अगले 60 दिनों के भीतर की जा सकती है, जबकि जलडमरूमध्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी ईरानी सशस्त्र बलों के पास ही रहेगी। उन्होंने बताया कि यूरेनियम संवर्धन तथा उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के प्रबंधन जैसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को वार्ता के दूसरे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया है। ईरान का रुख है कि उच्च संवर्धित परमाणु सामग्री का कोई भी प्रबंधन देश के भीतर ही होना चाहिए। व्यापक प्रतिबंधों में राहत का मुद्दा भी अगले चरण में उठाया जाएगा।



### समझौते में युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए व्यापक आर्थिक पुनर्निर्माण योजना भी शामिल

श्री अराघची ने बताया कि विचाराधीन समझौते में युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए व्यापक आर्थिक पुनर्निर्माण योजना भी शामिल है। इस योजना में मुआवजे से संबंधित प्रावधान भी हो सकते हैं, हालांकि इस संबंध में बातचीत अभी जारी है। उन्होंने कहा कि वार्ता प्रक्रिया दो चरणों में विभाजित है। पहले चरण में प्रारंभिक समझौता ज्ञापन पर सहमति बनाई जाएगी, जबकि दूसरे चरण में व्यापक अंतिम समझौते पर बातचीत होगी। उनके अनुसार कई प्रारूपों की समीक्षा ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सहित प्रमुख निर्णय लेने वाली संस्थाओं द्वारा की जा चुकी है। विदेश मंत्री ने दावा किया कि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होते ही ईरान की जब्त परिसंपत्तियों को मुक्त कर दिया जाएगा।

## पूर्वानुमान — उत्तर प्रदेश में प्री मानसून ने दी दस्तक

# प्रदेश के कई हिस्सों में मेघगर्जन, आंधी-बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में बीते दो दिनों से मौसम में आए बदलाव के चलते शनिवार को प्रदेश के पश्चिम से लेकर बुंदेलखंड और मध्य व पूर्वांचल तक प्री मानसून बारिश ने दस्तक दी। इस बीच तेज आंधी और तूफान भी देखने को मिला। इस बारिश से कई जगहों पर जलभराव के साथ पेड़, खंभे, यूनिपोल आदि के टूटने की भी घटनाएं सामने आई हैं। तेज आंधी और बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया है और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली।

लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ बनने के कारण प्री मानसून ने जोर पकड़ लिया है। इसके चलते प्रदेश के सभी 75 जिलों में आज आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें पश्चिम और बुंदेलखंड के 16 जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। वहीं 19 जिलों में तूफान आने की संभावना है। इसके अलावा 47 जिलों में आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। यानि अब मानसून आने तक प्रदेश में अलग अलग जगहों पर बारिश और आंधी का सिलसिला जारी रहेगा।



### 16 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट

अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाके शामिल हैं।

### 19 जिलों में तूफान का अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाके में तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।

### 47 जिलों में आंधी का अलर्ट

कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और आसपास के इलाकेमें आंधी की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की माने तो इस दौरान 50-70 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है।

### श्रीराम ट्रस्ट ने सीएम से वित्तीय अनियमितता मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का किया अनुरोध

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान राशि के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में ट्रस्ट ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एसआईटी गठित कर जांच करवाने की मांग की है। ट्रस्ट इस मामले में निष्पक्ष जांच प्रक्रिया प्रक्रिया चाहता है। मिली जानकारी के अनुसार दान राशि के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में जांच कमेटी अब यह भी पड़ताल करेगी कि सुरक्षा जांच, निगरानी व्यवस्था और प्रवेश-निकास नियंत्रण प्रणाली में आखिर चूक कहां हुई हैं। जांच कमेटी द्वारा मंदिर के सीसीटीवी कवरेज, सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी और निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता भी जांच को भी दायरे में ले सकती है। इस मामले में ट्रस्ट का कहना है कि इसे लेकर फैल रही अफवाहों के बीच पूरी सच्चाई सामने लाने और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत जांच आवश्यक हो गई है।

# ओमान तट पर भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज पर हमले के दावे फर्जी : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने ओमान तट के निकट भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज लियाकी फ्रीडम पर अमेरिकी नौसेना के हमले के बारे में सोशल मीडिया पर किये जा रहे दावों को गलत बताते हुए इन्हें बेबुनियाद करार दिया है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया पर अपने फैक्ट चेक हैंडल से एक पोस्ट में कहा कि भारतीय नाविकों वाले जहाज लियाकी फ्रीडम पर हमले का सोशल मीडिया पर किया जा रहा दावा फर्जी है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इस जहाज के मास्टर से बात की गयी है और जहाज पर सवार सभी नाविक सुरक्षित हैं।

मंत्रालय ने लोगों से कहा है कि वे सोशल मीडिया पर ऐसे झूठे तथा बेबुनियाद दावों और पोस्ट से सावधान रहें। इससे पहले सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में कहा गया कि ओमान के पास भारतीय नाविकों वाले चौथे जहाज लियाकी फ्रीडम पर अमेरिकी नौसेना ने हमला किया है और इसमें चार नाविक मारे गये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले सप्ताह भारतीय नाविकों वाले तीन जहाजों पर ओमान के निकट हमले हुए हैं और इनमें तीन भारतीय नाविक मारे गये हैं। भारत ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए यहां स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत को बुलाकर कड़ा विरोध जताया है।




इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी शुक्रवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर भारतीय नाविकों वाले जहाज पर हमले को लेकर आपत्ति जतायी है।

श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई। मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के हमलों, जिनमें तीन भारतीय नाविक मारे गये थे, पर भारत की कड़ी आपत्ति दोहराई। वाणिज्यिक नौ-परिवहन के खिलाफ़ इस तरह की जानलेवा कार्रवाई उचित नहीं है।

# आयुक्त ने महाराजा सुहेलदेव सभागार का किया उद्घाटन

गोण्डा, समृद्ध न्यूज।




देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में सौंदर्यीकरण एवं आधुनिकीकरण के उपरांत कार्यालय के वरिष्ठतम वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा एवं पेशकार मो. हसीब से नव स्वरूप प्राप्त सभागार का उद्घाटन कराया। इस अवसर पर सभागार का नामकरण महाराजा सुहेलदेव सभागार के रूप में किया गया।

उद्घाटन के दौरान आयुक्त ने सभागार में कराए गए विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि महान राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव के नाम पर सभागार का नामकरण क्षेत्र की गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने का प्रतीक है। यह सभागार प्रशासनिक बैठकों प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

सौंदर्यीकरण कार्य के अंतर्गत सभागार में आधुनिक साज-सज्जा उन्नत प्रकाश व्यवस्था आकर्षक आंतरिक सज्जा बेहतर बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक तकनीकी सुविधाओं का विकास किया गया है। इससे सभागार की कार्यक्षमता एवं उपयोगिता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

आयुक्त ने कहा कि कार्यालय परिसरों को स्वच्छ सुव्यवस्थित एवं आधुनिक बनाना सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर कार्य वातावरण से प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होती है तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों के निर्वहन में सुविधा मिलती है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय भवनों एवं परिसरों के रखरखाव स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर निरंतर ध्यान दिया जाए जिससे आमजन एवं कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त (प्रशासन) मीनू राणा, अपर आयुक्त राजेश कुमार यादव एवं संयुक्त विकास आयुक्त राकेश कुमार पाण्डेय सहित अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नव विकसित महाराजा सुहेलदेव सभागार की सराहना करते हुए इसे प्रशासनिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# रिमझिम फुहारों के बीच सैकड़ों लोगों ने उठाया वाटर पार्क का आनंद

**आर एस एम वाटर पार्क 2027 के आने वाले दिनों में पांच और योजनाओं को उतारने के लिए प्रयत्नशील : गोविन्द मिश्रा**




गोंडा, समृद्धि न्यूज।

आरएसएम वेव वाली वॉटर पार्क जो जनपद की एक पहचान बन चुकी है जहां आजकल ग्रीष्मकालीन अवकाश मना रहे छात्र व छात्राएं अपने परिजनों के साथ वाटर पार्क का आनंद उठाते हैं वहीं छुट्टियों के दिन युवक व युवतियां भी इससे अछूते नहीं रहते वाटर पार्क के संस्थापक गोविंद मिश्रा द्वारा बताया गया कि उक्त वाटर पार्क की सोच जनपद मे अब तक वाटर पार्क न होना व बच्चों के आनंद हेतु उठाई गयी एक कदम है जिसे मै व मेरे परिवार ने विगत कई वर्षों पूर्व बनाने की योजना बनाई थी जो आज धरातल पर है जबकि श्री मिश्रा ने बताया की आने वाले वर्ष 2027 के दिनों में बच्चों के लिए खेल पार्क, गिविंग पार्क, रिजालट पार्क के साथ कई और योजनाओं को अमली जामा पहनाने की योजना है जनपद के लोगों का स्नेह और बड़ों का आशीर्वाद रहा तो विगत कुछ ही दिनों में पांच और बड़े पार्कों की योजना सभी के समक्ष होगी श्री मिश्रा ने बताते हुए यह भी कहा कि पार्क में स्नान करने वाले लोगों के लिए शुद्ध जल अच्छे तैराक व गार्ड लगे रहते हैं साथ ही सीसी टीवी कैमरा से लैस उक्त वाटर पार्क में किसी भी तरह की कोई असुविधा ना हो इन बातों का खास ख्याल रखते हुए जनपद वासियों को सुगम व्यवस्था पहुंचाई जा रही है खैर द्वितीय शनिवार की छुट्टी पर वाटर पार्क का आनंद जनपद के दर्जनों अधिवक्ताओं में सुशील कुमार श्रीवास्तव उर्फ पंकज के साथ सैकड़ो लोगों ने वाटर पार्क का उठाया लुफ्त और सुगम व्यवस्था की खूब की प्रसंसा।

## समाधान दिवस पर दोनों कोतवाली में आए 17 शिकायती पत्र, एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

गोंडा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली और देहात कोतवाली मिलकर 17 शिकायती पत्र आए और एक भी शिकायती पत्रों का निस्तारण नहीं हो पाया।सभी शिकायती पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे। जिनको निस्तारण के लिए लिखा गया। कोतवाली देहात के प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि 14 शिकायती पत्र आए थे।सभी जमीन से संबंधित मामला था। जिन को निस्तारण के लिए राजस्व विभाग के लेखपाल और कानून गो को लिखा गया है। कोतवाली देहात में फिरोज पुर तहर निवासी अकबर अली ने अपने सगे भाई पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पैड़ी अजब निवासी गुड्डा देवी ने गली को कब्जा करने का पत्र दिया है। लक्ष्मण पुर जाट निवासी पवन कुमार ने अपने जमीन पर सीमेंट का शेड लगा रहा था जिस को वहीं के लोग लगाने के लिए मना कर रहे है। माधव पुर ग्राम के निवासी ममता देवी पत्नी नकछेद ने चार फुट का रास्ता कब्जा करने का आरोप पत्र दिया है। परसी। पुरवा नारायण पुर ईधा निवासी शिव मूरत तिवारी ने अपने पत्र दिया जिस में कहा कि उस के भाई माधव राज तिवारी ने उस की आबादी को जमीन दो लाख रुपए में खरीदा था जिस का पैसा नहीं दे रहे है। गोड़री पुरवा निवासी खैराती लाल ने कहा कि उस की जमीन पर जबरन घूर लगा लिया है। कमला जोत बाबा पुरवा सरैया निवासी राम शब्द पत्र दिया जिस में कहा कि वह अपने जमीन पर पन्नी लगा कर रहता है। उस की पन्नी फट गई है जिस को बदलवाने लगा तो गांव के कुछ लोग मना कर रहे है। मूड़ा डीह गांव के निवासी राम बहादुर ने पत्र दिया जिस में कहा कि अपने मकान का निर्माण करा रहा था जिस को रोक रहे है। भीटी पटखौली निवासी प्रेमा देवी ने पत्र दिया जिस में कहा कि उस के खेत से जबरन रास्ता निकाल रहे है। पाठक पुरवा निवासी कमला प्रसाद पांडेय ने कहा कि जमीन बैनामा लिया था जिस में आपत्ति लगा दिया गया है। सिसई अंदू पुर निवासी भान प्रकाश ने बताया कि उस के खेत को जाने का रास्ता नहीं है। भगहर बुलंद गांव के निवासी सत्य देव ने कहा कि तीन बिस्वा जमीन बैनामा लिया था। जिस को कब्जा नहीं दे रहे है। नगर कोतवाली में समाधान दिवस पर तीन शिकायती पत्र जमीन से संबंधित आया था जिस का निस्तारण के लिए राजस्व विभाग को लिखा गया है।

## खबरें एक नजर में

### लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। दिनांक 10/11.06.2026 को थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत गोण्डा-लखनऊ मार्ग पर नरायनपुर मांझा के निकट एक अत्यंत दुःखद सड़क दुर्घटना की घटना प्रकाश में आयी थी। प्राप्त तहरीर के अनुसार प्रारम्भ में एक अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल सवार संजय कुमार तिवारी को टक्कर मार दी गई थी, जिसके उपरान्त स्थानीय लोग एवं राहगीर उनकी सहायता हेतु मौके पर एकत्रित हुए थे। इसी दौरान चार पहिया वाहन पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्ण ढंग से वाहन चलाते हुए मौके पर मौजूद व्यक्तियों को टक्कर मार दी गई, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कर्नलगंज भेजा गया। उपचार के दौरान गुलशन चौहान, संजय कुमार तिवारी, हसन मोहम्मद तथा मोहम्मद शाकिर उर्फ इम्तियाज को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल अंशुमान को उच्च चिकित्सा केन्द्र रेफर किया गया, जिनकी उपचार हेतु ले जाते समय मृत्यु हो गई। अन्य घायलों का उपचार कराया गया। जिसमें दिनांक 12.06.2026 को थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा घटना कारित करने के 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. मो. शोएब पुत्र मो. सगीर, निवासी मोहल्ला कस्बनगरा, कस्बा व थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा, 02. मो. आबिद पुत्र मो. सलीम, निवासी सदर बाजार, कस्बा व थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा को पावर हाउस के आगे नहर पुलिया, करनैलगंज-चौरी चौराहा हाईवे मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना को0 कर्नलगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

### तेज रफ्तार छोटा हाथी ने टेंपो को मारी टक्कर, चालक समेत महिला घायल



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के दरगाह थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुरा चौराहे के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित 'छोटा हाथी' वाहन ने एक टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक और उसमें सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां दोनों का उपचार जारी है।घायल टेंपो चालक की पहचान रामगांव थाना क्षेत्र के रानीपुर निवासी रामकेवाल यादव के रूप में हुई है। वहीं, टेंपो में सवार एक महिला भी हादसे की चपेट में आकर घायल हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने 'छोटा हाथी' वाहन के चालक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया तथा वाहन को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस घटना से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

### भिलोरा बासू में एक रात में तीन घरों में चोरी



बहराइच, समृद्धि न्यूज। फखरपुर थाना क्षेत्र के भिलोरा बासू गांव में चोरों ने शुक्रवार रात तीन घरों को निशाना बनाया। इन वारदातों में लाखों रुपए के सामान की चोरी हुई है।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त केवल कागजों तक सीमित है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। इन लगातार हो रही चोरियों ने फखरपुर पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### संतों व देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप, तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर संतों और देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हिंदू रक्षा दल के एक नेता की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। यह मामला एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के रविवार को जिले के मटेरा इलाके में प्रस्तावित कार्यक्रम से जुड़ा है। हिंदू संगठन इस कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं और इसे अनुमति न देने की मांग कर रहे हैं। इसी संदर्भ में, हनुमान गढ़ी के महंत दीपक दास ने सोशल मीडिया पर ओवैसी के जनपद आगमन पर प्रदर्शन करने की बात कही थी। महंत की इस पोस्ट पर यासीन मोहम्मद, रज्जब अली और फिरोज अंसारी नामक युवकों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं, जिससे हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिंदू रक्षा दल से जुड़े मनीष पांडे ने तीनों युवकों के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। आने वाले महे मोहर्रम की तैयारियों की कुछ आवश्यक मांगो को ले कर इमामिया ट्रस्ट के अध्यक्ष एमन रिज़वी की अगुवाई में एक छ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी बलरामपुर को संबोधित उपजिलाधिकारी उतरौला मनोज कुमार सरोज को सौंपा गया जिसमें मोहर्रम के जुलूस रूट मार्गों पर वाटर सप्लाई लाइन बिछाने के लिए कि गई खुदाई से जर्जर मार्गो नाली की मरम्मत कार्य करने की मांग की गई है जुलूस मार्गो पर लटक रहे विद्युत तारों को सही कराने की मांग के अलावा मोहर्रम में भंडारा आदि के लिए के लिए सिलेंडरों की मांग की गई मोहर्रम के दौरान साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था समेत कई मांगे की गई इस अवसर पर अनीसुल हसन एडवोकेट डॉ अलीनवाज अध्यक्ष मोहर्रम कमेटी सैय्यद नुसरत हुसैन हैदर अब्बास शव्वाल खजांची इमामिया ट्रस्ट मौजूद रहे उपजिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

## पंख नहीं, हौसले से उड़ान होती है : कर्नल राजगोपाल



गोंडा, समृद्धि न्यूज। 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वावधान में मनकापुर मे आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 160 के आठवें दिन डिप्टी कमांडेंट डोगरा रेजीमेंट सेंटर एंड स्काउट कर्नल राजगोपाल चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे द्य कैंप कमांडेंट ने कर्नल चक्रवर्ती का स्वागत किया और एनसीसी कैडेट ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके पश्चात कर्नल राजगोपाल ने कैंप एरिया का निरीक्षण किया और एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए केवल बाहरी संसाधनों या सुविधाओं की जरूरत नहीं होती, बल्कि असली ताकत इंसान के आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और हिम्मत में होती है। यह पंक्ति संदेश देती है कि जीवन में कठिनाइयों या सीमित साधनों के बावजूद, यदि इरादे मजबूत हों और उत्साह कायम रहे, तो असंभव भी संभव किया जा सकता है। बिना लक्ष्य के इंसान ढीला पड़ सकता है और आलस्य में समय गंवा सकता है। लक्ष्य निर्धारित होने पर इंसान अपने लक्ष्य तक पहुँचने तक चैन से नहीं बैठ पाता। यह बात कठिन परिश्रम, समर्पण और आत्मनियंत्रण की ओर प्रेरित करती है। सफलता के मार्ग में कई बार असफलताएं और निराशाएं भी आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति दृढ़ रहता है वह अंततः सफलता हासिल करता है। कर्नल राजगोपाल ने आत्म अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। बटालियन के कमान अधिकारी और कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर ने स्मृति चिन्ह लेकर करनाल राजगोपाल को सम्मानित किया। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर राजेश द्विवेदी, कैंप एडजुटेंट लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, लेफ्टिनेंट रमेश शुक्ला, लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडे, सीटीओ पूर्णेन्दु मणि त्रिपाठी और अभिषेक कुमार, पी आई स्टाफ और कैडेट्स उपस्थित रहे।

# ब्याज सहित 4 करोड़ 90, लाख 08,373 रुपये का घोटाला, मुकदमा दर्ज

**इंडियन बैंक प्रबंधक, अधिकारी सहित 69 लोगों पर घोटाले का आरोप**

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



अभी सहकारी बैंक में हुए घोटाले का पटाक्षेप हुआ नहीं और इंडियन बैंक का घोटाला भी सामने आ गया है न्यायालय के आदेश पर 23 सालों में इंडियन बैंक के प्रबंधक अधिकारी कर्मचारी सहित 69 लोगों पर तीन करोड़ 60 लाख 16 हजार रुपए का गबन करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्याम बहादुर श्रीवास्तव सचिव इण्डियन बैंक इम्पलाइज क्रेडिट को-आपरेटिव सोसायटी लिमिटेड निवासी पटेलनगर थाना कोतवाली नगर ने न्यायालय में एक वाद दायर किया जिसमें कहा कि 69 लोग 23 वर्षों में बैंक में प्रबंधक से लेकर अधिकारी के पदों पर रहते हुए करोड़ों रुपए का गबन किया।

धोखाधड़ी का मुकदमा थाना कोतवाली नगर में दर्ज कराया गया है। तहरीर में कहा है कि सभी आरोपी इलाहाबाद बैंक प्रधान शाखा कार्यालयं गोण्डा मे वर्ष 1997 से वर्ष 2020 विभिन्न पदों पर रहते हुए काम किया है। इलाहाबाद बैंक का भारत सरकार के द्वारा वर्तमान में विलय इण्डियन बैंक में हो गया है।

अपने पद का दुरुपयोग करते हुये सम्पूर्ण धनराशि 3, तीन करोड़ 60, लाख 16,000 हजार रूपये का हेराफेरी करके गबन किया गया। गबन धनराशि की वापसी अपने अपने हिस्से की ब्याज समेत जमा करने के लिये लिखित अनुबन्ध सोसायटी मे प्रस्तुत किया गया, परन्तु उक्त अनुबन्ध का सभी आरोपियों ने टाल मटोल करते हुये उलंघन किया। 22 दिसंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक जिलाधिकारी एवं मुख्यमंत्री को बीते एक जनवरी को शिकायत किया था। इस के बाद भी कोई कारवाही न होने पर न्यायालय में एक वाद दायर किया जिस में मुकदमा दर्ज करने का आदेश हो गया था। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराने की कारवाही की गई है। व्याज सहित 4 करोड़ 90, लाख 08,373 रुपये है।

# बैंक प्रबंधक समेत दो लोग रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सीबीआई ने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए घूस लेते पकड़ा**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




सीबीआई की ट्रैप टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ करते हुए शुक्रवार देर शाम को इंडियन बैंक की गुरघुट्टा शाखा के प्रबंधक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये बैंक शाखा नानपारा कोतवाली क्षेत्र के गुरघुट्टा में स्थित है। दोनों आरोपितों को शनिवार को लखनऊ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर एक किसान से बैंक मैनेजर ललित मोहन ने रिश्वत की मांग की थी। आरोप है कि बैंक शाखा प्रबंधक ललित मोहन और उनके निजी कर्मचारी मनोज ने किसान से पहले दस हजार रुपये की मांग की थी, बाद में पांच हजार रुपये में मामला तय हुआ। इधर, किसान की शिकायत पर सीबीआई की ट्रैप टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया।छापेमारी के दौरान सीबीआई टीम ने मौके से ही बैंक शाखा प्रबंधक ललित मोहन और उनके निजी कर्मी मनोज को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए टीम दोनों लखनऊ लेकर रवाना हो गई, जहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है।कार्रवाई के दौरान सुरक्षा कारणों को देखते हुए बैंक शाखा को अस्थायी रूप से अभी के लिए बंद कर दिया गया और अंदर-बाहर आवाजाही पर रोक लगा दी गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से बैंक कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।सीबीआई अब यह भी जांच कर रही है कि क्या इस मामले में और भी लोग तो शामिल नहीं हैं।

## बिना लाइसेंस चल रहा था मसाले का कारखाना

**खाद्य विभाग की छापेमारी में हुआ खुलासा, नमूने जांच को भेजे**

बहराइच, समृद्धि न्यूज। शहर में गुपचुप तरीके से संचालित हो रहे एक अवैध मसाला कारखाने का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने भंडाफोड़ किया है। बिना लाइसेंस चल रहे इस कारखाने पर एआरटीओ रोड स्थित परिसर में छापेमारी की गई, जहां भारी अव्यवस्थाएं पाई गईं। छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि यूनिट में हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और मिर्च पाउडर का निर्माण किया जा रहा था, जबकि इसके लिए आवश्यक लाइसेंस मौजूद नहीं था। बताया जा रहा है कि यह कारखाना पिछले करीब डेढ़ माह से अवैध रूप से संचालित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान मौके से 830 किलो हल्दी पाउडर, 400 किलो धनिया पाउडर, 93 किलो मिर्च पाउडर, 65 किलो रंग तथा 960 किलो धनिया भूसी बरामद की गई। विभागीय अधिकारियों ने सभी मसालों के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं, ताकि गुणवत्ता और मिलावट की पुष्टि की जा सके। जब्त सामग्री को हल्दी खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया है। वहीं, बिना लाइसेंस संचालित इस कारखाने को सीज कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य सचिव ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रोपित किया पौध

बहराइच समृद्धि न्यूज।



**भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामवासियों व वन्य जीव मित्रों से किया संवाद**

प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश वी. हेकाली झिमोमी नें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश अनुराधा वेमुरी के साथ शुक्रवार शाम बहराइच वन प्रभाग के बहराइच रेन्ज में स्थित कटहा ग्राम समाज भूमि प्लांटेशन साइट वर्ष 2024-25 का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुंदरेशा से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के अनुसार ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान के तहत पौध का रोपण भी किया। प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामवासियों तथा बहराइच वन प्रभाग के वन्य जीव मित्रों से संवाद करते हुए वन्य जीवों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सजगता व सतर्कता बनाये रखें। आमजन को सुझाव दिया कि जिला प्रशासन, वन विभाग तथ वन्य जीव विशेषज्ञों द्वारा दिये जा रहे सुझावों पर अमल करें। प्रमुख सचिव ने वन्य जीव मित्रों को टी-शर्ट व कैप वितरित कर उत्साहवर्द्धन किया।

## रामनरेश नानपारा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष निर्वाचित



बहराइच, समृद्धि न्यूज। नानपारा तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए शुक्रवार को चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए। रामनरेश पाण्डेय अध्यक्ष और बंश गोपाल जायसवाल महासचिव चुने गए। कुल 245 मतदाताओं में से 242 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जो एक नया रिकॉर्ड है। शेष 18 पद पहले ही निर्विरोध घोषित हो चुके थे। अध्यक्ष पद पर रामनरेश पाण्डेय ने 138 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी दीप कुमार वर्मा (92 मत) को 46 वोटों से हराया। महासचिव पद पर बंश गोपाल जायसवाल 108 मतों के साथ विजयी रहे, उन्होंने जैगम हुसैन (71 मत) को 37 वोटों से पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नंद लाल जायसवाल ने 174 मत प्राप्त कर परशुराम मिश्रा (67 मत) को 107 वोटों के बड़े अंतर से हराया। कोषाध्यक्ष पद पर राहत अली ने 128 मतों के साथ घनश्याम वर्मा (110 मत) को 18 वोटों से पराजित किया। नीलेश कुमार श्रीवास्तव संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर निर्विरोध चुने गए। चुनाव में कुल 245 में से 242 वकीलों ने मतदान किया, जो लगभग 99 प्रतिशत मतदान दर्शाता है। यह अधिवक्ताओं की एकजुटता को प्रदर्शित करता है। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव कार्यकारिणी अध्यक्ष रामादल वर्मा, राम विनोद सिंह, रूप नारायण जायसवाल, सुरेश चंद्र गुप्ता और जगदीश गुप्ता ने मतदान प्रक्रिया का संचालन किया। इस दौरान कोतवाली पुलिस भी मुस्तैद रही। जीत के बाद विजेता प्रत्याशियों के समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। इस दौरान नारे लगाए गए और मिठाइयां बांटी गईं। नई कार्यकारिणी अब वकीलों की समस्याओं को हल करने और तहसील में अधिवक्ता हितों की रक्षा के लिए कार्य करेगी।

# सांसद ने रामनगर सेमरा में लोगों को किया सम्मानित

**प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर किया जनसंपर्क अभियान**

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रामनगर सेमरा क्षेत्र का भ्रमण किया और विभिन्न लोगों को सम्मानित किया। सांसद गोंड ने क्षेत्र के सम्मानित पूर्व शिक्षकों, पूर्व डॉक्टरों और अन्य प्रबुद्ध नागरिकों से मुलाकात की। उन्होंने इन सभी को अंगवस्त्र और पार्टी की पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम बेलवा भारी चौराहा स्थित नरेंद्र विद्यालय, बदरवा बाबा मंदिर और नवाबगंज में डॉ. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के आवास सहित कई अन्य स्थानों पर आयोजित किया गया। इस जनसंपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह, मंडल महामंत्री पिंटू गुप्ता, रिंकू सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य बेचेलाल जायसवाल, रामचंद्र चौधरी, जितेंद्र कुमार, स्वामी दयाल, नंदकिशोर वर्मा और संजय गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोहर्रम को लेकर जरवल चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

कैसरगंज-बहराइच समृद्धि न्यूज।



**कोई भी व्यक्ति 10 फीट से अधिक ऊंची ताजिया न रखे : डी के श्रीवास्तव**

आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जरवल चौकी परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कैसरगंज के उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने की। बैठक के दौरान एसडीएम अखिलेश सिंह ने सभी समुदायों से मोहर्रम का त्योहार शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने त्योहार के मद्देनजर साफ-सफाई और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में मौजूद कैसरगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) डी. के. श्रीवास्तव ने सुरक्षा व्यवस्था और जुलूस के मार्गों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना से बचने के लिए कोई भी व्यक्ति 10 फीट से अधिक ऊंची ताजिया न रखे। नियमों का पालन करने से जुलूस शांतिपूर्वक और बिना किसी बाधा के संपन्न हो सकेगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में कानून व्यवस्था और जनसुविधाओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई। मौके पर जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष सिंह, जरवल चौकी इंचार्ज राकेश पांडेय और उपनिरीक्षक आदित्य कुमार सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए जरवल व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जाफर मेंहदी,कमाल अहमद, कारी शकील, ओमान खान, इब्नेहसन, मजीद, संजीव बाल्मीकि,अशरफ सहित क्षेत्र के कई संभ्रांत और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

# कर्मा डीह में 6 जून से अंधेरा, 25 घरों की बिजली बाधित

उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



उतरौला क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटेरिया कर्मा डीह में 6 जून से विद्युत पोल गिर जाने के कारण करीब 25 घरों की बिजली आपूर्ति ठप है। एक सप्ताह से बिजली न मिलने से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गर्मी के मौसम में पेयजल, पंखे और अन्य दैनिक कार्यों के लिए लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि गिरे हुए पोल से जाने वाली लाइन कर्मा मंदिर तक विद्युत आपूर्ति करती है। पोल गिरने के बाद से मंदिर परिसर में भी अंधेरा बना हुआ है। धार्मिक आयोजन और श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पोल गिरने की सूचना कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। विभागीय उदासीनता से नाराज लोगों का कहना है कि यदि जल्द नया पोल लगाकर आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बिजली कटौती से मोहम्मद उमर, सुखदेव, जैनुल्लाह, अब्दुल्लाह, करम मोहम्मद, करम हुसैन, रामसूरज, विजय पाल, विष्णु, श्रीराम, मनीराम, अनिल कुमार मौर्य, राजमणि, कल्लू मौर्य, गुलशरण मौर्य, राम भगेलू, अजोरे मौर्य, अधारे मौर्य, फेरू, मनोहर, शेट्टी राम, राम आशीष और मुबारक सहित करीब 25 परिवार प्रभावित हैं।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर अविलंब नया पोल स्थापित कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# मानसून से पूर्व बलरामपुर में युद्ध स्तर पर नाला सफाई अभियान शुरू

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।



**जलभराव से मुक्ति दिलाना प्राथमिकता : डॉ. धीरेन्द्र**

आगामी मानसून के आगमन को देखते हुए बलरामपुर शहर को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने कमर कस ली है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के कड़े निर्देशन में पूरे नगर के समस्त वार्डों और प्रमुख मार्गों पर एक व्यापक नाला एवं नाली सफाई अभियान युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है।

अभियान की प्रगति और रूपरेखा की जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैंस ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान होने वाले जलभराव, गंदगी और इससे पनपने वाली संभावित बीमारियों से नगरवासियों को सुरक्षित रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छता को प्रशासन ने सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा है,जिसके तहत बिना किसी बाधा के निरंतर कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका की सफाई टीमें आधुनिक उपकरणों और अतिरिक्त सफाईकर्मियों के साथ शहर के मुख्य नालों और तंग गलियों की नालियों की सिल्ट (कीचड़) निकालने में जुटी हुई हैं। उन संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहाँ हर साल मामूली बारिश में भी पानी लग जाता है। नालों से निकाली जा रही गंदगी को सड़कों पर छोड़ने के बजाय तुरंत डंपिंग ग्राउंड भेजने के निर्देश दिए गए हैं ताकि राहगीरों को परेशानी न हो। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैंस ने नगर पालिका की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा- एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बलरामपुर का निर्माण ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए हमारी पूरी टीम धरातल पर उतरकर पूरी निष्ठा से काम कर रही है। मानसून से पहले शहर की जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाएगा ताकि नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की है कि वे नालों और नालियों में प्लास्टिक, पॉलिथीन या अन्य कचरा न फेंकें, जिससे पानी का बहाव बाधित होता है। शहर को साफ-सुथरा रखने में सभी का सहयोग अत्यंत अनिवार्य है।

मोदी सरकार के 12 वर्ष

# युवा शक्ति की सामर्थ्य को नई दिशा देने वाले वर्ष : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसकी 'युवा शक्ति' है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में युवाओं को अवसर, कौशल, नवाचार और नेतृत्व से जोड़ते हुए उन्हें विकसित भारत की यात्रा का 'प्रमुख भागीदार' बनाया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान के तहत आज भारत में 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप नवाचार और रोजगार के नए केंद्र बन चुके हैं।

नई शिक्षा नीति, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा रोजगार मेलों जैसी पहलों ने युवाओं को कौशल, स्वरोजगार और रोजगार के 'नए अवसर' प्रदान किए हैं। वहीं, खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त किया है। यही मोदी सरकार के 12 वर्षों की पहचान है, जहां युवा केवल रोजगार तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार और अवसरों का सृजन करने वाले बन रहे हैं। 'नवाचार से रोजगार' और 'कौशल से करियर' तक, युवा शक्ति आज विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। 12 साल - विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के हैं।

### अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग व स्वच्छता से गूंजेगा प्रदेश

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी के साथ सामूहिक योग के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जनपदों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक योग सत्र, एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय समुदाय, स्कूली छात्र–छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों, युवा समूहों, शिक्षण संस्थानों तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवरों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 'सरोवर संवाद' का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणों को वीबी– जी राम जी योजना के प्रावधानों एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ एवं गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर राज्य मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

# पीएम मोदी पसमांदा समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा : दानिश अंसारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ प्रेस क्लब में पसमांदा मुस्लिम चिंतन कार्यक्रम का आयोजन। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी हुए शामिल। कार्यक्रम में प्रदेश भर के मुस्लिम पसमांदा समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शोधकर्ताओं एवं एक्टिविस्टों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पसमांदा समाज के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। उपस्थित वक्ताओं ने समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए ठोस पहल किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाज से जुड़े लोगों ने मौजूदा समय में आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चिंता जताते हुए बड़े बदलाव की मांग की।

राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पसमांदा समाज लगातार तरक्की कर रहा है। पीएम मोदी लगातार सब का साथ सबका विकास की बात कर रहे हैं। पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सभी धर्म जाति को साथ लेकर चलने की बात कही। और यह चीज जमीन पर लागू हुई मुसलमान बच्चों की तरक्की के लिए एक हाथ में कुरान और एक में लैपटॉप दिया। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। पसमांदा समाज की तरक्की और भागीदारी को सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता के माध्यम से पिछड़े पसमांदा समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग लड़कियों को राजस्थान ले जाकर शादी करवाकर अच्छा पैसा कमाने वाले दंपति गिरफ्तार




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज थाना पुलिस ने ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नाबालिग बालिकाओं को बहला–फुसलाकर राजस्थान में ले जाकर शादी करवाकर अच्छा पैसा कमाते हैं। गिरोह में शामिल दंपति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले एक बाल आपचारी समेत छह अभियुक्त पकड़े गए थे। थाना प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गनियार ग्राम की रहने वाली कमलेशा ने तहरीर दी थी। इसमें बताया कि उनकी नाबालिग नातिन को उनके रिश्तेदार बाल अपचारी ने अपने साथी प्रिया पटेल के साथ मिलकर बहला फुसलाकर अज्ञात स्थान पर ले गया है। मामला दर्ज कर पुलिस की चार टीम तलाश कर रही थी। पुलिस ने एक बाल आपचारी समेत छह अभियुक्तों को पकड़ा था। लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया गया था। वहीं गिरोह में शामिल अभियुक्तगण भूपेन्द्र व सोनम की गिरफ्तारी शेष थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपित राजस्थान निवासी भूपेंद्र और सोनम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पति–पत्नी है और पुलिस को काफी दिनों से उनकी तलाश थी। अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ऐसी लड़कियों को चिन्हित करते है, जो गरीब और जिनके मां–बाप नहीं होते है। उन्हें ले जाकर राजस्थान में शादी कराकर अच्छा पैसा कमाते हैं। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### लखनऊ में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह नकली नोट बाजार में चलाकर अपना जीवन यापन करता था। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानन्द मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान कानपुर देहात के ग्राम दरगवां निवासी सुमित यादव उर्फ मोनू के रूप में हुई, जो ट्रांसपोर्ट का काम करता था। कुछ दिनों से वह अपने साथियों के साथ मिलकर नकली नोट तैयार कर मार्केट में असली नोट से बदल कर चलाता था। उसे से अपना और परिवार का जीवन यापन करता था। शुक्रवार देर रात पुलिस वांछित अपराधी की तलाश में भिठौली तिराहे पर में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि जाली नोटों से संबन्धित जिस अभियुक्त की तलाश पुलिस को है, वह इस समय आईआईएम तिराहे के पास दुबग्गा की ओर जाने वाली रोड पर खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पुलिस ने उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पूछताछ में उसके बारे में जब पुलिस को पता चला तभी से उसकी तलाश की जा रही थी। अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उसके खिलाफ पहले भी अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

### सुशांत गोल्फसिटी में जन्नत बार के बाहर हवाई फायरिंग बाउंसरों से विवाद के बाद आरोपी फरार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पॉश इलाके सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में जन्नत बार एंड रेस्टोरेंट के बाहर हवाई फायरिंग की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। शुक्रवारध्शनिवार की रात करीब 12.26 बजे मिलेनियम सिटी के निकट यह वारदात हुई। पुलिस के मुताबिक, सौरभ सिंह चौहान (निवासी सुशांडी, थाना मोहनलालगंज) अपने साथियों सुधांशु यादव, अमन यादव (दोनों निवासी काशिमखेड़ा, थाना बिजनौर) और विनायक यादव (निवासी मीरानपुर पिनवट, थाना सरोजनीनगर) के साथ दो कारों से जन्मदिन पार्टी मनाने बार पहुंचा था। बार में कंसोल पर चढ़कर डांस करने का प्रयास करने पर बाउंसरों ने रोका, जिसे लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर बाउंसरों ने उन्हें बाहर जाने को कहा। बाहर निकलते समय सौरभ सिंह चौहान ने अपनी काली स्कॉर्पियो से असलहा निकालकर हवाई फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गया। आसपास गश्त पर तैनात पॉलीगान कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई की और तीन साथियों को हिरासत में ले लिया। फायरिंग में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ बाउंसरों को मामूली चोटें आई हैं। थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी सौरभ सिंह चौहान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं। पूछताछ में तीनों साथियों से घटना की विस्तृत जानकारी ली जा रही है।

### तेज रफ्तार डंपर ने महिला को कुचला, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बुजुर्ग महिला की इस हादसे में मौत हो गई। महिला की पहचान 65 वर्षीय शिवनाथा के रुप में हुई है। डंपर चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यह घटना शनिवार शाम करीब 3.45 बजे कानपुर रोड पर रमाडा होटल के सामने जुनाबगंज चौराहा पार करते समय हुई। शिवनाथा अपने बेटे राजेश के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। वे बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती अपनी नातिन को देखकर आ रही थीं। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवनाथा बाइक से नीचे गिर गईं और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। चालक मौके से फरार हो गया। मृतका शिवनाथा उन्नाव जिले के असोहा थाना अंतर्गत शाहाबाद ग्रांट, बड़ा लाल खेड़ा की निवासी थीं। उनके पति का निधन करीब 15 वर्ष पहले हो चुका था। उनके परिवार में तीन बेटे राजेश, बुधकरन और रामकरन हैं।

# पंचायती राज विभाग ने पांच वर्षों में रचा विकास का नया इतिहास

- उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग ने पिछले पांच वर्षों में ग्रामीण विकास, डिजिटल सुशासन, स्वच्छता व आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां की हासिल
- विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई इबारत लिखने का लक्ष्य किया निर्धारित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग ने पिछले पांच वर्षों में ग्रामीण विकास, डिजिटल सुशासन, स्वच्छता और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभाग की उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रस्तुत किए गए विवरण में ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए किए गए कार्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के अनुसार बीते वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय स्थापित किए गए हैं तथा 24,311 पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया। पंचायत सचिवालयों में फर्नीचर, कंप्यूटर, इंटरनेट और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डिजिटल सेवाओं के विस्तार के तहत 54,958 कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से 49.38 लाख से अधिक सेवाएं ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गईं। इससे पंचायतों की आय और पारदर्शिता दोनों में वृद्धि हुई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने सामुदायिक शौचालय निर्माण में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। राज्य में हजारों गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्रे-वाटर मैनेजमेंट और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल के माध्यम से पंचायतों की आय में भी वृद्धि हुई है। विभाग ने पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के क्षमता विकास पर भी विशेष जोर दिया है। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाखों जनप्रतिनिधियों और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है, जबकि डिजिटल लाइब्रेरी, पंचायत गेटवे पोर्टल और परिवार रजिस्टर के डिजिटलीकरण जैसे नवाचार ग्रामीण प्रशासन को आधुनिक स्वरूप प्रदान कर रहे हैं।

आगामी वर्षों के लिए विभाग ने मेरा तालाब-मेरी जिम्मेदारी, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, डिजिटल लाइब्रेरी विस्तार, पंचायत उत्सव भवन और मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई इबारत लिखने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# हल्की बारिश बनी आफत, जलभराव से मुख्य मार्ग डूबा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



निगोहां क्षेत्र के रामपुर गांव में हल्की बारिश के बाद मुख्य मार्ग पर गंभीर जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गांव का मुख्य रास्ता पानी में डूब गया, जिससे राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क किनारे पानी निकासी के लिए बिछाई गई पाइपलाइन लंबे समय से चोक पड़ी है। इस वजह से बारिश का पानी बाहर नहीं निकल पाता और पूरे मार्ग पर जमा हो जाता है। स्थिति इतनी खराब है कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यह समस्या हर साल बरसात शुरू होते ही सामने आती है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। जलभराव के कारण न केवल आवागमन में बाधा आ रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से तत्काल चोक पड़ी पाइपलाइन की सफाई कराने और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सकेगी।

# चौकी से चंद कदमों की दूरी का मैदान बन रहा अवैध कार्यों का अड्डा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- सुबह से लेकर रात तक लगता है अराजक तत्वों का जमावड़ा, शांति व्यवस्था होती है भंग, मेयर भी कर चुकी हैं निरीक्षण

गुडम्बा इलाके की टेढ़ी पुलिया चौकी से चंद क़दमों की दूरी पर एमडी पैलेस के पीछे बसी अवैध झोपड़पट्टियों के बीच अवैध कार्यों का बोलबाला लगातार पनपता नज़र आता है। अभी हाल ही में उक्त स्थान पर हुई मारपीट के बाद एक महिला ने अवैध गांजे की बिक्री उजागर की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही तो की परन्तु असल गुनहगार फ़िर रह गए।

सूत्रीय जानकारी के अनुसार विवादित मैदान में झोपड़पट्टियों के बीच दो से तीन लोगों में अवैध गांजा बेचने का कंपटीशन चल रहा है जो कि बड़ी समझदारी के साथ फोन पर कस्टमरों से संपर्क कर टहल टहल कर अवैध गांजा बेच युवा पीढ़ी को नशे की आगोश में ढकेल रहे हैं, इसी चौकी क्षेत्र में एक जगह नहीं कई स्थानों पर लगातार अवैध गांजे की बिक्री जोरों से चल रही है स्थानीय पुलिस ने एक तस्कर को अभी हाल ही में 600 ग्राम से अधिक मात्रा में अवैध गांजे संग जेल भी भेजा था परन्तु फ़िर भी असल मुजरिम पुलिस की पकड़ से दूर।

इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि शाम को 4 बजते ही उक्त मैदान में जुए की फड़ भी सज जाती है जिस में इलाके के तमाम जुआरी ताश के पत्तों में हार जीत की बाज़ी लगाते हैं और देर रात तक वहीं शराब की बोतलें खुलती हैं फ़िर होती है आए दिन लड़ाई, शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग। पुलिस के लिए यह एक संगीन मामला है जो मैदान अपराध और विवाद की जड़ बनता जा रहा है अगर वहां होने वाले अवैध कार्यों पर शिकंजा कस दिया जाए तो शायद कुछ हद तक अपराध पर लगाम लग जाए। यही वह मैदान और अवैध झोपड़पट्टियां हैं जहां बीते दिनों लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने निरीक्षण कर झोपड़पट्टियां हटवाने की बात कही थी किन्तु मामला फ़िर जस का तस रह गया और उक्त स्थान पर अवैध कार्यों का धंधा फलता फूलता जा रहा है आए दिन कोई ना कोई विवाद उत्पन्न हो जाता है जिस से स्थानीय लोगों में भी काफ़ी आक्रोश देखने को मिलता है इन सब अवैध कार्यों और उक्त मैदान को अय्याशी का अड्डा बनाने में कौन कौन शामिल है, अगर पुलिस असल आरोपियों तक पहुंच उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर दे तो शायद स्थानीय लोगों को भी कुछ राहत मिल जाए और आए दिन होने वाले विवादों में कमी आ जाए।

# हाई रिस्क गांवों में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगवाएं : सीएमओ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के लिहाज से प्रदेश में सबसे ज्यादा उच्च जोखिम वाले गांव रखने वाले चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को अगले 18 दिन अतिगंभीर होकर काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर समस्त गांवों को कवर किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने शनिवार को यह निर्देश प्रदेश में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान दिए।

समीक्षा में पाया गया कि आजमगढ़, जौनपुर, बस्ती व सिद्धार्थनगर में उच्च जोखिम वाले गांवों का कवरेज 36 प्रतिशत के आसपास हुआ है। इसके अलावा देवरिया व कुशीनगर में भी औसत से कम कवरेज हुआ है। अभियान में केवल 18 दिन शेष हैं। इन जिलों में आयुष्मान आरोग्य शिविर व अन्य गतिविधियां बढ़ाई जाएं, ताकि 100 दिनों के अभियान के पूरा होने पर शत-प्रतिशत गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमें पहुंचकर ग्रामीणों की जांच कर सकें।

अपर मुख्य सचिव ने टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) और डिफ्रेंशिएटेड टीबी केयर बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के तकरीबन एक हजार टीबी विजेताओं व फ्रंटलाइन वर्कर के साथ भी संवाद किया। समीक्षा के दौरान राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. ऋषि कुमार सक्सेना ने 100 दिवसीय टीबी अभियान की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों को उच्च जोखिम गांवों की संख्या के हिसाब से चार श्रेणी में विभाजित किया गया है।

100 से कम हाईरिस्क गांव वाले पांच जिले हैं। 100 से 300 हाईरिस्क वाले 32 जिले हैं। 300 से 600 हाईरिस्क वाले 30 जिले हैं और 600 से अधिक हाईरिस्क वाले प्रदेश में आठ जिले हैं। इन आठ जिलों में प्रयागराज, गोरखपुर व बिजनौर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में कुल 26,722 हाईरिस्क गांव हैं। इनमें से 17741 गांव में आरोग्य शिविर लगाए जा चुके हैं।

समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. एचडी अग्रवाल व समस्त जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) मौजूद थे।

# यूनिवो एजुकेशन ने नितिन गोलानी को सौंपी सीईओ की जिम्मेदारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत की अग्रणी ऑनलाइन उच्च शिक्षा कंपनियों में से एक यूनिवो एजुकेशन ने आज नितिन गोलानी को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। श्री गोलानी लगातार शिक्षार्थियों के परिणामों, विश्वविद्यालय साझेदारियों और बड़े पैमाने पर सीखने के डिजिटल अनुभवों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए यूनिवो के विकास के अगले कदम का नेतृत्व करेंगे, और तेजी से बदलते ऑनलाइन उच्च शिक्षा इकोसिस्टम में कंपनी की स्थिति को और मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे।

अपने नए कार्यभार के बारे में टिप्पणी करते हुए, यूनिवो एजुकेशन के सीईओ, नितिन गोलानी ने कहा, उच्च शिक्षा प्रौद्योगिकी, सुलभता और युवाओं की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप बदलाव के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है। यूनिवो ने अपने शिक्षार्थी- सर्वप्रथम' दृष्टिकोण, विश्वविद्यालयों के साथ गहरी साझेदारियों और बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता से उच्च शिक्षा की एक मजबूत नींव तैयार की है। मैं अपनी टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूँ, ताकि हम अपनी पेशकशों को और शक्तिशाली बना सकें, उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच को बढ़ा सकें और शिक्षार्थियों तथा संस्थानों के लिए भविष्य के अनुकूल अनुभव हासिल कर सकें। इस नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, कंपनी प्रवक्ता ने कहा, नितिन के पास रणनीतिक नेतृत्व, परिचालन विशेषज्ञता और शिक्षा तथा डिजिटल व्यवसायों का अपार शक्तिशाली अनुभव है। संगठनों को बड़े पैमाने पर विकसित करने और उपभोक्ता-केंद्रित व्यवसाय बनाने का उनका पिछला रिकॉर्ड उन्हें यूनिवो के विकास और नवाचार के अगले चरण का नेतृत्व करने के पैमाने पर पूरी तरह योग्य अनुभव करता है।

### लुलु हाइपरमार्केट में आम महोत्सव का भव्य शुभारंभ



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लुलु हाइपरमार्केट में आम प्रेमियों के लिए आयोजित आम महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। इस विशेष आयोजन में ग्राहकों के लिए 40 से अधिक किस्मों के उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले आम उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें अल्फांसो, दशहरी, तोतापुरी, बंगनपल्ली, लंगड़ा, चौसा, केसर, नीलम, मालदा तथा अन्य लोकप्रिय किस्में शामिल हैं। आम महोत्सव का उद्घाटन डॉ. दामोदरन थुक्करम, निदेशक, निदेशक : आईसीएआर : सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर द्वारा किया गया।

**समस्या** — गो संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता, योगी सरकार का विजन : छोटी लागत में बड़ी बचत कर सकेंगे ग्रामीण

# उत्तर प्रदेश में गांवों के एक लाख घरों में लगेंगे मिनी बायोगैस प्लांट

- 25 से 50 हजार रुपये में घरों में लग सकेंगे संयंत्र, गो सेवा आयोग ने तैयार की योजना
- सीएम योगी के नेतृत्व में गो सेवा से समृद्धि की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अब गो सेवा को ग्रामीण समृद्धि और स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। प्रदेश में गांवों के एक लाख से अधिक घरों में मिनी बायोगैस प्लांट स्थापित करने की योजना तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य गो संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण परिवारों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और उनकी घरेलू बचत बढ़ाना है।

योगी सरकार का विजन है कि ग्रामीण परिवार कम लागत में अपने घरों पर ही मिनी बायोगैस संयंत्र लगाकर रसोई गैस के खर्च में बड़ी कमी ला सकें। गो सेवा आयोग की इस योजना के अनुसार 25 हजार से 50 हजार रुपये की लागत में मिनी बायोगैस प्लांट स्थापित किए जा सकेंगे। इससे गोबर और अन्य जैविक अपशिष्ट का उपयोग कर स्वच्छ ईंधन तो तैयार होगा ही साथ में किसानों को जैविक खाद भी बड़े पैमाने पर प्राप्त होगी। इसके साथ ग्रामीणों को रसायनमुक्त भोजन मिलेगा।

गो संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। स्वच्छ ऊर्जा, ग्रामीण आत्मनिर्भरता और गो पालन को एक साथ जोड़ने वाली इस पहल से गांवों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### घरेलू खर्च में होगी बचत

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योजना के लागू होने पर रसोईघरों में एलपीजी की खपत में भी कमी आएगी, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय बचत होगी। उन्होंने बताया कि मिनी बायोगैस प्लांट के माध्यम से किसान बायोगैस तैयार करेंगे और उससे निकलने वाली स्लरी का उपयोग जैविक खाद के रूप में कर सकेंगे। इससे खेती की लागत घटेगी और अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा होंगे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति

इस योजना के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार कम खर्च में अपने घरों पर संयंत्र स्थापित कर सकेंगे। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ–साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूत करेगी। साथ ही गो संरक्षण को आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर गो पालकों के लिए आय के नए स्रोत भी विकसित होंगे। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल से उत्तर प्रदेश में 'गो सेवा से समृद्धि' का नया मॉडल विकसित हो रहा है, जहां गो संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता एक साथ आगे बढ़ेंगे।

# त्रिशा वर्मा को 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा त्रिशा वर्मा को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट, द्वारा 64,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. की एक और छात्रा ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर विश्व की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। त्रिशा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि त्रिशा ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। खास बात यह है कि त्रिशा को अमेरिका, इंग्लैण्ड एवं कनाडा के कई अन्य प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों द्वारा भी स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है, जिनमें अमेरिका की न्यूयार्क यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ नार्थ कैरोलीना, यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलीफोर्निया (डेविस), नार्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी, एमोरी यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ कैलीफोर्निया (सैन डियागो) के साथ ही इंग्लैण्ड के किंग्स कालेज लंदन एवं कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो एवं यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलम्बिया शामिल है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

## खबरें एक नजर में

### समाज को सत्य का आईना दिखाती हैं अग्निवेश की रचनाएं: एडीएम रजनीश मिश्र



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** प्रख्यात कवि अग्निवेश शुक्ल के जन्मदिन पर स्थानीय प्रेस क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी रजनीश मिश्र ने कहा कि अग्निवेश शुक्ल ओजस्वी कवि थे। उन्होंने अपनी कविताओं से पूरे देश के कवि मंचों पर जनपद को पहचान दिलाई। उनका साहित्य अन्याय के खिलाफ समाज को न केवल दिशा देता है बल्कि विसंगतियों के खिलाफ समाज को आईना भी दिखाता है। वह आज इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन उनकी रचनाएं जुल्म के खिलाफ खड़े होने की ताकत देती हैं। श्री मिश्र ने उनकी गजलों के कुछ शेर भी सुनाए। इसके साथ ही उन्होंने अपनी भी गजलें सुनाई। वरिष्ठ कवि कृष्णधार मिश्र, अनिल दीक्षित, सुशील दीक्षित विचित्र, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, भाजपा नेता विपुल त्रिवेदी, राजीव सिंह, आदि ने श्री शुक्ल से जुड़े तमाम संस्मरण सुना कर अग्निवेश की रचना धरमिता पर चर्चा की। कहा उनका साहित्य समाज में खुद्दारी के साथ जीने का रास्ता दिखाता है। संयोजक श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष कुलदीप दीपक ने अग्निवेश शुक्ल को काव्यांजलि पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि चंदशेखर दीक्षित ने श्री शुक्ल पर कविता सुनाई। डा. सुरेश मिश्र के संचालन में हुए कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पार्षद जगदीश कुशवाहा, विकास ऋतुराज इंदु अजनबी, ओंकार मनीषी, अजय अवस्थी, सुनील अग्निहोत्री, ओंकार मनीषी, मो.इरफान, आदि मौजूद रहे। इससे पहले कवियों ने कवि तिराहा स्थित श्री अग्निवेश शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाद में एडीएम श्री मिश्र ने श्री शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण किया। अन्य लोगों ने चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अंत में श्री शुक्ल के पुत्र आयुष शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### शिव मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ जलाभिषेक



**कांट, शाहजहांपुर।** जलालाबाद मार्ग पर रमापुर मोड़ के पास नवनिर्मित शिव मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अधिक मास की त्रयोदशी पर भगवान शिव का अभिषेक किया गया। जिसमें पंडित शिवांश कृष्ण ने पहले वेदी पूजन करवाकर वैदिक मंत्रों से रुद्राभिषेक कराया। यजमान शरद शुक्ला ने पत्नी तनु के साथ अभिषेक के उपरांत हवन किया। तदुपरांत कन्याभोज कराकर दान दक्षिणा दी गई। व्यवस्था में शिवराम दुबे, देवांश, रुद्रांश, मानवी आदि का सहयोग रहा।

### पत्रकार से कस्बा इंचार्ज ने की अभद्रता, आक्रोश

#### आए दिन विवादों में रहने वाले कस्बा इंचार्ज पर गाली-गलौज का आरोप

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद में तैनात कस्बा इंचार्ज सुधीर तोमर एक बार फिर अपनी कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर विवादों के घेरे में हैं। अपनी कथित हठधर्मिता और तानाशाही रवैये को लेकर क्षेत्र में आए दिन चर्चा का विषय रहने वाले कस्बा इंचार्ज पर इस बार लोकतंत्र के चैथे स्तंभ पर सीधा प्रहार करने का आरोप लगा है। मामला एक स्थानीय पत्रकार के साथ सरेआम अभद्रता और गाली-गलौज करने का है, जिससे स्थानीय मीडिया कर्मियों सहित प्रबुद्ध वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक पीड़ित व्यक्ति की न्यायसंगत मदद और उसकी लिखित शिकायत पुलिस तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थानीय पत्रकार थाना परिसर पहुंचे थे। आरोप है कि पीड़ित का पक्ष रखने और नियम संगत कार्रवाई की बात कहने पर कस्बा इंचार्ज सुधीर तोमर अचानक आगबबूला हो गए। उन्होंने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघते हुए पत्रकार के साथ तीखी बहस शुरू कर दी और देखते ही देखते अभद्र भाषा व गाली-गलौज पर उतारू हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वर्दी के रसूख में चूर उपनिरीक्षक ने पत्रकार को सरेआम अपमानित किया।

### मिर्जापुर में पहली बारिश में ही सफाई व्यवस्था की पोल खुली



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** कस्बे में पहली बारिश में ही ग्राम पंचायत की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। बारिश में महीनों से चोक नालियों की गंदगी उफनाकर दुकानों और घरों में भर गई। प्रधान प्रतिनिधि की कोठी को जाने वाले सीसी रोड तालाब बन जाने आवागमन बंद हो गया। कस्बे में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर मोहम्मदपुर गुलड़िया को जाने वाले रोड से लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की कोठी को जाने वाले सीसी रोड के बीच के हिस्से में छोटे सक्सेना की किराना दुकान,मनमोहन की कोल्डड्रिंक,शैलेन्द्र पाण्डेय की बंद पड़ी कैमिकल,विरजीत सिंह की सब्जी,करुणेश पाण्डेय का जनसेवाध्बैंकिंग सेवा केंद्र,शिवमन्दिर,गुड्डू इलेक्ट्रॉनिक आदि की दुकानें हाइवे के किनारे बने चोक नाले की गंदगी से उफनाकर भर गई। जिससे दुकानदारों का हजारों रुपए का कीमती सामान पानी और कीचड़ में डूबकर खराब हो गया। यहां बता दें कि मिर्जापुर ब्लॉक स्तरीय ग्राम पंचायत की आबादी लगभग 20 हजार और क्षेत्रफल लगभग पांच किलोमीटर से कम नहीं है। इस ग्राम पंचायत में 12 मजरे आते हैं।

इन 12 मजरों की सफाई के लिए दो मात्र सफाईकर्मी तैनात हैं। इन दो सफाईकर्मियों को ग्राम पंचायत के एक दर्जन सरकारी स्कूलों के अलावा रसूखदारों के निजी प्रतिष्ठानों और मकानों की भी सफाई करने की जिम्मेदारी है। जिससे आम नागरिकों को गंदगी के बीच रहना मजबूरी हो गई है। नागरिकों ने जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह से ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मिर्जापुर में कम से कम पांच सफाईकर्मी तैनात किए जाने तथा ग्राम प्रधान को हाइवे के किनारे बने नाले की तली झाड़ सफाई करवाए जाने के लिए निर्देशित किए जाने की मांग की है। जिससे आने वाले बरसात के मौसम में बारिश के पानी के निकास की व्यवस्था हो सके।

# हाइवे किनारे खड़े बाइक सवार युवक की वैगनआर की टक्कर से मौके पर मौत

- आक्रोशित भीड़ ने किया हाइवे जाम, एसडीएम व सीओ ने भीड़ को समझाकर कराया यातायात सुचारू
- एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे के निर्देश पर महिला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज








**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।** बहन को बस में बैठाने के बाद हाईवे किनारे बाइक के सहारे खड़े युवक की तेज रफ्तार कार की भीषण टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई । हादसे से आक्रोशित भीड़ ने हाइवे पर जाम लगा दिया । सूचना पर पहुंचे एसडीएम जीत सिंह राय व सीओ इशिका सिंह ने पीड़ित परिजनों को बमुश्किल समझा बुझाकर यातायात सुचारू कराया । उधर रिपोर्ट दर्ज न होने तक ग्रामीण कोतवाली में डटे रहे । उन्होंने कार सवार महिला को मौके से लाने वाले दरोगा व कांस्टेबिल के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग की। शनिवार सुबह करीब नौ बजे हाइवे स्थित भक्सी तिराहे पर वहन को बस पर छोड़ने आए गांव रुजवारी निवासी अजीत पांडेय का 19 वर्षीय पुत्र अंशुल पांडेय अपनी बहन डॉली पांडे को शाहजहांपुर जाने वाली बस पर बाइक से छोड़ने आया था । इसी दौरान सड़क किनारे बाइक के सहारे खड़े अंशुल 20 को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए । घायल अंशुल को आनन फानन में सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । इस खबर के पहुंचते की घर में कोहराम मच गया । उधर मौके पर अचानक पहुंचे दरोगा जेपी सिंह ने महिला कार चालक से घटना की जानकारी ली । इस दौरान बढ़ती आक्रोशित भीड़ से अनिष्ट की आशंका के चलते दरोगा ने महिला को मौके से तत्काल कोतवाली पहुंचाया। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण व स्थानीय लोगों ने हाइवे जाम कर दिया । सूचना पाकर पुलिस बल के साथ सीओ इशिका सिंह व एसडीएम जीत सिंह राय भी मौके पर पहुंच गए । और त्वरित निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन देते हुए बमुश्किल भीड़ को शांत कराया । तदोपरांत करीब पौने घंटे के बाद यातायात सुचारू हो सका। उधर मृतक के पिता अजीत समेत तमाम परिजन व ग्रामीण सीएचसी पहुंचे । जहां शव को सील किए जाने के दौरान कार चालक महिला तथा उसे ले जाने वाले दरोगा पर आरोपों की बौछार करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए न भेजने पर अड़ गए । यहां से आक्रोषित परिजन कोतवाली पहुंचे । इस दौरान यहां पहुंची एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे व सीओ इशिका सिंह ने उनके दुख को समझते हुए रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बाबत तहरीर देने को कहा । भीड़ को देखते हुए कटरा थाना प्रभारी अवधेश कुमार व पुलिस बल को कोतवाली बुला लिया गया। एसपी ग्रामीण के निर्देश पर कार चालक के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज किया गया। इस दौरान कार चालक को महिला डेस्क केबिन में बैठाए रखा गया।

सीओ इशिका सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की ओर से बैगन आर संख्या यूपी 25 सी क्यू 1585 की महिला चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## नाबालिग को भगाने और पास्को एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और पास्को एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को ग्राम धारा के पास फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 29 मई 2026 को कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को मोहित, लखन प्रसाद, पवन और नीरज बहला-फुसलाकर भगा ले गए। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। जिसके बाद पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मामले में बीएनएस की अन्य धाराओं के साथ पास्को एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जनपद लखीमपुर खीरी के थाना भीरा की अमित कॉलोनी निवासी आरोपी मोहित पुत्र लक्ष्मण उर्फ लखन प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार और कांस्टेबल शिवराज शामिल रहे।

## रक्तदान कर समाज में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें: डा. मुनीश चंद्रा

- कर्मयज्ञ संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर, 16 लोगों ने किया रक्तदान



**समृद्धि न्यूज़, रोजा-शाहजहांपुर।** रोजा में चंद्रा नर्सिंग होम में शनिवार को सामाजिक संस्था 'कर्मयज्ञ' द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संस्था के अभिषेक अग्रवाल के माता पिता की शादी की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ. मुनीश चंद्रा एवं डॉ. आशा रानी ने फीता काटकर किया। शिविर में 16 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत रक्तदाताओं को सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. मुनीश चंद्रा ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में शाहजहांपुर के 18 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

- स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए शाहजहांपुर टीम रवाना

समृद्धि न्यूज़



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश स्टेट आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 13 व 4 जून 2026 को माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शाहजहांपुर आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से 18 खिलाड़ियों की टीम प्रतिभाग कर रही है। टीम का नेतृत्व एसोसिएशन के सचिव एड. डॉ. पुनीत मनीषी एवं कोच मोहित तिवारी के निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव एड. डॉ. पुनीत मनीषी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आर्म रेसलिंग युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का विकास करने वाला खेल है। शाहजहांपुर के खिलाड़ी हर खेल में लगातार प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस प्रतियोगिता में भी हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पदक हासिल करेंगे तथा शाहजहांपुर को गौरवान्वित करेंगे। चैंपियनशिप में शाहजहांपुर टीम की ओर से मनराज सिंह, युवराज, अंशदीप, प्रिस सहगल, अभिनव सिंह, नबील, मोहम्मद इबाद, सोनू, ठाकुर अनिकेत सिंह, लक्की सिंह चैहान, मोहम्मद साहिल, हिरदेश, अनूप कुमार, विराट चतुर्वेदी, अमन कुमार सहित अन्य खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की है।

## हरनाई प्रकरण: सपा के नेता पहुंचे गांव, पीड़ितों का जाना हालचाल

- हाफ एनकाउंटर और लाठीचार्ज घटना पर की कार्रवाई की मांग
- भाजपा सरकार पर जमकर बसरे पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद

समृद्धि न्यूज़





**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव हरनाई में कथित फर्जी एनकाउंटर और ग्रामीणों पर हुए लाठीचार्ज का मामला लगातार राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खान और वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने गांव पहुंचकर पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात की तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। जयेश प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह इस प्रकरण से सपा प्रमुख को अवगत कराएंगे और प्रमुख सचिव गृह से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

शनिवार को तनवीर खान सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हरनहाई पहुंचे और पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं, बुजुर्गों और निर्दोष ग्रामीणों पर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि यदि कथित फर्जी एनकाउंटर और लाठीचार्ज के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक बड़ा आंदोलन करेगी। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सरकार के दावों पर भी सवाल उठाए। वहीं पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने भी गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीणों पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया गया तथा एक व्यक्ति को गोली मारकर उसका फर्जी एनकाउंटर किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही शासन और उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

## श्रद्धालुओं से भरी एक बस खाई में पलटी, 30 लोग घायल

- बहराईच से मनौना धाम जा रही थी बस
- 45 श्रद्धालु थे सवार



**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।** तिलहर-दातागंज स्टेट हाईवे पर शनिवार तड़के करीब 3 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में लगभग 30 श्रद्धालु घायल हो गए। बस बहराइच से आंवला स्थित प्रसिद्ध मनौना धाम जा रही थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग राहत कार्य में जुट गए। बस में करीब 40 से 45 श्रद्धालु सवार थे। करकौर गांव में तिराहा के पास सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में चालक ने बस को मोड़ा, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते बस सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। 108 एंबुलेंस के ईएमटी रवि नंदन और स्वास्थ्यकर्मियों ने कई घायलों का प्राथमिक उपचार मौके पर ही किया। इसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने हादसे के लिए स्टेट हाईवे पर बने गहरे गड्ढों को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि सड़क पर लगातार पानी बहने के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है और वहां बड़ा गड्ढा बन गया है। आशंका है कि चालक गड्ढे से बचने की कोशिश में बस पर नियंत्रण खो बैठा। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को उपचार उपलब्ध कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद श्रद्धालुओं को दूसरी बस से मनौना धाम के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है, जबकि ग्रामीणों ने सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है।

## जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने हस्ताक्षर अभियान के तहत किया जागरूक



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे ग्रेट निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान के तहत नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया। जिला महिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं पुवायां विधानसभा की संभावित प्रत्याशी अर्चना कटारिया के नेतृत्व में ग्रेट निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान के तहत पर्यावरण बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। कांग्रेस कार्यकर्ता नगर के राजीव चैक तथा गांव धारा पहुंचे जहां अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों के हस्ताक्षर जुटाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्चना कटारिया ने बताया कि राहुल गांधी के आह्वान पर प्रदेशभर में 8 से 15 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप देश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है।

## रंजिशन अधेड़ व्यक्ति को आधा दर्जन लोगों ने पीटकर किया मरणासन्न

- हत्या का प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में पिता पुत्रों समेत छह के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।**



जानवर चराने के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति को पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन लोगों ने पीट पीट का मरना सन्न कर दिया । डायल 112 ने मौके पर पहुंचकर घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीरावस्था में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । उधर घायल के बेटे अर्जुन ने गोली मारने का आरोप लगाते हुए पिता व तीन पुत्र समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला निजामगंज में करीब ढाई दशक पूर्व जलालाबाद क्षेत्र के गांव भुढ़िया व निगोही के गांव मोरतला से आकर बसे सगे ममेरे फुफेरे भाइयों में कई सालों से बच्चों की मारपीट से रंजिश बढ़ती चली गई। नेकपाल पुत्र जंजाली 45 शुक्रवार को जानवर चराने बंधा रोड पर सेंटमेरी स्कूल से आगे गए थे । अपरान्ह करीब साढ़े चार बजे करीब आधा दर्जन लोगों ने नेकपाल पर जान लेवा हमला कर दिया । लाठी डंडों से पीट पीट कर मरणासन्न किए जाने की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची । इस दौरान नेकपाल के बेटा अर्जुन भी मौके पर पहुंच गया । 112 पुलिस घायल को अपनी गाड़ी से तत्काल सीएचसी ले गई । सूचना मिलते ही प्रभारी कोतवाल सुनील कुमार यादव , एसआई देवेश कुमार पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे । और स्थिति का जायजा लिया । डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर नेकपाल को गंभीरावस्था जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल के बेटे अर्जुन ने रमनपाल व उनके बेटे राम गोपाल, कृष्ण गोपाल व शिव गोपाल के अलावा अवधेश , राम मिलन उर्फ राम बरन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। अर्जुन का आरोप है कि पिता के पैर में गोली भी मारी गई है।

## खबरें एक नजर में

### विषाक्त खाने से युवक की हालत बिगड़ी
#### सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को जहरीला पदार्थ खाने के बाद पुलिस ने सीएचसी में कराया। शनिवार को नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी संतराम के पुत्र सूरज ने जहरीला पदार्थ खा लिया । जिससे उसकी हालत बिगड़ गई । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। युवक की बिगड़ी हालत को देखकर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

### नाहिल में सिर कटा गोवंश का मिला शव, मचा हड़कंप



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव नाहिल में शनिवार सुबह उस समय हड़कप मच गया। जब गांव में स्थित एक धार्मिक स्थल से कुछ दूरी पर एक गोवंश का सिर कटा शव पड़ा देखा गया। गोवंश का धड़ मौके पर पड़ा था और उसका सिर गायब था। जिसकी सूचना गांव में रहने वाले कार्यकर्ता अनूप राठौर ने हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र को दी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस और संगठन के जिला संरक्षक आनंद पांडे को घटना से अवगत कराया। जिस पर आनंद पांडे पुवायां नगर अध्यक्ष भारत राठौर, ब्लाक प्रभारी यश दीक्षित, अजय कुमार आदि तमाम कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। संगठन के कार्यकर्ताओं ने घटना पर नाराजगी जताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस ने गोवंश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के आरोप में फरार चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फर्जीवाड़े में इस्तेमाल किए गए दो आधार कार्ड, एक पैन कार्ड और एक क्रेडिट कार्ड भी बरामद किए हैं। बीती 22 मई 2026 को एक पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी रुआबशेर उर्फ राहुल (निवासी शमशाबाद, फर्रुखाबाद) के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसने युवती को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने फर्जी निकाहनामा (कोर्ट मैरिज) तैयार कराने के लिए अपने आधार कार्ड में उम्र भी बदलवा दी थी और विरोध करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी थी। घ्मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के तहत, शनिवार सुबह करीब 8.10 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को मिर्जापुर क्षेत्र के जरियनपुर तिराहा के पास से दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

### गुल्लक पर डाला हाथ, भीड़ ने दबोचा जेबकतरा

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** टेंपो चालक अपनी गाड़ी के पास ही खड़ा था। इसी दौरान घात लगाकर बैठे आरोपी ने मौका पाकर गाड़ी की गुल्लक में हाथ साफ कर दिया। जैसे ही चालक को नकदी गायब होने की भनक लगी, उसने शोर मचा दिया। चालक की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर तुरंत हरकत में आ गए। घ्भाग रहे आरोपी को सजग नागरिकों ने कुछ ही दूरी पर चारों तरफ से घेरकर पकड़ लिया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है और उसके पुराने आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। व्यस्त बाजार में हुई इस घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, स्थानीय लोगों ने गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### विकास कुमार बने एआरटीओ प्रशासन मेरठ



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर एआरटीओ आफिस में आरआई पद पर विकास कुमार यादव को एआरटीओ प्रशासन मेरठ बनाया गया है। विकास कुमार का प्रमोशन करते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

# महंगाई देखते हुए शिक्षामित्रों का मानदेय अब भी कम

**▸ यूपी प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न**

समृद्धि न्यूज़




**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक संघ के जिलाध्यक्ष रामपूत पाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष मिथलेश यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामपूत पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार रुपए किया है। पिछले 9 वर्षों से शिक्षामित्र के मानदेय में एक पैसे की भी वृद्धि नहीं हुई थी। शिक्षामित्र का मानदेय बढ़ने से शिक्षामित्रों में उत्साह है लेकिन शिक्षामित्र अभी पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। महगाई को देखते हुए मानदेय अब भी कम है साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया भी रुकी हुई है। जिसे सरकार की जल्द से जल्द चालू करना चाहिए। जिला संरक्षक डॉ रत्नाकर दीक्षित ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक ओर कैशलेश चिकित्सा दे रही है वहीं दूसरी ओर अभी तक शिक्षामित्रों को चिकित्सीय अवकाश अनुमन्य नहीं है। सरकार को शिक्षामित्रों के लिए चिकित्सा अवकाश अनुमन्य किया जाये और सेवाकाल को भी शिक्षकों की तरह 62 साल किया जाये। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव ने कहा कि किसी भी संगठन को बिना सदस्यता शुल्क के नहीं चलाया जा सकता है। इसलिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित सदस्यता शुल्क सभी शिक्षामित्रों को देना चाहिए।

साथ ही उन्होंने संगठन के पेच कसने के लिए जिला कार्यकारिणी को निर्देशित करते हुए सभी निष्क्रिय पदाधिकारियों को तत्काल पद से मुक्त करते हुए नए पदाधिकारियों का चयन एक माह में किया जाये। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षामित्रों को पूरी निष्ठा के साथ अपना कार्य करने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुबोध वर्मा ने शिक्षामित्रों को समय से मानदेय दिलाने के लिए जिला कार्यकारिणी से अनुरोध किया।

## ईओ सत्येंद्र प्रकाश को चेयरपर्सन समेत पालिका परिवार ने दी विदाई, चन्दौसी स्थानांतरण पर गए ईओ



समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ईओ सत्येंद्र प्रकाश का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर चेयरपर्सन हाजरा बेगम व पालिका परिवार के सदस्यों ने उन्हें उपहार भेंट व मालाएं पहनाकर कर भाव भीनी विदाई दी। बता दें कि ईओ सत्येंद्र प्रकाश का चन्दौसी नगर पालिका स्थानांतरण किया गया है। उन्होंने वहां पहुंच कर ज्वाइनिंग की । इसी क्रम में यहां पालिका में एक सादा समारोह में चेयरपर्सन हाजरा बेगम व नामित सभासद पूर्व स्वच्छता अंबेसडर सविता पटेल ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभासद सतेंद्र सिंह सुशील, सभासद अभिषेक सिंह , ठेकेदार संजीव गुप्ता , अनुज तोमर, सुनील शर्मा, आरआई सुशांत कुमार, जेई निर्माण पीयूष मिश्रा, सफाई निरीक्षक राजीव कुमार , प्रधान लिपिक अय्यूब हुसैन, संपत्ति लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, जेई जलकल नितिन गुप्ता , जुबैर अहमद अंसारी, शाजिल अली खान, अरविंद कुमार, सुमित कुमार, कमलेश कुमार, सीमा गुप्ता , विनय शुक्ला , दीपक कुमार, जीशान , उवैश समेत पालिका परिवार के तमाम सदस्यों ने उपहार भेंट किए । इस मौके पर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने कहा कि उन्हें पालिका परिवार से जो स्नेह मिला है उसे वह कभी भुला नहीं पाएंगे । इसके बाद वह गंतव्य को रवाना हो गए।

## फरियादियों से संवाद स्थापित कर समस्याएं निस्तारित करें: एसडीएम



**▸ एसडीएम सदर-सीओ सिटी ने कोतवाली में की जनसुनवाई**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसडीएम सदर संजय कुमार पाण्डेय व सीओ सिटी पंकज पंत द्वारा चैक कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की गई। इस दौरान आमजन द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विशेष रूप से भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरणों में समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीएम ने कहा कि फरियादियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखी जाए। उक्त अवसर पर पुलिस, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

## श्रीकाकुस्त्थ समिति ने सिलाई दिवस पर किया कारीगरों को सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शनिवार को सिलाई दिवस के उपलक्ष में श्रीकाकुस्त्थ जन कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष विक्रांत बखिया व समस्त पदाधिकारियों ने बी. के. गारमेंट्स बीबी हड़प्पा का तालाब पर समाज के सिलाई कारीगरों को माला पहना कर स्वागत किया और मीठाई खिलाई और कुछ पदाधिकारी को श्रीकाकुस्त्थ महाराज जी का चित्र भेंट किया। इस मौके पर राम कुमार बखिया, प्रदीप कुमार सक्सेना, भगवान दास सक्सेना, चंद्रेश सक्सेना, संजीव कुमार सक्सेना, धर्मेंद्र कुमार सक्सेना डीके, विनोद कुमार सक्सेना, राजेश बाबू सक्सेना, विजेंद्र सक्सेना, सुरेंद्र सक्सेना, जिलाध्यक्ष विक्रांत बखिया, विनोद कुमार सक्सेना, चंद्र प्रकाश सक्सेना, प्रदीप सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

## जिस पर एपीओ की कृपा होगी, उसका पुराना पेमेंट होगा: कटरा विधायक

**▸ सांसद की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिशा बैठक संपन्न**




**शाहजहांपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा बैठक सांसद अरूण कुमार सागर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में की गई। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को मनरेगा जीराम जी योजना के पुराने भुगतान, गांव की टूटी सड़को, स्वयं सहायता समूह, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की शिकायतों की झडी लगा दी। बैठक में कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने कुछ अधिकारियों पर जमकर नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमओ से कहा परौर पीएचसी मे डाक्टर नहीं है सीएमओ बोले डाक्टर नहीं है,हम नहीं दे पाएगे। फिर विधायक का पारा चढ़ गया बोले! शहर में तो सब कुछ है, अगर ग्रामीण क्षेत्रों में हार्ट अटैक पडता है तो क्या होगा। आप घर के ड्राइंग रूम में नहीं बैठे हैं, आपका यह बयान बेहूदा है। जिस पर काफी गहमागहमी विधायक कटरा व सीएमओ के बीच हुई। डीएम ने सीएमओ को मामले को गंभीरता से लेते हुए डाक्टरों की तैनाती को कहा। विधायक कटरा बोले प्रधानों का कार्यकाल समाप्त की ओर है, अब यह बताओ पुराना भुगतान कब होगा। विधायक बोले जिस पर एपीओ की कृपा होती है, उसका पुराना पैमेंट मनरेगा जीरामजी का होगा।एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता ने डीसी मनरेगा से पूछा मनरेगा के नाम बदलने पर क्या क्या बदलाव आएगा और कैसे लोगों को लाभ मिलेगा। जिस पर डीसी मनरेगा ने कहा कि मनरेगा की दो अक्टूबर से 31 दिसंबर तक कार्ययोजना हमारी बन चुकी है। जिस पर कार्य किया जा रहा है। जो भी आनलाइन पैमेंट के लिए डिमांड की जा चुकी है, उस सबका पैमेंट करवा दिया जाएगा। विधायक बोले जल्द से जल्द प्रधानों का मनरेगा का पुराना पेमेंट भुगतान करवा दीजिए, प्रधान को मुंह छिपाकर निकलना पड़ता है। बैठक अध्यक्षता कर रहे, सांसद अरुण सागर ने पूछा कि मनरेगा जीरामजी में कितने लोगों को रोजगार मिला जनपद में, स्वयं सहायता समूहों की आय कैसे बढेगी।

### खुटार में कूड़ा कलेक्शन की स्थिति में सुधार का मुद्दा उठा

खुटार क्षेत्र में कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ब्लॉक स्तर पर उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 3,62,874 लाभार्थी लाभान्वित हैं। मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। एसडीओ टेलीकॉम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में नेटवर्क एवं इंटरनेट संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। एलडीएम से ऋण वितरण एवं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रगति संबंधी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

### स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की बात सांसद ने उठाई

बैठक में स्वयं सहायता समूहों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 668 स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें से 63 समूह ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। सांसद ने स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। किसानों की फॉर्मर आईडी एवं फॉर्मर रजिस्ट्री पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है तथा किसान जन सेवा केंद्रों के माध्यम से आसानी से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सांसद द्वारा अधिक से अधिक किसानों की फॉर्मर आईडी एवं रजिस्ट्री सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। रबी फसल से संबंधित फसल बीमा दावों का भुगतान पूर्ण किया जा चुका है तथा खरीफ फसल के बीमा दावों के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद की ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। सांसद ने निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में जहां कहीं भी सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है, वहां आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार

समृद्धि न्यूज

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार देखी जा रही है छोटी-छोटी दुकानों या किराए के कमरों में क्लीनिक खोलकर गले में आला डालकर बैठे यह कथित डॉक्टर भोले भाले मरीजों से इलाज के नाम पर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास के न तो डिग्री है और ना ही किसी डॉक्टर का चिकित्सा विभाग में रजिस्ट्रेशन है और न ही इलाज का अनुभव फिर भी बेखौफ होकर क्लीनिक चला रहे हैं बुखार खांसी पेट दर्द से लेकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज करने का दावा करते हुए मरीजों को मनमानी दवा दी जा रही है कई बार गलत इंजेक्शन या दवा देने से मरीजों की हालत बिगड़ने की घटनाएं भी सामने आती रहती है कहीं स्थानों पर मेडिकल स्टोर के साथ ही डॉक्टर बनकर इलाज का काम भी धड़ल्ले से किया जा रहा है नगर के मुख्य चैराहे से लेकर ग्राम पंचायत जलालपुर, चिरचिरा, नौगामा, मुख्य चैराहा खुदागंज से लेकर ग्राम पंचायत कमलापुर तक निगोही मार्ग से लेकर ग्राम पंचायत मझिला तक, एवं निगोही मार्ग से लेकर ग्राम भुडी तक क्षेत्र में चारों तरफ झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़ जाल फैला हुआ है।

चिकित्सा प्रभारी फैजान खान के अनुसार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।

## स्थानांतरण-समायोजन के लिए आवेदन निर्धारित तिथि तक भेजे

**समृद्धि न्यूज़ शाहजहांपुर।** डीआईओएस हरिवंश कुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के स्थानान्तरण एवं समायोजन नीति 2017 के अन्तर्गत स्थानान्तरण सत्र 2026-27 में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा आनलाइन ईमेल के माध्यम से स्थानान्तरण एवं समायोजन के लिए विकल्प, आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक की डेडिकेटेट ईमेल आईडी कपर्वीोरींदचनत /हउंपस.बवउ पर निर्धारित तिथि तक भेजे जाएगे। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय समय सारणी जारी की गई है, जिसमें 18 जून को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आनलाइन आवेदन पत्र डेडिकेटेट ईमेल पर शिक्षक-शिक्षिका द्वारा भरा जाएगा। 25 जून को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जाना एवं परीक्षणोपरान्त स्थानान्तरण, समायोजन की संस्तुति व अनुमोदन सहित अर्ह शिक्षक-शिक्षिका के आवेदन पत्र के साथ शिक्षक व शिक्षिका की सूची गुणांक सहित शिक्षा निदेशक माध्यमिक की डेडिकेटेट ईमेल पर प्रेषित किये जाएगे।

### मंत्री की प्रेसवार्ता आज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप आज रविवार को एक प्रेसवार्ता करेगेओ। जोकि दोपहर 12.15 बजे गन्ना शोध परिषद में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों से संबंधित प्रेस वार्ता की जाएगी।

**CHANGE OF NAME**

I, LAXMI SHANKAR DINNIMANI WIFE OF ARMY NO 2623937F RANK SEP NAME BALAPPA MUTNALE B PRESENTLY RESIDING AT VILL & PO - BELKUD, CHIKODI - TEH, BELAGAVI - DIST, KARNATAKA - STATE, PIN - 591222. HAVE CHANGED MY NAME FROM LAXMI SHANKAR DINNIMANI TO LAXMI BALAPPA MUTNALE AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE.

**CHANGE OF NAME**

I, No 2612669H Rank Hav Name Thatharao Korada is hereby state that my son name as per my service records held with Army is KORADA PREMASAI which is incorrect and was wrongly endorsed in my service records. The correct name of my son is KORADA PREMA SAI instead of KORADA PREMASAI. The both name KORADA PREMASAI and KORADA PREMA SAI pertain to one and the same person and same is mentioned as per Aadhar card, birth cert and School Mark updated in affidavit declaration date.

**अदालती सूचना**
**ता. पेशी 15.06.2026 न्यायालय उपजिलाधिकारी तिलहर-शाहजहांपुर**
**मु. नं. 20251261031 9729 सन 2025 (अन्तर्गत धारा 116 रा. सं.) बाबूराम आदि बनाम जागन आदि**

बनाम 1- जागन पुत्र लाखन 2- कमला पत्नी रामपूत 3- कु. कोमल नाबालिगान संरक्षिका सगी माता (कमला) पुत्री रामपूत 4-कु. सीमा ना. वा. पुत्री रामपूत संरक्षिका सगी माता कमला 5-कु. सोनम ना. वा.पुत्री रामपूत संरक्षिका सगी माता कमला 6- राम जीत 7- बृजेश 8- पिन्टू पुत्रगण शिब्बू 9- रामदेवी पत्नी शिब्बू सर्वनिवासीगण ग्राम लोहरगवां पर. खेड़ाबझेड़ा तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर 10- कु. निर्मला पुत्री शिब्बू पत्नी अनिल निवासी ग्राम सुंदरपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं 11- राम औतार 12-रामदास 13-गोविंद 14-वालकिशन 15- अर्जुन पुत्रगण रामसेवक 16- गुड्डी पत्नी रामसेवक 17- भाईलाल 18- सिपाही लाल 19- सूरज पुत्रगण रामलाल 20- राम प्यारी पत्नी रामलाल 21- हीरालाल पुत्र प्रेमराज 22-सचिन 23-प्रदीप 24- विपिन 25- मंजू पुत्रगण लाल बहादुर 26- रीना पुत्री लाल बहादुर 27- रामवती पत्नी लालबहादुर 28- हीरा लाल पुत्र प्रेमराज 29- गिरजावती पत्नी राधेलाल 30- दीपक 31-दलीप पुत्रगण राधेलाल 32- कमला देवी पत्नी रामाआसरे 33- कु. शिरता पुत्री रामासरे 34- मृगनन्दन 35-रजनीश पाठक 36- श्लोक पाठक 37- ओमप्रकाश पुत्र रामकुमार सर्वनिवासीगण ग्राम लोहरगवां पर. खेड़ाबझेड़ा तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर 38- ग्राम सभा लोहरगवां द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत लोहरगवा पर. खेड़ाबझेड़ा तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर....प्रतिवादीगण चूंकि मुसम्मी बाबूराम आदि ने आप के नाम एक मुकदमा वास्ते सरकारी बटवारा के दायर किया है लिहाजा आपको सूचित किया जाता है कि आप व तारीख 15.06.2026 असालतन या माफित किसी व मजलूक जो हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो हाजिर अदालत हो वरन आप के गैर हाजरी में मुकदमा इकतरफा फैसल होगा। आज ता. 12.06.2026 को मेरी दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार श्रीमान उपजिलाधिकारी तिलहर जिला शाहजहांपुर।**

## विधायक ने जलालाबाद- ढाईघाट हाइवे पर रपटा पुलिया पर रेलिंग लगवाई

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** शनिवार को जलालाबाद-ढाईघाट, शमशाबाद,बिधूना स्टेट हाइवे पर मिर्जापुर क्षेत्र के ग्राम धीयरपुरा गुटेटी उत्तर के निकट बिना रेलिंग के बनी रपटा पुलिया (डिप) पर लगभग पांच लाख की लागत से 110 मीटर लम्बी और पांच फिट ऊंची रेलिंग लगाने का कार्य क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने शुरू करवा दिया है। रेलिंग लगाने का कार्य दस दिन में पूरा हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के जेई ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बिना रेलिंग की रपटा पुलिया पर गंगा की बाढ़ के दौरान प्रतिवर्ष राहगीरों के साथ डूबने के हादसे हो जाते थे। क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा के प्रस्ताव पर इस रपटा पुलिया पर 110 मीटर लम्बी और पांच फिट ऊंची रेलिंग लगाने का कार्य स्वीकृत हुआ था। जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने प्रतीकात्मक रूप से रेलिंग खड़ी करके किया है। उन्होंने बताया लगभग पांच लाख की लागत से लगने वाली इस रेलिंग को दस दिन में लगवा दिया जाएगा। यहां यह बताना जरूरी है कि पिछले कई वर्षो से गंगा में आ रही बाढ़ में इस बिना रेलिंग वाली रपटा पुलिया पर तेजी से बाढ़ का पानी उतरता था। बाढ़ के पानी के तेज बहाव में इस रपटा पुलिया (डिप) पर प्रतिवर्ष किसी न किसी राहगीर के बहकर डूब जाने की घटनाएं हो चुकीं हैं। जिससे यह हत्यारिन डिप पर रेलिंग लगाए जाने की मांग काफी दिनों से चल रही थी।

## निरंकुशता के निशाने

खाड़ी में ईरान की नाकेबंदी की कवायद के दौरान अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों का मारा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको लेकर देश में गम व गुस्सा व्याप्त है। यूं तो कहा जाता रहा है कि भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है और क्वॉड जैसे संगठनों में भूमिका निभा रहा है, तो फिर लगातार भारत के हितों पर कुठाराघात क्यों किया जा रहा है? भले ही अमेरिका ईरान की तेल निर्यात से होने वाली आय रोकने व युद्ध समाप्त करने हेतु समझौते के लिये दबाव बनाने हेतु ये आक्रामक नीति अपना रहा हो। लेकिन जिन देशों का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, उनके नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हाल में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को अमेरिकी सेना द्वारा निशाना बनाया गया है। इसमें से, ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर हुए हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्य मारे गये हैं। जिससे भारत व अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वैसे औपचारिक विरोध दर्ज करते हुए भारत ने दिल्ली में एक अमेरिकी राजनयिक को तलब भी किया है। इसके बावजूद भारत के खिलाफ लगातार नकारात्मक रवैया दर्शाने वाले अमेरिका के खिलाफ सख्त स्टैंड लेने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद कि भारत क्वॉड में अमेरिका का साझेदार है। विडंबना यह भी है कि जो सूत्रधार संगठन के जरिये समुद्री आवाजाही को स्वतंत्र बनाने की बात करता है, वही अमेरिका इसमें बाधक बना है। भले ही अमेरिका इन जहाजों के प्रतिबंधित होने की बात कहे, या जहाज भारतीय न हों, लेकिन उनमें चालक दल के सदस्य तो भारतीय थे। इसकी जानकारी स्वाभाविक रूप से अमेरिका के खुफिया तंत्र को जरूर रही होगी। अमेरिका को सार्वजनिक रूप से भारतीय नाविकों के मारे जाने पर खेद जताना चाहिए। निश्चय ही भारत के निकट के समुद्री क्षेत्र में अमेरिका का निरंकुश व्यवहार निंदनीय है। कूटनीतिज्ञ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत को इस मुद्दे को सख्ती से अमेरिका के सामने उठाना चाहिए था। तमाम भारतीयों को इस मामले में विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया उदार लगती है। सवाल पूछा जा रहा है कि यदि तीन अमेरिकी नागरिक मारे जाते तो क्या अमेरिका चुप बैठता? कहा जा रहा है कि भारत का कड़ा विरोध सामने न आने के कारण होर्मुज स्ट्रेट के पास पलाऊ के झंडे वाले टैंकर पर अमेरिकी हमले में तीन भारतीय के मारे जाने की घटना की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कम चर्चा हुई है। विडंबना है कि अमेरिकी सेना ने एक सप्ताह में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को निशाना बनाया। हालांकि, सोमवार को हुए हवाई हमले के बाद ओमानी अधिकारियों ने 24 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया था। दरअसल, ट्रंप प्रशासन की निरंकुशता के चलते ही अमेरिका रवैया वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। आखिर अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में कारोबारी जहाजों को निशाना बनाने का क्या औचित्य है? अमेरिका को यह अधिकार किसने दे दिया कि वह तटस्थ देशों के नागरिकों को निशाना बनाये? क्यों भारतीय नागरिक अमेरिका व ईरान के बीच जारी संघर्ष की कीमत चुकाएं? इस तरह का शक्ति प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सीधा उल्लंघन है तथा स्वतंत्र नौवहन के मार्ग में बाधक है। भारतीयों का गुस्सा तब कम हो जाता यदि अमेरिका मरने वाले नाविकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर देता। सही मायने में अमेरिका भारत को अपने कारोबारी हितों के साधन के रूप में तो इस्तेमाल करना चाहता है, लेकिन भारतीय आत्मसम्मान व संप्रभुता का मान नहीं रखता। भारत को बदलती अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप ही अपनी कूटनीति का निर्धारण करना चाहिए। हमें दुनिया को बताना चाहिए कि भारत एक उभरता बाजार ही नहीं है, बल्कि सबसे बड़ी आबादी वाला दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। दुनिया को संदेश जाना चाहिए कि हम अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमाओं में अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम हैं। अब चाहे सामने अमेरिका हो या चीन जैसे कोई अन्य देश। भले ही अंतर्राष्ट्रीय सीमा में कई जहाज भारत के स्वामित्व वाले न हों, लेकिन चालक दलों में शामिल भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हर कीमत पर की जानी चाहिए।

# रोता हुआ ग्रेट निकोबार और मुस्कुराता हुआ अहम्!



मनोज यादव

**यह आदिम पवित्रता, अछूते वर्षावनों, धरती के सबसे प्राचीन इंसानों और बेजुबान जीवों का एक ऐसा जीता-जागता स्वर्ग है, जिसकी रग-रग में प्रकृति की धड़कनें साफ सुनी जा सकती हैं। लेकिन आज विकास की अंधी और बेपरवाह दौड़ में इस अनमोल आंचल को कंक्रीट के मरुस्थल में बदलने की एक बेहद खौफनाक तैयारी चल रही है..**



हिंद महासागर की अंतहीन, उथली नीली लहरों के बीच डूबा और उतराता हुआ ग्रेट निकोबार द्वीप महज़ भारत के नक्शे का कोई आखिरी सुदूर बिंदु या जमीनी टुकड़ा नहीं है। यह आदिम पवित्रता, अछूते वर्षावनों, धरती के सबसे प्राचीन इंसानों और बेजुबान जीवों का एक ऐसा जीता-जागता स्वर्ग है, जिसकी रग-रग में प्रकृति की धड़कनें साफ सुनी जा सकती हैं। लेकिन आज विकास की अंधी और बेपरवाह दौड़ में इस अनमोल आंचल को कंक्रीट के मरुस्थल में बदलने की एक बेहद खौफनाक तैयारी चल रही है। सरकार वहां लगभग इक्यासी हजार करोड़ रुपये की एक महा-परियोजना शुरू करने जा रही है, जिसके तहत घने जंगलों को काटकर एक आलीशान और चमचमाता हुआ आधुनिक शहर, एक विशाल व्यावसायिक बंदरगाह और एक बड़ा हवाई अड्डा बनाया जाएगा। राष्ट्र की सुरक्षा और हिंद महासागर में चीन के बढ़ते कदमों को रोकने के नाम पर बुने जा रहे इस विशालकाय सपने के पीछे विनाश की एक ऐसी डरावनी इबारत लिखी जा रही है, जो किसी भी संवेदनशील दिल को भीतर तक झकझोर कर रख देगी। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर कोई समझौता नहीं हो सकता, लेकिन सुरक्षा की आड़ में कॉर्पोरेट मुनाफे, आलीशान होटलों और कैसीनो के धंधे के लिए प्रकृति का कत्लेआम करना कहां की देशभक्ति है?

जब हम इस योजना के तहत काटे जाने वाले दस लाख के करीब सदियों पुराने पेड़ों की बात सुनते हैं, तो रूह कांप उठती है। पर्यावरणविदों का अनुमान है कि कटने वाले पेड़ों की संख्या एक करोड़ से अधिक हो सकती है। ये पेड़ सिर्फ लकड़ी के ढांचे नहीं हैं, ये सदियों के इतिहास, अनगिनत पंछियों के आशियाने और हमारी इस धरती के फेफड़े हैं। सरकार बहुत सहजता से दलील देती है कि वह इन जंगलों के बदले हरियाणा या मध्य प्रदेश के मैदानी इलाकों में नए पौधे रोप देगी, जिसे वे प्रतिपूरक वनीकरण कहते हैं। लेकिन सरकारी आकड़े और भी खतरनाक है जैसे राज्य सरकारें जो वृक्षारोपण करती है कितने प्रतिशत वो पेड़ बचते/उगते है, ऐसे सरकारी आकड़े सिर्फ लोकलुभावन ही होते है जिनका वास्तविकता से नाता नही होता है जैसे प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार और प्रत्येक नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये! 100 दिन में अच्छे दिन के मोह ने जनता ने बहुत कुछ गंवा दिया यहां तक कि अपनी आदिम प्रकृति और जंगल हवा पानी को भी धीरे धीरे गंवा रही है। कई बार पृथ्वी खुद को प्रकृति के साथ मिल प्राकृतिक तरीके से खुद मौन में लीन रहना चाहती है। ग्रेट निकोबार के वो जंगल जो पृथ्वी में जीवन की शुरूआत से बने हैं, इसी मौन में लीन रहने का पृथ्वी का एक शांत स्थान था। लेकिन धनपशुओं की यहां भी नज़र लग गई। क्या सदियों की तपस्या से उपजे, जैव-विविधता से लबरेज इन प्राचीन वर्षावनों का कर्ज उत्तर भारत के मैदानों में कतारों में खड़े किए गए कुछ लाख नए पौधे कभी चुका पाएंगे? यह तो वैसा ही है जैसे किसी मां से उसकी जीती-जागती संतान छीनकर उसे कागज के चंद बेजान पुतले सौंप दिए जाएं। जंगल जब कटते हैं, तो सिर्फ पेड़ नहीं गिरते, पूरी की पूरी एक जीवन-श्रृंखला मलबे में तब्दील हो जाती है।

इस बर्बादी की सबसे दर्दनाक मार उन बेजुबान जीवों पर पड़ने वाली है, जिन्होंने इंसानों की इस क्रूर लालच को कभी देखा ही नहीं था। इसी द्वीप का एक शांत कोना है गैलाथिया बे, जो दुनिया के सबसे विशाल और दुर्लभ लेदरबैक कछुओं का सदियों पुराना मायका है। वे हज़ारों मील का सफर तय करके हर साल यहां सिर्फ इसलिए आते हैं ताकि शांत रेत पर अपने अंडों को सुरक्षित छोड़ सकें और अपनी आने वाली नस्लों को जिंदगी दे सकें। जब वहां जहाजों की अंतहीन चीख-पुकार होगी, रात-दिन कंक्रीट मिक्सर की गड़गड़ाहट गूंजेगी और आसमान को चीरती हुई तेज कृत्रिम रोशनी चमकेगी, तो वे मासूम जीव रास्ता भटक जाएंगे। वे अपनी ही जन्मभूमि के तटों से बेदखल होकर समुद्र की गहराइयों में दम तोड़ देंगे। समुद्र के भीतर बिखरी रंग-बिरंगी मूंगा चट्टानों यानी कोरल रीफ को, जो समुद्र का बगीचा कहलाती हैं, मशीनों से उखाड़कर दूसरी जगह शिफ्ट करने की बातें कही जा रही हैं। यह वैज्ञानिकों की नजरों में एक क्रूर मज़ाक के सिवा कुछ नहीं है, क्योंकि कृत्रिम रूप से इन्हें दोबारा जिंदा करना लगभग असंभव है।

हम अपनी तथाकथित तरक्की की वेदी पर इन बेजुबान, बेकसूर जीवों की बलि चढ़ाने पर आमादा हैं।

इस त्रासदी का सबसे त्रासद और आंसू ला देने वाला पहलू उन इंसानों की अस्मिता से जुड़ा है, जो सदियों से इस जंगल को अपना भगवान मानते आए हैं। ग्रेट निकोबार शौम्पेन और निकोबारी जैसी बेहद प्राचीन और दुर्लभ जनजातियों की जननी है। विशेष रूप से शौम्पेन आदिवासी, जो बाहरी दुनिया की चकाचौंध और हमारे इस तथाकथित सभ्य समाज के प्रदूषण से कोसों दूर, जंगलों के एकांत में एक कंदमूल और पानी की बूंद-बूंद से रिश्ता जोड़कर जीते हैं। सरकार भले ही वादे करे कि वह उन्हें छुएगी भी नहीं, लेकिन जिस द्वीप की कुल आबादी आज मुट्ठी भर है, वहां अचानक एक नया कंक्रीट का शहर बसाकर बाहर से तीन लाख से ज्यादा प्रवासियों, पर्यटकों और मजदूरों की फौज खड़ी कर दी जाएगी, तो उन मासूमों का क्या होगा? वे अपनी ही ज़मीन पर परदेशी हो जाएंगे। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी बंद और शांत आदिवासी इलाके में बाहरी दुनिया का अनियंत्रित हमला हुआ है, वहां के मूल निवासी हमारी लाई हुई बीमारियों, मानसिक आघात और संसाधनों की लूट के कारण धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर पहुंच गए। क्या हम अपनी कारों की रफ्तार और गगनचुंबी इमारतों की ऊंचाई बढ़ाने के लिए इंसानों की एक पूरी नस्ल को हमेशा के लिए मिटा देने का कलंक अपने माथे पर लगाना चाहते हैं?

यही वह नाजुक मोड़ है जहां राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रनीति की जरूरत थी। विपक्ष राष्ट्रनीति, सुरक्षा नीति और जनहित की ही बात कर रही है। वो बाजार, मॉल, होटल, कैसीनो और नये बसाने वाले शहर के खिलाफ इसलिए है कि उससे फायदा एक दो लोगों का होना है और नुकसान पूरी प्रकृति और पूरे भारत का होना है। विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी अंडमान-निकोबार गए वहां के समुद्र में उतरे, वहां की जमीनी हकीकत को देखी और पर्यावरणविदों के साथ सुर में सुर मिलाकर इस विनाश के खिलाफ खड़े हुए। विपक्ष का ये कोई राजनीतिक पैंतरा नहीं, बल्कि एक बेहद संवेदनशील विषय को दुनिया के समक्ष लाना प्रथम फर्ज है। विपक्ष का यह कदम पूरी तरह उचित और समय की मांग है। सरकार की इस जिद के सामने विपक्ष ने बेहद तार्किक और देशभक्ति से भरे सवाल खड़े किए हैं। विपक्ष ने साफ कहा है कि अगर चीन को जवाब देना ही असली मकसद है, तो भारतीय नौसेना के हवाई स्टेशन आईएनएस बाज़ का विस्तार किया जाए, जिसकी मांग हमारी सेना खुद बरसों से कर रही है। देश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सेना को आधुनिक सुविधाएं दी जाएं, रनवे बड़े किए जाएं, लेकिन इसके लिए पूरे इकोसिस्टम को उजाड़ने और वहां पर्यटकों के लिए होटलों, रिसॉर्ट्स और बाजारों का जाल बिछाने की क्या मजबूरी है? विपक्ष और देश के वैज्ञानिकों की इस साझी आवाज ने इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाया है, और इसके सकारात्मक परिणाम यह हो सकते हैं कि सरकार अपनी बंद आंखें खोले और इसे अपनी झूठी शान की लड़ाई न बनाए। जैसे सबसे प्राचीन अरावली पर्वत माला के बहुमूल्य, अनमोल खनिज, जंगल, जमीन अपनों को लूटने के लिए खुली छूट दे दी गई थी वैसे ग्रेट निकोबार भी इनकी निगाह से बच नहीं रहा।

सरकार का सत्ता पर बने रहने के लिए सभी अलोकतांत्रिक कार्य एवं देश के प्राकृतिक संसाधनों को सत्तारूढ़ के दल को फंडिंग के लिए दुरुपयोग देश के लिए बेहद खतरनाक है । यह न सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों की लूट है बल्कि आर्थिक व्यवस्था का केंद्रीकरण भी है जिससे सत्तारूढ़ के लिए चुनावी चंदा और टेंडर की प्रक्रिया के आड़ में इलेक्टोरल बांड का नया खेल शुरू हुआ है। जनता ये सब जानती है।

लेकिन फुटबॉल की तरह किक जनता को ही हर बार मिलता है। लोकतंत्र में सरकारें जनता की रक्षक होती हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनी गई सरकारें लोकलाज से संचालित होती है यदि वे जिद पर अड़कर प्रकृति और अपनी ही प्रजा को तबाह करने वाली तानाशाह नहीं बन सकतीं। एक बार जो फैसला ले लिया, सो ले लिया। यह अहंकार विनाश की पहली सीढ़ी है। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार अपनी गरिमा की इस गलत जिद को छोड़े और एक सुंदर बीच का रास्ता निकाले। एक ऐसा रास्ता जहां देश की सुरक्षा की दीवारें भी अभेद्य रहें और प्रकृति का आंचल भी मैला न हो। वहां हर तरह की व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों पर फौरन पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। इस द्वीप को मौज-मस्ती का अड्डा बनाने की योजना को कूड़ेदान में डाल दिया जाना चाहिए। पूरे प्रोजेक्ट के आकार को छोटा करके केवल और केवल सेना की रणनीतिक जरूरतों तक सीमित कर दिया जाए। बंदरगाह के निर्माण में कंक्रीट की दीवारों के बजाय फ्लोटिंग जेट्टी और अत्याधुनिक पालिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो, जिससे कछुओं का रास्ता न रुके और पानी का कुदरती बहाव बना रहे। आदिवासियों के जंगलों के चारों तरफ एक ऐसा कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया जाए जहां किसी भी बाहरी इंसान का दखल पूरी तरह नामुमकिन हो। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि यह पूरा द्वीप भूकंप और सुनामी के लिहाज से देश के सबसे खतरनाक पांचवें जोन में आता है। साल 2004 की उस भयानक काली सुनामी को कौन भूल सकता है, जिसने पलक झपकते ही इस द्वीप की भूगोल को हिलाकर रख दिया था। ऐसी नाजुक और अशांत धरती पर इक्यासी हजार करोड़ रुपये का कंक्रीट का पहाड़ खड़ा करना प्रकृति को खुलेआम महाविनाश की दावत देना है। आम जनता को आज इस सीधे और सरल सच को समझना होगा कि ग्रेट निकोबार सिर्फ एक दूरदराज का द्वीप नहीं, हमारी इस धरती की धड़कन है। अगर वह धड़कन बंद हुई, तो उसका खामियाजा हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

इस संवेदनशील मुद्दे पर हम सबको अपनी खामोशी तोड़ना होगा, वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों की इस पुकार के साथ अपनी आवाज मिलाना होगा और सरकार को यह अहसास कराना होगा कि देश की असली गरिमा महज़ कंक्रीट की इमारतों में नहीं, बल्कि अपनी मिट्टी, अपने बेजुबान जीवों और अपने सबसे कमजोर नागरिकों की हिफाजत करने में है।

विचार

# यूपी में डिजिटल क्रांति का नया अध्याय: ए. आई. फॉर ऑल से संवरेगा युवाओं का भविष्य

*धर्मवीर खरे*

सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक विज्ञान के इस दौर में यूपी सरकार ने राज्य के युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रदेशभर में 'AI for All' (सभी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) प्रोग्राम को लागू कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) द्वारा वैश्विक आईटी दिग्गज 'ओरेकल यूनिवर्सिटी' के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम राज्य के हर नागरिक को मुफ्त में एआई का प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दे रहा है। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के गांव-गांव, कस्बे और शहरों के युवाओं को भविष्य की सबसे अधिक मांग वाली तकनीक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ना है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि डिजिटल भारत के सशक्त निर्माण के लिए हर नागरिक को तकनीकी रूप से साक्षर होना अनिवार्य है। यह कार्यक्रम सिर्फ एक प्रशिक्षण सत्र नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी 'डिजिटल और एआई हब' बनाने की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है।

इस बेहद महत्वपूर्ण और भविष्योन्मुखी कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 13 अप्रैल, 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित एक भव्य 'वृहद रोजगार मेले' के दौरान किया गया था। मुजफ्फरनगर की धरती से शुरू हुआ यह अभियान अब उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। शुरुआती चरणों में इस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, कामकाजी पेशेवरों और यहां तक कि आम गृहणियों और छोटे दुकानदारों ने भी इस कोर्स में गहरी रुचि दिखाई है। सरकार की इस पहल को वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल यूनिवर्सिटी का तकनीकी सहयोग प्राप्त है, जिससे इस पाठ्यक्रम की गुणवत्ता और विश्वसनीयता वैश्विक स्तर की हो जाती है। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से रोजगार और उद्योगों का स्वरूप बदल रहा है। आज दुनिया के हर क्षेत्र में-चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कृषि हो या विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग)-एआई का दखल तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार का मुख्य ध्येय है कि उत्तर प्रदेश का युवा इस तकनीकी बदलाव में पीछे न छूटे। युवाओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी कौशल से भी लैस किया जा रहा है ताकि वे आत्मनिर्भर बनें और रोजगार के नए अवसरों को हासिल कर सकें। इसी क्रम में सभी जनपदों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किये जा रहे है, ताकि गांव, कस्बों और शहरी क्षेत्रों के अधिकाधिक युवा इस निःशुल्क प्रशिक्षण से जुड़ सकें। ए.आई. के प्रशिक्षण कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता इसका सरल, सुलभ और संक्षिप्त होना है। इस कोर्स को AI for You: ट्रेनिंग एंड असेसमेंट नाम दिया गया है, जो मात्र 3 घंटे की अवधि का है। व्यस्त दिनचर्या के बीच कोई भी व्यक्ति इसे आसानी से पूरा कर सकता है। इस पाठ्यक्रम को पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम पर डिजाइन किया गया है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को किसी संस्थान या कोचिंग सेंटर के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। लोग अपने घर, कॉलेज या कॉमन सर्विस सेंटर (ब्ै) पर बैठकर अपने मोबाइल या लैपटॉप के जरिए इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर सकते हैं। 3 घंटे का ऑनलाइन वीडियो और स्टडी मटेरियल का मॉड्यूल पूरा करने के बाद अभ्यर्थियों को एक ऑनलाइन मूल्यांकन (असेसमेंट) परीक्षा से गुजरना होता है। इस परीक्षा में सफल होने वाले सभी प्रतिभागियों को ओरेकल यूनिवर्सिटी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से संयुक्त रूप से एक प्रामाणिक डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है, जो उनके बायोडाटा (सीवी) को मजबूत करेगा और भविष्य में नौकरी/रोजगार के अवसरों में उन्हें प्राथमिकता दिलाएगा। प्रदेश सरकार इस प्रोग्राम को 'जन-जन की तकनीक' बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रदेश की विशाल आबादी को देखते हुए इस कार्यक्रम को हर स्तर पर सुचारू रूप से चलाने के लिए माइक्रो-प्लानिंग की गई है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन निदेशालय द्वारा प्रदेश की सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को लक्ष्य दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों के स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों और कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करायें। प्रदेश सरकार विशेष रूप से उन युवाओं पर अधिक फोकस कर रही है, जो आर्थिक तंगहाली के कारण महंगे तकनीकी कोर्स नहीं कर पाते हैं। ओरेकल यूनिवर्सिटी जैसी विश्व प्रसिद्ध संस्था से मुफ्त में सीखने का यह अवसर उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के युवाओं के पास एआई का बुनियादी ज्ञान होगा, तो वे वैश्विक जॉब मार्केट में नहीं पिछड़ेंगे। 'AI for All' के तहत सिखाए जाने वाले मुख्य बिंदुओं में एआई की बुनियादी समझ, मशीन लर्निंग, डेटा का महत्व, दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता जैसे चौटबॉट्स, वॉयस असिस्टेंस (जैसे एलेक्सा, सिरी), और सर्च इंजन के पीछे काम करने वाली तकनीक के साथ-साथ एआई तकनीक का सही, सुरक्षित और नैतिक इस्तेमाल शामिल है। यह कोर्स इस तरह से तैयार किया गया है कि इसके लिए किसी को पहले से कोडिंग या कंप्यूटर प्रोग्रामिंग आने की जरूरत नहीं है। एक कला या वाणिज्य का छात्र भी इसे उतनी ही आसानी से समझ सकता है, जितनी आसानी से एक विज्ञान या इंजीनियरिंग का छात्र समझता है। उत्तर प्रदेश सरकार के इस कदम की सराहना न केवल प्रदेश के भीतर बल्कि देश के बड़े तकनीकी और शैक्षणिक हलकों में भी हो रही है। आमतौर पर ओरेकल जैसी कंपनियों के तकनीकी कोर्स और सर्टिफिकेट के लिए हजारों रुपये की फीस चुकानी पड़ती है। प्रदेश सरकार द्वारा इसे हर नागरिक के लिए मुफ्त करके शिक्षा और तकनीक के लोकतंत्रीकरण का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया गया है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों के अनुसार, आज कंपनियां ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दे रही हैं जो तकनीकी रूप से जागरूक हैं। भले ही कोई युवा एडमिनिस्ट्रेशन, मार्केटिंग, सेल्स या अकाउंट्स की नौकरी के लिए आवेदन कर रहा हो, अगर उसके पास 'AI for You' का सर्टिफिकेट होगा, तो उसे दूसरों पर बढ़त मिलेगी क्योंकि वह एआई टूल्स का उपयोग करके काम को तेजी से और बेहतर तरीके से निपटा सकता है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने पंजीकरण की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा है ताकि कम पढ़े-लिखे या ग्रामीण परिवेश के युवा भी बिना किसी बाधा के इसका हिस्सा बन सकें। इच्छुक अभ्यर्थियों को सबसे पहले उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ (होमपेज) पर ही 'AI for All' नाम से एक विशेष टैब दिया गया है। उस टैब पर क्लिक करने के बाद एक सरल फॉर्म खुलता है, जहां अभ्यर्थी को अपना नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और जिले का नाम दर्ज करना होता है। पंजीकरण पूरा होते ही अभ्यर्थी को कोर्स का एक्सेस मिल जाता है, और वे अपनी सुविधानुसार कभी भी 3 घंटे का यह ऑनलाइन कोर्स देखना और सीखना शुरू कर सकते हैं। कोर्स के अंत में एक छोटा सा टेस्ट ऑनलाइन ही आयोजित होगा, जिसे पास करते ही सर्टिफिकेट को तुरंत डाउनलोड किया जा सकेगा।

साहित्य



## महँगाई की आग...!

**संजय एम तराणेकर**

*गैस, पेट्रोल, डीज़ल के दाम,*
*हर दिन लिखते नए पैगाम।*
*जेब हो रहीं और भी हल्की,*
*जीवन में छा रहीं हैं कड़की।*
*पहियों की रफ्तार महँगी है,*
*सफर की हर डगर ठहरी है।*
*खेतों से लेकर बाजारों तक,*
*वस्तु का मूल्य असहनीय है।*
*यूं मज़दूर की मेहनत रोती है,*
*गृहिणी भी चिंता में सोती है।*
*अब रसोई में चूल्हा पूछ रहा,*
*कब राहत की कोई ज्योति है?*
*जब भी ईंधन के भाव बढ़ेंगे,*
*हरेक सामान भी महँगे होंगे।*
*हाँ, महंगाई के इस तूफान में*
*सपनों के दीपक भी डोलेंगे।*
*शासकों का धर्म यही होता,*
*जनजीवन को सरल बनाना।*
*इन कीमतों पे संयम रखकर,*
*हर चेहरे को सुख पहुँचाना।*
*हम-तुम मिलकर स्वर उठाएँ,*
*जनहित की यूं बात बतलाएँ।*
*ऐसी नीतियाँ बने हिंदुस्तान में,*
*जिससे होठों पे मुस्कान पाएँ।*



## राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

**वृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनायें।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# घरेलू सोने का उपयोग कर विदेशी मुद्रा बचाने की पेशकश

*ए वासुदेवन*

अब पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारतीयों से अपील की कि कम से कम एक साल के लिए भारत में सोने का आयात टाला जा सकता है, तो उन्होंने ऐसा उस बड़ी अनिश्चितता के संदर्भ में किया जिसका सामना देश कर रहा है। यह अपील खासकर मध्य पूर्व में संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने या लगभग बंद होने की वजह से बड़े पैमाने पर आपूर्ति में रुकावटों के कारण की गई। भारत अभी 72 अरब अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष से ज्यादा के सोने का आयात करता है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार असंतुलन तेजी से बढ़ गया है। भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 700 अरब डॉलर से नीचे गिर गया है और कुल विदेश पूंजी निवेश नगण्य हो गया है। अगर खाद, ईंधन (कच्चा तेल और गैस) और दूसरे जरूरी सामान के स्टॉक में और कमी होती है तो कुल रिजर्व मुश्किल से ही काफी बफर दे पाएगा।

अकेले भारत का ईंधन आयात कुल जरूरतों का 85 प्रतिशत से ज्यादा है। समय-समय पर लगने वाले प्रतिबंध और अचानक आने वाली धमकियों से बढ़ते टकराव के हालात ने ईंधन आपूर्ति पर असर डाला है जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास और कभी-कभी उससे भी ज्यादा बढ़ी हैं। मध्य पूर्व में अभी के शांति प्रयास शायद जल्द कामयाब न हों और इसलिए भारत को ऊर्जा की दूसरी मांगों को पूरा करने के लिए दूसरे रणनीतिक समाधान ढूंढने होंगे। इस स्थिति को देखते हुए न केवल ईंधन बल्कि सोने और अन्य सामानों के बड़े पैमाने पर आयात पर (मूल्य के हिसाब से) निर्भरता कम करनी जरूरी है। सोना ऐसी ही एक चीज है। जहां तक सोने की बात है, भारतीय परिवारों के पास पारंपरिक रूप से आपातकालीन स्थितियों से निपटने, संपत्ति के तौर पर और शादियों जैसे मौकों पर गहनों के रूप में इस्तेमाल करने की जरूरत को पूरा करने के लिए सोना होता है। भारतीय परिवारों के पास सोने का काफी स्टॉक है। फिर भी सोने की मांग इतनी बढ़ रही है कि कुल आयात में इसके आयात का हिस्सा 2013-14 में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में अनुमानित 9.25 प्रतिशत हो गया है। परिवारों के पास मौजूद सोने के अलावा, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पास भी अप्रैल, 2026 के आंकड़ों के अनुसार 120 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का सोना है। हिंदू, इस्लामी, सिख, ईसाई और बौद्ध धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले धार्मिक संस्थानों, ट्रस्टों, बोर्डों आदि के पास भी सोने का काफी स्टॉक है। कुछ अनुमानों के अनुसार इन संस्थानों के पास 2500 से 4000 टन सोना है। अप्रैल 2026 में रिजर्व बैंक का गोल्ड रिजर्व कुल विदेशी मुद्रा रिजर्व का लगभग 17 प्रतिशत थे। ये मैक्रो-इकानॉमिक स्थिरता लाने में मदद करते हैं और एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं जिसका उपयोग विदेशी मुद्रा की दरों में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। अगर घरों में सोने की मांग को पूरा करना है तो एक तरीका हो सकता है कि यह देखा जाए कि क्या धार्मिक संस्थान और ट्रस्ट बिना किसी बड़े नुकसान के इसे पूरा कर सकते हैं। यह कोई नया विचार नहीं है लेकिन इस पर अमल किया जा सकता है क्योंकि इन संस्थानों को ऐसे लोग चलाते हैं जो किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही सामाजिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति जागरूक हैं। इसलिए भारत सरकार इन संस्थानों को 1 औंस (1 औंस लगभग 28.35 ग्राम), 2 औंस और 5 औंस के सोने के सिक्के और 10 औंस की टिकिया (टैबलेट) जारी करने और उन्हें व्यक्तियों/छोटे व्यापारियों को एक निश्चित सीमा तक (जैसे प्रति खरीदार प्रति दिन 20 औंस से अधिक नहीं, साथ ही खरीदारों के पैन नंबर के साथ बिक्री का विवरण आयकर कार्यालयों को भेजे जाने के निर्देश के साथ) बेचने के लिए मना सकती है। औंस वजन या आयतन मापने की एक इकाई है जो मुख्य रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में प्रचलित है। इसमें एक बायबैक (वापस खरीदने) का विकल्प भी हो सकता है जिसकी कीमत एक साल बाद कीमती धातुओं या किसी प्रमुख विदेशी मुद्रा के फ्यूचर मार्केट्स से तय की जा सकती है। इसके अलावा ये संस्थान, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को बायबैक विकल्प के साथ सोने की छड़ें (गोल्ड बार) बेच सकते हैं जिसमें यह शर्त हो कि इस विकल्प का इस्तेमाल दो साल की अवधि के बाद किया जाएगा। हालांकि बिक्री की मात्रा प्रत्येक संस्थान के पास मौजूद कुल सोने के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर इस समझौते को और दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। इन संस्थानों से होने वाली कमाई का इस्तेमाल पहले की तरह ही शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, प्रिंट या डिजिटल किताबों वाली पब्लिक लाइब्रेरी और दूसरे सामाजिक कामों के लिए किया जा सकता है। इससे भी ज्यादा फायदेमंद यह होगा कि कमाई का एक बड़ा हिस्सा (जैसे कुल कमाई का 75-80 प्रश) टेक्नालॉजी और साइंस से जुड़े रिसर्च पर खर्च हो ताकि ऐसा नवाचार अपनाया जाए जिनसे उत्पादकता बढ़ाई जा सके। उदाहरण के लिए नए और अनोखे तरीकों से रेयर अर्थ एलिमेंट्स का इस्तेमाल करने से कई उद्योगों- जैसे वाहन उद्योग, नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, रक्षा और एयरोस्पेस, लेजर तकनीक, औद्योगिक विनिर्माण इत्यादि में उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सभी नवाचारों का पेटेंट कराया जाएगा और जो लोग इन पेटेंट्स का इस्तेमाल करना चाहेंगे उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी। पेटेंट के इस्तेमाल से मिलने वाली रकम को एक तय अनुपात (जैसे 20:80) में उस खास संस्थानों और असल रिसर्चर (या रिसर्च कराने वाली संस्थाओं) के बीच बांटा जाएगा। ऊपर दिए गए प्रस्ताव में यह बात है कि यह मौजूदा अनिश्चितता से विकास के लिए पैदा हुई मुख्य चुनौती को काफी हद तक हल करता है। सामान्य सकल घरेलू उत्पाद (ग्रास डोमेस्टिक प्रॉडक्ट- जीडीपी) में निवेश लगभग 32 फीसदी है और दुनिया भर में आर्थिक मंदी, बाहरी व्यापार और दूसरी दिक्कतों के मौजूदा हालात में इस अनुपात को और बढ़ाना भले ही विदेशी निवेशकों के लिए टैक्स के नियम आसान हों तो भी अगले 12 महीनों में तो बिल्कुल भी मुमकिन नहीं होगा। जीडीपी में निवेश के अनुपात के आलोक में यह नवाचारों और नई तकनीकी प्रक्रियाओं को अपनाने से संभव हुई उत्पादकता वृद्धि ही है जो काफी हद तक भारत की आर्थिक वृद्धि को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करेगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास जनविश्वास के स्वर्णिम अध्यायः संजय



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद जालौन के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की विकास, विश्वास, सुशासन और जनकल्याण की यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि एक नए भारत के निर्माण का सशक्त अध्याय है, जिसने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का कार्य किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया, वर्ष 2019 में और अधिक बहुमत देकर उस विश्वास को मजबूत किया तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री चुनकर यह सिद्ध कर दिया कि देश अब केवल वायदों पर नहीं, बल्कि परिणामों और कार्यों पर विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि जनता के इसी अटूट विश्वास के कारण आज राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) देश के 22 राज्यों में जनसेवा का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर यह संदेश दिया कि गरीब, किसान, युवा और महिलाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र आज जन-जन का मंत्र बन चुका है और सरकार की प्रत्येक योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी का परिणाम है कि बीते वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज 177 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं, जो भारत की सांस्कृतिक शक्ति का परिचायक है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 10 जून भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण दिन है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़ते हुए भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्राप्त 32 अंतरराष्ट्रीय सम्मान तथा वैश्विक स्तर पर उनकी लोकप्रियता भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। प्रेसवार्ता के अंत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष केवल उपलब्धियों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण की निरंतर यात्रा हैं, जिसे देश की जनता का विश्वास और सहभागिता निरंतर शक्ति प्रदान कर रही है। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह बीजीपी जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी साइबर ठगी के हुए शिकार

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** साइबर अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब रसूखदार लोग भी उनके जाल से अछूते नहीं हैं। भाजपा के मीडिया प्रभारी शातिर साइबर ठगों की जालसाजी का शिकार हो गए हैं। ठगों ने उनके बैंक खाते में सेंध लगाकर 1.98 हजार की पूरी रकम साफ कर दी। पीड़ित भाजपा मीडिया प्रभारी ने साइबर थाने में तहरीर देकर रूपये दिलाने की मांग की है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी अरविन्द श्रीवास्तव वर्तमान में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी पद पर कार्यरत है।भाजपा मीडिया प्रभारी अरविन्द श्रीवास्तव ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका कस्बे की इंडियन बैंक में खाता खुला है। जिसमे अपनी बेटी की शादी के लिए बैंक खाते गाढ़ी कमाई जोड़कर रखी थी।बताया कि उनके मोबाइल में व्हाट्सप्प पर एक एपीके फाइल आई थी जिसे उन्होंने डाऊनलोड कर लिया था। फाइल डाऊनलोड करते ही उनका फोन हैक हो गया। जिसकी उन्होंने सोशल मीडिया में जानकारी भी साझा की थी। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों ने बीते दिनों उनके खाते में जमा गाढ़ी कमाई से 1लाख 98 हजार 996 रूपये उड़ा दिए।बताया कि घर पर शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन साइबर अपराधियों ने एक झटके में परिवार की खुशियों में ग्रहण लगा दिया।खाते से रकम गायब होने का पता चलते ही पीड़ित के होश उड़ गए और परिवार गहरे सदमे में आ गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलते ही साइबर सेल की टीम एक्टिव हो गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मामले की तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। जिस बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उसे ट्रेस किया जा रहा है और ठगों के डिजिटल फुटप्रिंट्स खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच कर पीड़ित को रूपये वापस दिलाया जाएगा।वहीं साइबर क्राइम थाना प्रभारी भरत कुमार ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी एपीके नाम से फाइल को डाऊनलोड ना करें।

### चौकी प्रभारी और कांस्टेबल पर जानलेवा हमले के एक और आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में चौकी प्रभारी और कांस्टेबल के ऊपर जानलेवा हमले करने के मामले में सात माह बाद एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रकरण में नामजद किए गए करीब 15 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बता दें कि इस घटना के मुख्य आरोपी का हाफ एनकाउंटर भी किया गया था। जानकारी के अनुसार दो दिसबंर 2025 की रात एक शिकायत के बाद थाना कुरारा के हरौलीपुर पुलिस चौकी का सिपाही उमराहट गांव पंचायत के केवटन डेरा पहुंचा था, जहां से एक युवक को लेकर आते समय भीड़ ने सिपाही को घेरकर बुरी तरह से मारापीटा था।मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद सिंह की रिवाल्वर भी छीन ली गई थी। चौकी इंचार्ज को भी जान बचाकर भागना पड़ा था। गंभीर रूप से घायल सिपाही का कई दिन तक कानपुर में इलाज हुआ। तब कहीं जाकर उसकी जान बच पाई थी। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने इस प्रकरण में 21 नामजद और बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की थी। अधिकांश नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई, जिसमें कुछ महिलाएं भी थीं। मुख्य आरोपी का पुलिस ने हाफ एनकाउंटर किया था। अब इस घटना के एक और आरोपी छोटे निषाद उर्फ देशराज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी उमराहट गांव के पास से की गई है। थानाध्यक्ष कुरारा प्रिंस दीक्षित ने बताया कि गिरफ्तारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम ने की है।

# आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत 'गर्ग गुट' ने महिला जिला व नगर कमेटी का किया गठन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**



आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत (गर्ग गुट) की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को देवीगंज स्थित गेस्ट हाउस अध्यक्ष हार्दिक गुप्ता के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला जिला एवं नगर कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं महिला नगर अध्यक्ष रागिनी सिंह को पदभार ग्रहण कराकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने की। उन्होंने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संरक्षक मनीषा गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष मधु जी, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता द्विवेदी एवं प्रदेश पदाधिकारी मनीष तिवारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी ने बैठक का कुशल संचालन करते हुए व्यापारियों को संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। उनके साथ युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने जिला महिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष महिला को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उन्होंने युवाओं की सहभागिता बढ़ाने और संगठन को नई दिशा देने पर बल दिया। बैठक में महिला शक्ति को समाज और व्यापारिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर सानू गुप्ता, गुड़िया तिवारी, अर्चना श्रीवास्तव, पुष्पा विश्वकर्मा, किशन त्रिपाठी अमित सोनी, बबला सोनी, अभय गुप्ता, राहुल सोनी, शंकर सिंह, विनोद गौतम एवं हार्दिक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, महिला पदाधिकारी एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# भाई ने बहन की हत्या कर शव कुएं में फेंका

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** थरियांव थाने हसवा पुलिस चौकी क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ ससुराल से मायके ले जा रहे भाई ने रास्ते में ही अपनी 19 वर्षीय बहन का गला दबाकर हत्या कर उसके शव को कुएं में फेंक कर खुद सुबह हसवा चौकी पहुंचा और पुलिस को पूरी वारदात बताई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार, आरोपी संदीप यादव उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी थरियांव, हसवा शुक्रवार की रात राधानगर थाना क्षेत्र स्थित बहन की ससुराल गया था। बहन की शादी डेढ़ महीने पहले हुई थी। संदीप बहन को मायके थरियांव लेकर आ रहा था। रास्ते में दोनों के बीच कहासुनी हुई। पूछताछ में सामने आया कि मृतिका का किसी दूसरे समुदाय के युवक से संबंध था। भाई को आशंका थी कि बहन फिर घर छोड़कर उसके साथ जा सकती है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और संदीप ने बहन का गला दबा दिया। हत्या के बाद शव को कुएं में फेंककर वह हसवा चौकी पहुंच गया और पुलिस के सामने जुर्म कबूल कर लिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए परिजनों को साथ लेकर घटना स्थल पहुंची। कुएं से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिजनों की तहरीर पर आरोपी भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की वैधानिक कार्यवाई की जाएगी।



### डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, निस्तारण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित थाना समाधान



दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिसअधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना कोतवाली पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। डी एम और एस पी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने पर भी जोर दिया। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की और उनके निस्तारण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। प्रशासन का कहना है कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जमीन, राजस्व, पुलिस से जुड़े विवादों का मौके पर ही निपटारा करना है।

# बॉस इलेवन ने 7 रन से मैच किया अपने नाम

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** ग्रीन बॉक्स ग्राउंड, नियर आरवीएस स्कूल, बांदा सागर रोड, में आयोजित ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग सीजन-1 के पांचवें दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहला मुकाबला बॉस इलेवन बनाम रंगदार नाइन के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए बॉस इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाए। टीम के बल्लेबाजों ने महत्वपूर्ण योगदान देकर सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रंगदार नाइन की टीम 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी। इस प्रकार बॉस इलेवन ने यह रोमांचक मुकाबला 7 रन से अपने नाम किया। प्लेयर ऑफद मैच फिरोज हुसैन रहे। दूसरा मुकाबला ढकौली इलेवन बनाम द लीग लायंस इलेवन के बीच हुआ। दूसरे मैच में ढकौली इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट पर 139 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। जवाब में द लीग लायंस इलेवन की टीम 12 ओवरों में 6 विकेट पर 102 रन ही बना सकी। ढकौली इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 37 रन से जीत लिया।

# मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

आवेदक पुष्पेन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम बसरिया, थाना महोबकंठ जनपद महोबा द्वारा अपनी बहन खुशबु के कहीं चले जाने के संबंध में गुमशुदगी संख्या 08/2026 दर्ज कराई गई थी।

उक्त प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास करते हुए दिनांक 12/06/2026 को गुमशुदा खुशबु को सकुशल बरामद किया गया तथा उसके माता-पिता को सूचना दी गई।

सूचना पर गुमशुदा के माता-पिता थाना पनवाड़ी उपस्थित हुए, जहां मिशन शक्ति केन्द्र में खुशबु की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान खुशबु द्वारा बताया गया कि वह स्वेच्छा से अपने माता-पिता के साथ अपने घर ग्राम बसरिया, थाना महोबकंठ जाना चाहती है। उपरांत गुमशुदा खुशबु को उसकी इच्छा के अनुसार उसके माता-पिता के साथ ससम्मान रुखसत किया गया। उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता एवं महिला सुरक्षा को बल मिला है।

### रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़ महोबा।**

रेलवे स्टेशन के पास झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन पर एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बेलाताल क्षेत्र के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव दो हिस्सों में कटा हुआ मिला है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बता दे कि बेलाताल रेलवे स्टेशन के पास झांसी-मानिकपुर रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1234/9 के पास करीब 55 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। घटनास्थल के पास एक हीरो होंडा डीलक्स मोटरसाइकिल खड़ी मिली है, जिसके आधार पर पुलिस पहचान के प्रयास कर रही है। राम अवतार पाठक, ट्रैकमैन ने बताया कि ग्वालियर से मानिकपुर की ओर जा रही प्रयागराज एक्सप्रेस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हुई है। घटना के बाद ट्रेन लगभग 10 मिनट तक मौके पर खड़ी रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल महोबा भेज दिया है। साथ ही शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मृतक के परिजनों का पता लगाने और घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर प्रशासन व व्यापारियों में हुई वार्ता

**मौदहा।** कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के बीच प्रशासन और व्यापारियों के बीच संवाद को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता शनिवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में बुधवार तक का व्यापारियों ने समय लिया है। राजस्व, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बीते 4 एवं 5 जून को कस्बे के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण संबंधी सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई की गई थी।

# उपजिलाधिकारी ने सुनी थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं

▸ प्राप्त 25 शिकायतों में से 12 का किया गया मौके पर निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा एवं क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित थाना समाधान दिवस पर 25 शिकायतों में 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को कमेटी गठित कर निस्तारण करने के लिए मौके पर भेजा गया। थाना समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें भूमि विवाद व भूमि पैमाइश को लेकर प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निस्तारण के लिए सम्बन्धित लेखपालों को सौंप कर एक सप्ताह में निर्देश करने के दिए हैं। उपजिलाधिकारी ने क्रमशः एक एक फरियादियों को बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर निस्तारण कराने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक कृष्णा वैश्य, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, उपनिरीक्षक अनिल सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।



### देश सिर्फ वादे नहीं, काम देखता है : राज्य मंत्री मन्नू कोरी

**समृद्धि न्यूज,महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मनोहर लाल पन्त मन्नू कोरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की 12 वर्षों की यात्रा जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवा भाव है । उन्होंने कहा कि बर्ष 2014 में देश ने भरोसा किया वर्ष, 2019 में बड़ा बहुमत देकर उस पर मोहर लगाई और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया कि देश सिर्फ बादे नहीं काम देखता है । उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मन्नू कोरी ने विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास ,सबका विश्वास के मंत्र को एक नारा ही नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जन आंदोलन बना दिया। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म हो रही है। सरकार के विगत 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है सरकार ने जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाता खोले जिसमें 32 करोड़ से ज्यादा खाता महिलाओं के हैं। 81 करोड़ से अधिक देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है, इलाज के खर्चे से बचने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 7 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं । उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के मकान दिए हैं , उज्ज्वला योजना के तहत 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दिलाई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की नई क्रांति लाई गई है ,पीएम सम्मान निधि योजना, मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्म योजना आदि जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों को ज्यादा फायदा पहुंचाने का काम किया है । इस अवसर पर स्थानीय विधायक राकेश गोस्वामी ,पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ,भाजपा जिलाअध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



# रगौली में रात्रि जन चौपाल में प्रभारी मंत्री ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

▸ डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, गरीब परिवार के घर पहुंच किया सहभोज

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम रगौली में प्रभारी मंत्री, राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में रात्रि जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री द्वारा ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन कर किया गया। इसके पश्चात आयोजित रात्रि जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं, सुझाव एवं स्थानीय आवश्यकताओं को मंत्री के समक्ष रखा। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार की कार्यशैली का मूल आधार है। इसी भावना के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान, गरीबों का उत्थान, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों की समृद्धि और युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### 25 हजार का इनामी बदमाश छोटेलाल उर्फ लादेन गिरफ्तार तमंचा व कारतूस बरामद

**जालौन (उरई)।** कोतवाली जालौन पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश छोटेलाल उर्फ लादेन पुत्र कमलेश निवासी ग्राम चुरखी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा एक बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में चलाए जा रहे रात्रि गश्त एवं चेकिंग अभियान के दौरान कोतवाली जालौन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी।

### पक्के तालाब पर एसडीएम का सख्त अल्टीमेटम, 15 दिन में दूर हों सभी खामियां

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** नगर के ऐतिहासिक मुरलीमनोहर (पक्के) तालाब का शुक्रवार शाम उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपन जिम, झूलों और तालाब परिसर में कई खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर सभी कमियों को दूर कर कार्य पूर्ण किया जाए, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वयं नंगे पैर तालाब परिसर में घूमे और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ओपन जिम में लगे उपकरणों, बच्चों के झूलों तथा अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। कई उपकरण खराब एवं झूले क्षतिग्रस्त मिलने पर उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। एसडीएम रिंकू सिंह राही ने कहा कि पक्का तालाब नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम टहलने, व्यायाम करने और परिवार के साथ समय बिताने आते हैं। ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने तालाब परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि कैमरे लगने से आने-जाने वाले लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण होगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने शिकायत की कि शाम के समय कुछ लोग तालाब परिसर में बैठकर शराब पीते हैं तथा नशा करते हैं, जिससे माहौल खराब होता है।



# सचिव पर लगे ग्राम निधि में फर्जी भुगतान कराने के आरोप

**आरोप यह भी हैं कि प्रशासनिक व्यय के नाम पर फर्जी बिल और भुगतान लगाए गए**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत धरौली में तैनात सचिव प्रदीप कुमार के ग्राम निधि में बड़े पैमाने पर फर्जी भुगतान कराने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार सचिव द्वारा नल मरम्मत, नल रिबोर और प्रशासनिक व्यय के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान नियमों को दरकिनार करते हुए कराया गया है।

आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की




धनराशि से ऐसे कई भुगतान किए गए जिनका मौके पर कोई स्पष्ट कार्य दिखाई नहीं देता।

ग्रामीणों का कहना है कि सचिव प्रदीप कुमार ने ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों और परिवार के लोगों के नाम पर भी भुगतान लगाने का कार्य किया है। इतना ही नहीं, सूत्र बताते हैं कि सचिव द्वारा अपने करीबी मुंशी और कथित नल मिस्त्रियों के नाम पर

> इस संदर्भ में सहायक विकास अधिकारी गोंदलामऊ हंसराज से बातचीत की गई तो उनके द्वारा बताया गया मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

भी लगातार भुगतान निकाले जा रहे हैं। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर एक ही ग्राम पंचायत में हर वर्ष इतनी बड़ी रकम नल मरम्मत पर कैसे खर्च हो रही है। यदि वास्तव में इतना कार्य हुआ है तो उसकी जमीनी हकीकत क्या है, यह जांच का विषय बना हुआ है। आरोप यह भी हैं कि प्रशासनिक व्यय के नाम पर फर्जी बिल और भुगतान लगाए गए हैं। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सचिव प्रदीप कुमार को किसी बड़े अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से वह लगातार नियमों को ताक पर रखकर भुगतान कर रहे हैं और अब तक उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जिला स्तर से कराई जाती है तो करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये के गबन और वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो सचिव प्रदीप कुमार पर रिकवरी के साथ-साथ विभागीय और कानूनी कार्रवाई भी संभव है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सीतापुर जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल और शनिवार के पावन अवसर पर रामसनेहीघाट क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजनों और भंडारों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में समाजसेवी राकेश श्रीवास्तव द्वारा आयोजित भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

भंडारे से पूर्व श्रद्धालुओं की मौजूदगी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भक्ति रस से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्रीराम तथा हनुमान जी की आराधना की। पूरे आयोजन के दौरान बाबा नीम करौली महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सुंदरकांड पाठ के उपरांत शुरू हुए भंडारे में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधिवत प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा। आयोजक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अमन, अजय यादव, अजय कुमार, संतोष कुमार, छोटू सहित अनेक सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु रहीं और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की।

## दुसौती में बही काव्य की सरिता

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** चंदापुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत दुसौती गाँव में एक बार फिर काव्य रस धारा बही, बताते चलें कि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि एवं साहित्यकार के निज आवास पर अचानक बाराबंकी जिले से अवधी और हिंदी के क्षेत्र में अनुभूत कार्य करने वाले विद्वान साहित्यकार वेदप्रकाश सिंह प्रकाश का आगमन हुआ साहित्यिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई इस मौके पर एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शाइर डाक्टर मनोज कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि वेदप्रकाश सिंह प्रकाश को बैज लगाकर अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। गोष्ठी में जहाँ प्रख्यात हास्य कवि पैरोडीकार अनुज प्रताप सिंह ने अपना जलवा बिखेरा, वहीं डाक्टर एम के सिंह के शेर विशेष रूप से सराहे गए, नवोदित रचनाकार अनुराग के मुक्तक काबिले तारीफ रहे वहीं मुख्य अतिथि महोदय ने माँ पर छंद पढ़कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया आयोजक एवं संचालक कविराज डॉ.-शिवकुमार सिंह शिवने काव्य पाठ के साथ सभी का आभार जताया।

# लम्बे समय से चले आ रहे रास्ते का विवाद समाधान दिवस में सुलझा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के काटका और भैसुरिया गांव में लंबे समय से चले आ रहे रास्ते के विवाद का शनिवार को समाधान हो गया।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा और कोतवाल अरुण प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।अधिकारियों ने काटका गांव में ग्रामीणों से बातचीत की और गांव के अंदर रास्ते अवैध कब्जे को अपनी निगरानी में हटवाया।जिससे ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी दूर हुई। इसके बाद एसडीएम की टीम भैसुरिया गांव पहुंची वहां रास्ते पर भारी कीचड़ भरा हुआ था नाली नही पन पा रही थी।विवाद को लेकर उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि नाली के साथ जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण कराया जाए। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से निजात दिलाना है। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने बताया कि रास्ते के विवादों में आमजन को कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चकमार्गों और सार्वजनिक रास्तों पर किसी भी प्रकार का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक का टायर फटने से मालिक की मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत चीनी मिल के सामने शनिवार को सड़क के किनारे खड़े ट्रक का टायर फटने से ट्रक मालिक की मौत हो गई। थाना लोनी कटरा के कान्हीपुर गांव निवासी ट्रक मालिक शिव नरायन बाजपेई 69 वर्ष के ट्रक में लदा गेहूं चीनी मिल के सामने बने राज्य भण्डारण निगम के गोदाम में उतारकर चालक ने उन्हें फोन किया।बताया कि ट्रक का एक टायर कट गया है।मौके पर पहुंचे श्री बाजपेई ने पंचर बनाने वाले अनवर को बुलाकर टायर दिखाया।देखा गया कि एक टायर थोड़ा फट गया है।उसका ट्यूब का थोड़ा हिस्सा बाहर निकला है। अनवर ने उनसे कहा कि बस थोड़ी देर में बन जाएगा।इस दौरान श्री बाजपेई टायर के फटे हिस्से के बाहर निकले ट्यूब पर हाथ फेरने लगे।इसी समय टायर धमाके के साथ फट गया।तेज धमाके के कारण ट्रक मालिक दुर्घटनास्थल से 50 मीटर दूर खंती में जा गिरे। दुकानदार एवं राहगीरों ने तत्काल उन्हें सीएचसी हैदरगढ़ पहुँचाया।जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने पुलिस से अनुरोध किया कि शव का पीएम नहीं कराना चाहते हैं।पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# रामपुर सुदौली से समोधा संपर्क मार्ग बदहाली का शिकार



**बछरावां रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

**सुदौली क्षेत्र के रहने वाले लोगों ने डीएम से डामरीकरण कराये जाने की मांग की**

रामपुर सुदौली से समोधा को मिलने वाली सड़क बदहाली का शिकार हो चुकी है। जबकि जनपद के जन प्रतिनिधि भवरेश्वर मंदिर में आया जाया करते हैं। समोधा से मौरावा जाने के लिए राहगीर सुगम रास्ता को खोजते हुए संपर्क मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन वर्तमान समय में सड़क बड़े बड़े गड्ढो में तब्दील हो चुकी है। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों ने प्रतिनिधियों से संपर्क मार्ग सुधार जाने की मांग की है। सुदौली क्षेत्र के रहने वाले रामू जायसवाल, श्यामू जायसवाल, सौरभ मिश्रा, नितिन शुक्ला, मोहित कुमार, महेंद्र कुमार सहित लोगों ने जिलाधिकारी से संपर्क मार्ग को संज्ञान में लेकर डामरी करण कराया जाने की मांग की है। संपर्क मार्ग से जीपीआर इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे लगातार चोटिल हुआ करते हैं उसके अतिरिक्त प्रत्येक सोमवार को भवरेश्वर मंदिर में क्षेत्रीय सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना बना रहता है जिसको लेकर आम जनमानस में जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश भी व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है चुनाव आने पर सभी दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा संपर्क मार्ग को डामरी करण कराए जाने का वादा प्रत्येक 5 वर्षों में किया जाता है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा संपर्क मार्ग का संज्ञान नहीं लिया जाता है जिसके कारण क्षेत्रीय लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है।

# खबरें एक नजर में

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्त सौरभ शुक्ला पुत्र जगतपाल शुक्ला निवासी पलटन का पुरवा पहाडगंज थाना गौरीगंज व मुकेश शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला निवासी पहाडगंज शुक्लन पुरवा थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के कागज मांगने पर दिखा न सके। मोटरसाइकिल के बारे में पूछताछ से अभियुक्तों ने बताया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों ने मिलकर बीते 9 जून को जिला अस्पताल गौरीगंज से चोरी किये थे और नम्बर प्लेट निकाल कर रास्ते में फेंक दिये थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्रभारी मंत्री ने गिनाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने गौरीगंज पहुंचकर मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां बतायीं। प्रभारी मंत्री ने कहा की देश के प्रधान मंत्री ने वर्ष 2014 से अबतक देश को एक आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने प्रदेश की योगी सरकार के साथ मिलकर शिक्षा, स्वास्थ, रोजगार, आवास, कृषि सम्बन्धी, महिला सुरक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ सीधा जनता को मिल रहा है। योगी सरकार के साथ मिलकर पीएम मोदी विकास के नये नये कार्य करवा रहे हैं, युवाओं को रोजगार और बेघरों को मोदी सरकार से आवास मिले हैं। प्रभारी मंत्री ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की और 12 साल मे केन्द्र सरकार के द्वारा किये गये कार्यों का आंकाड़ा बताते हुए मंत्री ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव किये सबका विकास कर रही है।

## विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में लोगो ने लिया प्रसाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ में ज्येष्ठ माह के शनिवार के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन शनिवार शाम करीब 4 बजे विकास पाण्डेय विक्की द्वारा मेन मार्केट मोड़ के पास संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान जी महाराज के पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। क्षेत्र के लोगों ने इस भंडारे में उत्साहपूर्वक भाग लिया और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक विकास पाण्डेय विक्की ने बताया कि बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से इस भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा और जय श्री राम तथा जय बजरंगबली के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा। इस भंडारे में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना करते हुए आयोजक को सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मोहर्रम को लेकर थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को डलमऊ कोतवाली परिषद में आगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया बैठक में त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए खड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक जनप्रतिनिधि एवं प्रधान उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी डलमऊ ने उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों से दूर रहें। यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने क्षेत्रवासियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल अधिकारियों को देने की अपील की। बैठक में मोहर्रम जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मोहर्रम पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुहर्रम त्यौहार को सकुशल निपटने के लिए प्रशासन द्वारा कड़े दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह, डलमऊ चौकी प्रभारी सोनू पटेल, मुराईबाग चौकी प्रभारी अमरेश द्विवेदी, नासिर हुसैन, लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, लिपिक सोहराब अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य, आशीष जायसवाल, सभासद शकील अहमद, फिरोज अहमद, प्रधान कमलेश यादव सहित क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने, लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराने, निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा ग्रामों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। जीपीडीपी एवं पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की प्राथमिकता तय कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए मुनेश चंद्र, जिला विकास अधिकारी वर्षा सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान के बेहन में पानी लगाने गए किसान की मौत

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बेहन में पानी लगाने गए वृद्ध किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घर लाए गये शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा एवं थाना के लिल्हौरा वार्ड निवासी किसान रामेश्वर रावत पुत्र मैकू 65 वर्ष मोहल्ले में ही स्थित अपने खेतों में लगाई गई बेहन की सिंचाई करने गए थे शाम 6:00 बजे घर से निकले किसान के देर रात तक वापस न लौटने पर जब परिजन खेत पहुंचे तो किसान अचेत अवस्था में मिला।

परिजन तत्काल उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचे जहां उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# यूपी 112 ने व्यक्ति की बचाई जान, महानिदेशक ने किया सम्मानित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस की आपातकालीन सेवा यूपी 112 ने त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ का परिचय देते हुए फांसी पर लटके हुए एक व्यक्ति की जान बचाई है। जगदीशपुर पर पीआरवी 5344 पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया। शुक्रवार को यूपी-112 को थाना जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम सरेसर में विवाद होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पीआरवी की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और पाया कि एक व्यक्ति ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर रखा है और वह दरवाजा नहीं खोल रहा है।

किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने बिना समय गंवाए पड़ोसी की छत से घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि वह व्यक्ति गमछे का फंदा बनाकर फांसी पर लटक चुका है। पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल गमछा काटा और व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतार लिया, जिससे वह व्यक्ति जीवित बच गया। सराहनीय कार्य के लिये पुलिस महानिदेशक यूपी 112 द्वारा पीआरवी कर्मियों को पुलिस मुख्यालय 112 बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उधर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पीआरवी कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु 10,000/-रुपये नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। पीआरवी कर्मियों में कमाण्डर हरिओम उपाध्याय, सब कमाण्डर प्रमिला तिवारी एवं कौशिक सिंह व पायलट पवन कुमार सरोज शामिल रहे। अपने संदेश में महानिदेशक ने कहा है कि यूपी 112 के पीआरवी कर्मियों ने समय-समय पर संकटग्रस्त नागरिकों को भिन्न-भिन्न प्रकार से सहायता पहुंचाई है।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, यूपी 112, विनोद कुमार सिंह ने पीआरवी कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीआरवी निरंतर अच्छा कार्य कर रही है।

## पहली बारिश में जलमग्न हुआ गंगागंज मोहल्ला, सड़क पर घुटनों तक भरा पानी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** अमेठी नगर पंचायत स्थित गंगागंज मोहल्ले में पहली ही बारिश में बाद जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है। शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू हुई बारिश में मोहल्ले की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे स्थानीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया। सड़कों पर पानी जमा होने से राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुकानदारों और ठेला-रेहड़ी संचालकों का कारोबार भी प्रभावित हुआ है। कई दुकानों के सामने पानी भर जाने से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष बरसात में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई घरों के आसपास भी पानी भर गया है, जिससे लोगों को उसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। जलभराव के कारण गंदगी फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। मोहल्लेवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि समस्या की जानकारी होने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने और मोहल्ले में स्थायी समाधान करने की मांग की है।

# केंद्र सरकार के 12 साल के उपलक्ष्य में हुए जागरूकता कार्यक्रम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासपरक नीतियों, सुशासन की उपलब्धियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में हुए ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भूभिजा हाल, खैराबाद में जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, किसान, युवा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने विगत 12 वर्षों में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को शासन का मूल मंत्र बनाकर कार्य किया है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव देशभर में देखने को मिल रहा है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर मनोज पांडे का हुआ सम्मान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के निवनियुक्त प्रभारी मंत्री मनोज पांडे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पहुंचे। जहां पार्टी पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर नैमिष से आए बटुकों ने मंत्रोच्चार किया प्रभारी मंत्री ने बटुकों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं की तपस्या पर विश्वास रखती है उन्होंने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान मेरे लिए सर्वोपरि है उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर विकास के कार्य कर रही है जिससे देश और प्रदेश निरंतर उन्नति कर रहा है। उन्होंने बताया कि आज भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता 2027 के आम चुनाव के लिए कमर कर चुका है हम दो तिहाई बहुमत से उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने जा रहे हैं और यह सरकार भी विकास और आमजन को समर्पित होगी। उन्होंने सीतापुर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला और उनकी टीम के कार्य की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में बोलते हुए बताया जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि जनपद में ऊर्जावान कैबिनेट मंत्री मनोज पांडे हम सबके प्रभारी मंत्री के रूप में नियुक्त हुए हैं और वह हमारे मार्गदर्शक के रूप में आगामी समय में कार्य करेंगे हम सब उनके नेतृत्व में पार्टी को नंबर वन बनाने का पूरा प्रयास करेंगे और प्रत्येक कार्यकर्ता आने वाले समय में उनके निर्देश में चुनाव कार्यो में लगेगा और जिले की नौ विधानसभाओं में भाजपा का कमल खिलेएगा। इस अवसर पर विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी विधायक सिधौली मनीष रावत विधायक मिश्रिख रामकृष्णभार्गव एम एलसी पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद अवनीश सिंह पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।।

## राजकीय माध्यमिक शिक्षकों के समायोजन हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने बताया कि शिक्षा निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में स्थानांतरण सत्र 26-27 के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के स्थानांतरण तथा समायोजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध रिक्त पदों एवं सरप्लस शिक्षकों की सूची एनआईसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि स्थानांतरण एवं समायोजन की कार्यवाही निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपादित की जाएगी। प्रथम चरण में रिक्त पदों तथा सरप्लस शिक्षकों का विवरण 12 जून को वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया है। इच्छुक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं 18 जून तक निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की समर्पित ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं।

# राकेश सचान ने गिनाईं विकास परियोजनाओं की उपलब्धियां

- कम्पोस्ट प्लांट, औद्योगिक पार्क व नहर और पर्यटन परियोजनाओं का किया उल्लेख
- गांव में 17.50 एकड़ क्षेत्रफल में कम्पोस्ट बायोगैस प्लांट का चल रहा है निर्माण




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कन्नौज पहुंचे जिले के प्रभारी एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। कलक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले वर्षों में हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। मंत्री ने बताया कि तिर्वा तहसील के जनखत गांव में 17.50 एकड़ क्षेत्रफल में कम्पोस्ट बायोगैस प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं 61 एकड़ भूमि पर सरदार पटेल औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए भूमि एमएसएमई विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। अलीपुर अहाना में औद्योगिक कॉरिडोर के लिए 111.2450 हेक्टेयर में से 65.7040 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि तालग्राम-जलालाबाद डार्कजोन क्षेत्र में 54.377 किलोमीटर लंबी नहर परियोजना पूर्ण हो चुकी है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिल रही है। पर्यटन विकास के तहत कई धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराया गया है तथा कई कार्य प्रगति पर हैं। इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चुनाव संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए राकेश सचान ने कहा कि अखिलेश यादव आगामी चुनाव का परिणाम पहले से जान चुके हैं और उन्हें भाजपा की जीत दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में सीटें बढ़ने पर सपा ने ईवीएम या बेईमानी की बात नहीं उठाई थी, लेकिन अब चुनाव से पहले अनावश्यक आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में फिर भाजपा का कमल खिलेगा।

# आधुनिक तकनीकों को अपनाएं किसान, मिलेगा लाभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में चल रहे विकसित कृषि संकल्प एवं सघन खेत बचाओ अभियान के तहत शनिवार को विभिन्न गांवों में जन- जागरूकता शिविर एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक कृषि, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में विकासखंड जलालाबाद के ग्राम सतवारी एवं नेकपुर कायस्थ (खुदलापुर) सहित अन्य गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग, हरी एवं जैविक



खाद, नैनो उर्वरक तथा दलहन-तिलहन फसलों के महत्व की जानकारी दी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण, जबकि राजस्व विभाग द्वारा विरासत और खतौनी संशोधन संबंधी कार्य किए गए।

कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के वैज्ञानिकों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, संतुलित पोषण प्रबंधन और मृदा संरक्षण के उपाय बताते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान 24 जून तक संचालित होगा, जिससे किसानों को टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि प्रणाली से जोड़ने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, जलालाबाद खंड विकास अधिकारी रतीराम, सचिव सिद्धार्थ राजपूत, ग्राम प्रधान सुशील कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रथम पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



छिबरामऊ, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद-विधायक स्वर्गीय छोटे सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पश्चिमी बाईपास स्थित लोहिया सदन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं वक्ताओं ने स्व. छोटे सिंह यादव के राजनीतिक जीवन, समाज सेवा तथा क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी और आम लोगों की आवाज बनकर कार्य किया। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, प्रधान धर्मेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, प्रदेश सचिव अफजाल अहमद फारुकी, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष संतोष दिवाकर, पूर्व लोहिया वाहिनी अध्यक्ष योगेंद्र यादव, व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर सहित अच्छे खान, लोकेंद्र यादव, अजय यादव, बाबा राम प्रकाश एवं गोविंद यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# छज्जा-टीनशेड ढहा, छह लोग दबे चार गंभीर मेडिकल कॉलेज रेफर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के बलनापुर कुटिया गांव में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। एक मकान का जर्जर छज्जा और उसके नीचे बना टीनशेड अचानक भरभराकर ढह गया।

हादसे के समय नीचे बैठे और खड़े लोग मलबे में दब गए। घटना में छह लोग घायल हो गए, जिनमें चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

गांव निवासी वीरभान राठौर, रामभान, विजयभान और श्यामभान का संयुक्त मकान है, जिसमें चार परिवार रहते हैं। शनिवार दोपहर मकान के सामने बने टीनशेड के नीचे लोग बैठे थे। इसी दौरान मकान का पुराना और कमजोर छज्जा अचानक टूटकर नीचे आ गिरा, जिससे



टीनशेड भी ध्वस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों ने मिलकर मलबा हटाया और दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों में संजू राठौर (35), अरुण (40), राज (11), शईम (45), सनोज (32) और साम्या (16) शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद संजू, शईम, अरुण और राज की गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार रात हुई बारिश के कारण मकान में नमी बढ़ गई थी। छज्जा पहले से जर्जर था, जिससे उसकी मजबूती और कमजोर हो गई तथा वह अचानक ढह गया। बाद में जेसीबी की मदद से

- बलनापुर कुटिया गांव में जर्जर छज्जा गिरने से मचा हड़कंप
- ग्रामीणों और पुलिस ने मलबा हटाकर घायलों को निकाला

मलबा पूरी तरह हटवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर नवनीता राय, तहसीलदार अवनीश कुमार और राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। एसडीएम ने बताया कि छज्जे के ऊपर बने शौचालय के कारण लगातार नमी बनी रहती थी, जिससे संरचना कमजोर हो गई थी। प्रशासन द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है और नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। साथ ही घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# वाहन की टक्कर से महिला स्वास्थ्य कर्मी घायल, रेफर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जीटी रोड हाइवे पर सरायदौलत गांव के पास किसी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से पति के साथ बाइक से जा रही महिला स्वास्थ्यकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें गंभीर हालत में सौ शैया अस्पताल से मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर किया गया। वह तीन माह की गर्भवती बताई जा रही हैं।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के परीक्षितपुर गांव निवासी शिल्पी कुमारी (28) पत्नी मनु कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में सीएचओ के पद पर कार्यरत हैं। शनिवार को वह अपनी ड्यूटी करने के बाद पति मनु कुमार के साथ बाइक से छिबरामऊ किसी काम से



जा रही थी। जब वह जीटी रोड हाइवे पर सराय दौलत गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार किसी चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से उछलकर सडक़ पर जा गिरी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। उनके पति ने बताया कि वह करीब तीन माह की गर्भवती हैं।

# विकसित भारत की चौपाल में गूंजा खेत बचाओ अभियान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत असालताबाद में शासन की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत की चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि सुरक्षा एवं आधुनिक खेती के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार रामप्रकाश ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और ग्रामीणों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील



की। एडीओ कृषि आदित्य कुमार एवं टीए धीरेन्द्र प्रताप ने किसानों को आवारा पशुओं, जलभराव तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की सुरक्षा के वैज्ञानिक उपाय बताए। उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने के फायदे भी विस्तार से समझाए। किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान वंदना राठौर ने गांव में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि विकसित भारत की चौपाल ग्रामीणों और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद का माध्यम बन रही है। वहीं सचिव बृजेश कुमार यादव और कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय कुमार ने सरकारी पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निस्तारण तथा पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य संपन्न कराया। चौपाल में किसानों ने खेतों की सुरक्षा, जल निकासी और अन्य स्थानीय समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौ रक्षा के समर्थन में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के तत्वावधान में गौवंश संरक्षण एवं गौ रक्षा से संबंधित मांगों के समर्थन में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य जनसमर्थन जुटाकर गौ संरक्षण के मुद्दों को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि अभियान के दौरान क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं बाजारों में विशेष शिविर लगाए गए। मंशेश्वरनाथ मंदिर, गंगेश्वरनाथ मंदिर तथा बाबा की बगिया व बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर लोगों से संपर्क कर हस्ताक्षर कराए गए। उन्होंने कहा कि



गौवंश की सुरक्षा, संरक्षण और उनके लिए बेहतर व्यवस्थाओं की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से एकत्र जनसमर्थन को ज्ञापन के रूप में संकलित किया जा रहा है। यह ज्ञापन आगामी 27 जुलाई को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। रंजीत पांडेय ने विश्वास जताया कि इस पहल से प्रशासन का ध्यान गौ संरक्षण की ओर आकर्षित होगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# उपचार के दौरान मासूम की मौत से हड़कंप

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक निजी दवाखाने में उपचार के दौरान 6 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। पर जिन्होंने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए रोड पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम सराय प्रयाग निवासी आशीष कुमार की 6 वर्षीय पुत्री मुस्कान घर में सबसे छोटी संतान थी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए और आक्रोश व्यक्त किया। परिजनों का आरोप है कि उपचार के दौरान बच्ची को लगाए गए इंजेक्शन के बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। हालांकि, इस संबंध में अभी तक किसी भी प्रकार की



आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। घटना से नाराज परिजनों ने बच्ची का शव अस्पताल के बाहर रखकर सड़क को जाम कर दिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप**

सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और अस्पताल पक्ष से बातचीत कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। घटना के बाद मृतक की बच्ची के माता-पिता सहित बड़ी बहन खुशी और भाई हर्षवर्धन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद विवादित जमीन बेचने का आरोप

- आदिल परवेज ने दिया कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में न्यू सरकार बीड़ी फैक्ट्री की जमीनों को लेकर विवाद गहरा गया है। फैक्ट्री के एक पार्टनर ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर फैक्ट्री के ही पार्टनरो पर हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर विवादित संपत्तियां बेचने का आरोप लगाया है। नगर के जी.टी.रोड निवासी आदिल परवेज पुत्र आले अहमद ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि न्यू सरकार बीड़ी फैक्ट्री में आदिल परवेज, खालिद परवेज, साजिद परवेज व अफशां परवीन पार्टनर हैं। कन्नौज के तिर्वा, गुरसहायगंज, समधन व मझपुरवा में स्थित फैक्ट्री की अचल संपत्तियों के बंटवारे को लेकर मामला उच्च न्यायालय प्रयागराज में विचाराधीन है। कोर्ट ने सभी संपत्तियों की बिक्री व स्थानांतरण पर रोक लगा रखी है। आदिल परवेज का आरोप है कि इसके बावजूद खालिद परवेज ने युवक के साथ मिलकर मझपुरवा व समधन स्थित विवादित संपत्तियों को धोखाधड़ी से छिपाकर बेचने का षड्यंत्र किया जा रहा है।आदिल परवेज ने तहरीर मैं बताया कि डुंडवाबुजुर्ग स्थित व्यक्तिगत प्रॉपर्टी जो उनके नाम है, उसे भी खालिद परवेज ने युवक निवासी डुंडवाबुजुर्ग को बेचने के लिए प्रचारित किया। उनका आरोप है कि 10 लाख रुपये एडवांस भी ले लिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।फिलहाल पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जाच के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जिला मंत्री ने किया विशेष जनसंपर्क अभियान में सम्मानित

- सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष
- देश हित और जन सेवा के प्रति समर्पित किया : संजीव कुमार

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के निमित्त विशेष जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री के नेतृत्व में नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर लोगों का सम्मान किया गया और अभियान की जानकारी दी गई भारतीय जनता पार्टी के जिला



मंत्री संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू भैया के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के निमित्त विशेष अभियान के अंतर्गत नगर के रेलवे रोड स्थित धर्मेंद्र गुप्ता का जिला मंत्री संजीव कुमार गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी का पटका पहनकर उनका स्वागत किया उन्होंने कहा कि देश हित और जन सेवा के प्रति समर्पित किया अभियान विकसित भारत के संकल्प और अधिक सशक्त बनाने का माध्यम है 12 साल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के लिए देश के प्रधानमंत्री ने देश की जनता के साथ जो कार्य किया है उसको कभी बुलाया नहीं जा सकता। इसी क्रम में नगर के तिर्वा रोड पर अंशुल गुप्ता के भी प्रतिष्ठान पर जिला महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता की टीम ने पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के निमित्त विशेष जनसंपर्क अभियान की जानकारी देते हुए स्वागत किया इस मौके पर नगर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के अलावा स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

# कृषक गोष्ठी में किसानों को दी गई योजनाओं की जानकारी

- एसडीएम नवनीता राय ने योजनाओं का लाभ लेने के लिए किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर तहसील के ब्लॉक जलालाबाद की ग्राम पंचायत सतवारी में विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं सघन खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत प्रशासक शकुंतला सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

गोष्ठी में सदर एसडीएम नवनीता राय ने किसानों और ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान भूमि अभिलेखों में पहले से मौजूद त्रुटियों को सुधारने के बाद किसानों को सही किए गए इंतखाफ और खतौनी भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. वरुण कटियार ने आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना और आभा आईडी जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ने किसानों को खेतों की मिट्टी की नियमित एवं निशुल्क जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने तथा फसल अवशेषों को न जलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता और उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है। एडीओ पंचायत प्रदीप कुमार ने किसानों को फसल चक्र अपनाने और खेतों की उर्वरता बढ़ाने के लिए गोबर की खाद के उपयोग पर जोर दिया। वहीं समाज कल्याण विभाग के अमित कुमार ने लखपति दीदी योजना, वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी।

# एसपी ने किए 17 पुलिसकर्मियों के तबादले

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- देर रात एसपी बिनोद कुमार ने जारी की सूची

पुलिस विभाग में शनिवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार ने 17 पुलिसकर्मियों के तबादले करते हुए नई तैनाती सूची जारी की। तबादला सूची में 2 निरीक्षक और 15 उपनिरीक्षक शामिल हैं। इस फेरबदल में दो महिला उपनिरीक्षकों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक कमल सिंह को पुलिस लाइन से मॉनिटरिंग सेल का प्रभारी बनाया गया है, जबकि निरीक्षक दिग्विजय सिंह को साइबर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक विश्वनाथ आर्य को सरायमीरा चौकी, रक्षा सिंह को कला



चौकी, नीतू यादव को कचहरी चौकी, रामशंकर पांचाल को हसेरन चौकी, जगभान सिंह को उमर्दा चौकी, राजेश कुमार को तालग्राम कस्बा चौकी, ज्ञानेंद्र सिंह को मेडिकल कॉलेज चौकी तथा वीरेंद्र द्विवेदी को चपुन्ना चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कचहरी चौकी प्रभारी साहिल शर्मा को कुसुमखोर चौकी भेजा गया है। ठठिया थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक असीब अहमद का तबादला तालग्राम थाने तथा तालग्राम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र का तबादला ठठिया थाने किया गया है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी सोमेश चंद्र को मकरंद नगर चौकी, हसेरन चौकी प्रभारी राजेश कुमार को सुरसी चौकी और चपुन्ना चौकी प्रभारी महेंद्र कुमार को अमोलर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं उमर्दा चौकी प्रभारी रमाकांत को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस महकमे में हुए इस व्यापक फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा पुलिसिंग की कार्यकुशलता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर लखनऊ में महापंचायत आज

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ द्वारा सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और अधिकारों को लेकर रविवार को लखनऊ के लालबाग स्थित नगर निगम परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक एवं महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें प्रदेश भर के सफाई कर्मचारियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा सिंह वाल्मीकि ने सफाई कर्मचारी भाइयों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक सफाई कर्मचारी संगठित होकर अपनी आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। महापंचायत में प्रमुख रूप से ठेका प्रथा समाप्त करने, संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थायी करने तथा स्थायी कर्मचारियों के लिए पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांगों को उठाया जाएगा। संगठन का कहना है कि वर्षों से सफाई कर्मचारी इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और अब उन्हें न्याय दिलाने के लिए व्यापक आंदोलन की आवश्यकता है। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे सफाई कर्मचारी समाज की है।

# पालिका सभागार में लगी पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला

- रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण की दी जानकारी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका सभागार में पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला नगरीय विकास अभिकरण, कन्नौज से आईं मेघना गुप्ता ने पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन और नई व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी दुकानदारों को व्यापार बढ़ाने के लिए




3 चरणों में ऋण दिया जाता है। पहले चरण में 15,000 रुपये, दूसरे में 25,000 रुपये और तीसरे चरण में 50,000 रुपये का ऋण स्वीकृत होता है। साथ ही जो लाभार्थी दो चरण के ऋण का समय पर भुगतान करते हैं, उन्हें क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी दी जाती है ताकि कारोबार में आसानी हो सके।मेले के दौरान रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के प्रथम ऋण हेतु 3, द्वितीय ऋण हेतु 2 और तृतीय ऋण हेतु 1 आवेदन ऑनलाइन किए गए। कार्यक्रम में पालिका लेखाकार आकाश कुमार, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर सिंह, जनार्दन मिश्रा, मनोज कुमार, गौरव कुमार, राजेश कुमार वर्मा, मो. केशर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मेरठ की टीम ने 42.5 किलो गांजे के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को दबोचा

▸ 21 लाख रुपये बतायी गई कीमत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरठ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुखबिर की सूचना पर कायमगंज बाईपास मार्ग स्थित बेरिया तिराहे से दो अंतर्राज्यीय मादक तस्करों को रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपियों के पास से एक सूटकेस और दो बैग में भरा 42.5 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार लगभग 21 लाख रुपये है। टीम को इनपुट मिला था कि भारी मात्रा में गांजा लेकर दो तस्कर कायमगंज पहुंचने वाले हैं। टीम ने कायमगंज बेरिया तिराहे पर जाल बिछाया। जैसे ही दोनों आरोपी बस से उतरे, टीम ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। तलाशी में सूटकेस और बैग से 42.5 किलो गांजा निकला। गिरफ्तार आरोपी सतेंद्र चौधरी उर्फ मुन्ना निवासी सिवान, बिहार और मिन्ना निवासी कोरापुट उड़ीसा का है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों उड़ीसा के कोरापुट से गांजा लेकर ट्रेन से निकले थे।

कोरापुट से रायपुर छत्तीसगढ़ रायपुर से कानपुर, कानपुर से फर्रुखाबाद और फिर फर्रुखाबाद से बस द्वारा कायमगंज पहुंचे। इस खेप की डिलीवरी कायमगंज में ही एटा जिले के थाना जैथरा के गांव गोहटिया निवासी कैसर खां को दी जानी थी। बरामदगी के बाद टीम ने तुरंत उच्चाधिकारियों को सूचना दी। नायब तहसीलदार अनवर हुसैन मौके पर पहुंचे। उनके सामने ही पूरे माल की तौल कर सीलिंग की गई। इसके बाद दोनों आरोपियों को कोतवाली लाया गया। कार्रवाई में मेरठ के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबिल पंकज, रोहित, कपिल रावत तथा कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक अरविंद कुमार यादव, जावेंद्र सिंह और प्रवीण यादव शामिल रहे। मेरठ टीम की तहरीर पर कायमगंज कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। अब माल लेने वाले आरोपी एटा के कैसर खां की तलाश की जा रही है। उड़ीसा से बिहार के तस्कर, छत्तीसगढ़-कानपुर होते हुए फर्रुखाबाद और फिर कायमगंज पहुंचे। इस कार्रवाई ने गांजा तस्करी के बड़े रूट का भंडाफोड़ किया है। 21 लाख के माल के साथ दो तस्करों की गिरफ्तारी के बाद अब एटा कनेक्शन पर पुलिस की नजर है।



आरोपियों से पूछताछ करती टीम

# कोतवालेश्वर हनुमान मंदिर पर हुआ भण्डारा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवालेश्वर हनुमान जी मंदिर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा हनुमान जी महाराज के जयकारों से भक्तिमय माहौल हो गया।

रेलवे रोड कोतवाली गेट पर स्थित मंदिर श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी मंदिर कायमगंज ही नहीं पूरे जिले में समाजसेवाओ के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिसमें आए दिन कोई ना कोई सामाजिक सेवाएं होती रहती हैं। लगातार समाज सेवाएं जारी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, प्रबंधक संगम शाक्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल, उपाध्यक्ष दीपक शाक्य, सदस्य गुरुदेव आदि भक्तजन उपस्थिति रहे। वहीं अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी ने व प्रबंधक संगम शाक्य ने बताया कि 15 जून दिन सोमवार को मंदिर के छठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से भव्य सुंदरकाण्ड पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन होगा। सभी भक्त अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर पुण्य के भागीदार बनें।



भण्डारे में प्रसाद लेते भक्तगण

## शॉर्ट सर्किट से बिजली के खंभे पर लगी आग, मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र स्थित लाइफ लाइन अस्पताल के बाहर लगे बिजली के खंभे पर लगे विद्युत बॉक्स में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार बिजली का बॉक्स करीब आधे घंटे तक धू-धू कर जलता रहा। घटना के दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अस्पताल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए फायर सिलेंडर की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया और आग पर नियंत्रण पाया। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के लाइनमैन राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और विद्युत आपूर्ति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली व्यवस्था की जांच कराने और ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।



आग बुझाता युवक

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल, लोहिया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कार व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में पूर्व छात्र महासंघ अध्यक्ष के पुत्र सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के नुनहाई निवासी पूर्व छात्र महासंघ अध्यक्ष भप्पू सोनी के 30 वर्षीय पुत्र विभु तिवारी अपने साथी 21 वर्षीय रूमी कुमार पुत्र सुरेश चंद्र प्रजापति निवासी नुनहाई सुनहरी मस्जिद के साथ बाइक से कमालगंज क्षेत्र में चल रहे पीवीसी कार्य को देखने गए थे। वापस लौटते समय थाना कमालगंज क्षेत्र की बघार चौकी के निकट सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक डॉ0 अभिषेक चतुर्वेदी ने उपचार शुरु किया। चिकित्सक ने बताया कि विभु तिवारी के सीने और जांघ में गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं रूमी कुमार के सिर में चोट लगी है और उनका उपचार जारी है। वहीं घायल विभु ने बताया कि दुर्घटना के बाद उनके गले में पहनी सोने की चेन, अंगूठी तथा पर्स गायब है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।



लोहिया में मौजूद परिजन



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस

## पुराने विवाद को लेकर युवक ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी एक युवक ने पुराने विवाद को लेकर पुलिस से सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। युवक ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आशंका जताई है कि पूर्व में हुए विवाद की रंजिश के चलते विपक्षी पक्ष दोबारा विवाद खड़ा कर सकता है। नगर के मोहल्ला पुराना गनीपुर निवासी सनी पुत्र रघुबीर सिंह ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ लोगों से पेड़ लगाने को लेकर उसका विवाद हो गया था। आरोप है कि उसी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी पक्ष भविष्य में उसके साथ वाद-विवाद या अन्य प्रकार का विवाद उत्पन्न कर सकता है। युवक ने पुलिस से मामले में आवश्यक कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की मांग की है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने प्रार्थना पत्र प्राप्त कर मामले की जानकारी ली है और आवश्यक जांच की बात कही है।

## खबरें एक नजर में

### सीढ़ियों से फिसलकर घायल हुए बुजुर्ग की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** हल्की बारिश के बीच सीढ़ियों से फिसलकर घायल हुए बुजुर्ग सब्जी विक्रेता की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को सैफई मेडिकल विश्वविद्यालय में उन्होंने अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ला काजी टोला वार्ड शास्त्री नगर निवासी 65 वर्षीय राधेश्याम शाक्य शुक्रवार सुबह घर के बाहर दूध ले रहे थे। बारिश के कारण सीढ़ियां गीली थीं। दूध लेकर अंदर जाते समय उनका पैर फिसल गया और वह सड़क पर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से वह लहूलुहान हो गए। परिजन उन्हें पहले स्थानीय उपचार के बाद सैफई मेडिकल विश्वविद्यालय ले गए, जहां शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। राधेश्याम शाक्य वर्षों से नगर मंडी में सब्जी की दुकान लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत से बाजार क्षेत्र और मोहल्ले में शोक छा गया। वह अपने पीछे पत्नी सुनीता देवी, पुत्र अखिलेश शाक्य और पुत्री अलका शाक्य को छोड़ गए हैं। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा।

### प्रभारी मंत्री का दौरा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग के मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर आ रहे है। जिला सूचना कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 14 जून दिन रविवार को आ रहे है। वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कलेक्ट्रेट सभागार में 4:30 पर पत्रकारों से भी वार्ता करेंगे।

### बकाया भुगतान मांगने पर जान से मारने की धमकी, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एक कंपनी के एक कर्मचारी ने बकाया भुगतान मांगने पर अभद्रता और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए थाना मोहम्मदाबाद में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के मोहल्ला किदवई नगर निवासी मधुर दुबे ने गुरुवार पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत हैं। उनके अनुसार कार्य के सिलसिले में उनका व्यावसायिक व्यवहार नीमकरोरी निवासी अंकित गुप्ता व ऋषभ गुप्ता से था, जिन्हें कंपनी का माल सप्लाई किया गया था। मधुर दुबे का आरोप है कि माल की सप्लाई के एवज में लगभग 50 हजार रुपये का भुगतान लंबे समय से बकाया है। उन्होंने बताया कि कई बार भुगतान की मांग करने के बावजूद आरोपित लगातार टालमटोल करते रहे। आरोप है कि जब वह बकाया राशि लेने के लिए स्वयं नीमकरोरी पहुंचे तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और दोबारा भुगतान मांगने आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि बकाया भुगतान न मिलने से कंपनी की ओर से उन पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनकी नौकरी पर भी संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने अपनी जानमाल की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा बकाया भुगतान दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# आंधी से गिरी दीवार, महिला घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार सुबह आयी तेज आंधी बारिश के कारण एक मकान की दीवार गिरने से बर्तन धो रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर निवासी कुसमा शनिवार सुबह करीब 6 बजे अपने घर में बर्तन धो रही थीं। उसी दौरान तेज हवा और हल्की बारिश के बीच अचानक दीवार ढह गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबे में दबी कुसमा को बाहर निकाला और उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर लोहिया पहुंचे कुसमा के भाई ने बताया कि उनके पति की पहले ही मौत हो चुकी है। कई वर्षों से मायके में ही बच्चों के साथ रहती हैं।



लोहिया में भर्ती घायल महिला

## पुलिस अधीक्षक ने पांच उपनिरीक्षकों को बनाया चौकी इंचार्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के उद्देश्य से पांच उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है। जिसमें पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह को प्रभारी चौकी मण्डी कायमगंज बनाया गया है। उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र को पुलिस लाइन से खुदागंज चौकी इंचार्ज, उपनिरीक्षक सुनील कुमार गोयल को पुलिस लाइन से जहानगंज की चौकी राजपूताना का इंचार्ज बनाया है। उपनिरीक्षक शेखर सैनी को पुलिस लाइन से मेरापुर की अचरा चौकी प्रभारी,उपनिरीक्षक संतोष कुमार को पुलिस लाइन से शहर कोतवाली की चौकी पल्ला का प्रभारी इंचार्ज बनाया गया है।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान की छत में हुआ बड़ा छेद

▸ बायरिंग जलकर राख, परिवार बाल-बाल बचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव उलियापुर में शनिवार तड़के 4:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। अमन सक्सेना पुत्र बच्चन लाल सक्सेना के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से छत फट गई और विद्युत वायरिंग में आग लग गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त घर में सो रहे अमन सक्सेना, उनकी पत्नी कुंती और बहन गुड़िया सुरक्षित बच गए। अमन सक्सेना ने बताया कि रात से ही तेज बारिश के साथ बिजली कड़क रही थी। सुबह करीब साढ़े चार बजे अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाके के साथ ही मकान की छत में बड़ा छेद हो गया। छत का मलबा पत्नी कुंती और बहन गुड़िया के पास गिरा, लेकिन दोनों को खरोंच तक नहीं आई। बिजली गिरते ही कमरे में लगा विद्युत बोर्ड जल उठा और पूरी वायरिंग में आग लग गई।

आग तेजी से पर्दों तक पहुंच गई। चीख-पुकार सुनकर अमन के पिता व अन्य परिजन दूसरे कमरे से दौड़े। पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर आग बुझाई गई।

अमन ने बताया कि बारिश के कारण उस वक्त बिजली आपूर्ति बंद थी, छत फटने से बोर्ड पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, हादसे में जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन मकान और बिजली के उपकरणों को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर मुआवजे की मांग की है।



आकाशीय बिजली गिरने से छत पर गड्ढा

# ईंटों के पिलर से दबकर दो मासूम घायल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

छत पर खेल रहे दो मासूम छप्पर डालने के लिए बने ईंटों के पिलर से दब गए। जिनकी चपेट में आकर दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। गंभीर हालत में एक मासूम को निजी अस्पताल व एक को लोहिया रेफर किया गया।

छत पर खेलते समय घटी घटना

क्षेत्र के गांव कटिया निवासी फतेह मीर खां के मकान की छत पर छप्पर डालने के लिए ईंटों के पक्के पिलर बनाए गए थे। पिलर में रस्सियां बंधी हुई थी। शनिवार शाम करीब चार वर्षीय अरशान पुत्र नयाब खां, पड़ोसी तौकीर खान की तीन वर्षीय बेटी अलीशा के साथ छत पर बने पिलर में बंधी रस्सियों से खेल रहा था। इसी दौरान पिलर भरभराकर गिर पड़े और दोनों मासूम मलबे में दब गए। चीख सुनकर स्वजन और आसपास के लोग दौड़ पड़े। आनन-फानन में मलबा हटाकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल अलीशा को स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज व अरशान को निजी अस्पताल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद अलीशा को लोहिया रेफर किया गया।



अस्पताल में भर्ती बच्ची

## बच्चे के सामने दबंग ने पिता को पीटा, मुकदमा दर्ज

▸ पीड़ित सलमान ने बताया कि आरोपी पहले भी केस वापस लेने और गवाही से मुकरने का बना चुका है दबाव

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** गवाही न देने की सजा सरेआम मिली। नगर के श्यामा गेट बाजार में रविवार शाम 7 बजे खिलौना खरीदने गए युवक को गांव के ही आरोपी ने बच्चे के सामने बुरी तरह पीट दिया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से भाग गया। कोतवाली पुलिस ने घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गऊटोला गांव निवासी सलमान 8 जून की शाम अपने बच्चे के साथ श्यामा गेट की एक दुकान पर खिलौना खरीद रहा था। आरोप है कि तभी गांव का गुलजार वहां पहुंचा। गुलजार ने पहले से दर्ज एक मुकदमे में गवाही न देने का दबाव बनाते हुए सलमान को डराना-धमकाना शुरू कर दिया। सलमान के इनकार करने पर गुलजार आग बबूला हो गया। उसने गाली-गलौज करते हुए सरेआम मारपीट शुरू कर दी। हमले में सलमान घायल हो गया। बच्चे के सामने पिता को पिटता देख दुकान पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित सलमान ने पुलिस को बताया कि आरोपी गुलजार आपराधिक प्रवृत्ति का है। पहले भी केस वापस लेने और गवाही से मुकरने का दबाव बना चुका है। इस बार बच्चे के सामने हुई मारपीट से पूरा परिवार दहशत में है। कोतवाली पुलिस ने सलमान की तहरीर पर आरोपी गुलजार के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मारपीट व जानमाल की धमकी देने में दो पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मारपीट व जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला अपर दुर्गा कालोनी लोको रोड निवासी विक्रम सिंह पुत्र स्व0 परशुराम सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ में दी तहरीर में दर्शाया कि 20 मार्च को अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र विजय पाल सिंह निवासी लोको रोड ने मेरी पत्नी व बेटी को गालियां दी। 22 व 23 मार्च को आरोपी ने फोन पर मुझे व मेरे बेटे को धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी और तेरे बेटे को गोली मार दूंगा। 20 अप्रैल को जब मैं अपनी ड्यूटी जा रहा था, तभी अभिषेक ने सामने से आकर गालियां दी। जब विरोध किया तो आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। किसी तरह मैं अपनी जान बचाकर भाग आया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# पूर्व प्रधान के भाई की धारदार हथियार से हत्या

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ढर्रा शादी नगर निवासी विनोद कुमार उर्फ शिवमोहन दीक्षित की शक्रवार रात गांव से कुछ दूरी पर अपने नलकूप सिर पर किसी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गए और बचने के लिए घर की ओर भागे। इस दौरान वह दरवाजे के पास गिर पड़े, वहीं पर उनकी मृत्यु हो गई।

फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर नमूने किये एकत्रित

जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव ढर्रा शादी नगर निवासी पूर्व प्रधान हरिमोहन दीक्षित के छोटे भाई विनोद कुमार उर्फ शिवमोहन दीक्षित पुत्र सोनेलाल उम्र लगभग 55 वर्ष के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची मेरापुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की रात्रि शिवमोहन दीक्षित रोज की तरह अपने घर पर ही सोए थे। रात समय लगभग 12 से मोहन दीक्षित के फोन पर किसी व्यक्ति ने फोन किया। फोन आने के बाद रात में ही शिव मोहन दीक्षित अपना फोन घर पर ही छोड़ कर अंडरवियर व बनियान में ही खेतों की ओर चले गए। वहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिव मोहन दीक्षित के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। शनिवार सुबह पुत्र मृदुल को अपने पिता शिवमोहन दीक्षित का शव दरवाजे पर पड़ा मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मृतक के बड़े भाई पूर्व प्रधान हरिमोहन दिक्षित ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिवमोहन दीक्षित कोतवाली छिबरामऊ क्षेत्र के गांव पलिया के मूल निवासी थे। शिव मोहन दीक्षित की ढर्रा शादी नगर में ननिहाल थी, शिव मोहन दीक्षित अपने बड़े भाई हरि मोहन दीक्षित के साथ बचपन से ही ननिहाल में ही रहते थे और इनके भाई बृजमोहन व जगमोहन गांव पलिया में ही रहते हैं। इनके एक भाई अरुण कुमार बनारस में अध्यापक हैं। घटना के बाद से मृतक की पत्नी ममता पुत्र मृदुल पुत्री आरजू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मेरापुर थाना प्रभारी राजीव पांडेय ने बताया कि अभी घटना की तहरीर नहीं मिली है। शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम कराया गया है।



मृतक का फाइल फोटो



-रोते बिलखते मृतक के परिजन



नमूने एकत्रित करती फॉरेंसिक टीम

## गौमाता के अवशेष मिलने पर हिन्दू रक्षा दल ने किया भू-विसर्जित



पांचाल घाट पर मौजूद हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिंदू रक्षा दल व गोरक्षा टीम ने गौमाता के अवशेष मिलने पर नाराजगी जतायी और मामले को संज्ञान में लेकर जेसीबी मंगाई और पांचाल घाट पहुंचकर गौमाता के अवशेषों को भू-विसर्जित कराया। नगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने अपनी टीम के साथ गौमाता के मिले अवशेषों को भू-विसर्जित कराया और गौ सेवा का संकल्प लिया कि किसी भी तरह गौमाता को सताया गया या अवशेष रोड पर मिले तो दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। इस मौके पर शरद बाल्मीकि, रिशु कश्यप, अमित कुशवाहा, रवि बाल्मीकि, कृष्ण कौशल, हिमेश बाल्मीकि, आदर्श श्रीवास्तव, लाबी सैनी, बंश गुप्ता, कुनाल गुप्ता, प्रशांत राजपूत, कार्तिक बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# चार दिन में धंसी लाखों रुपये की बनी सड़क, गुणवत्ता पर उठे सवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड संख्या 36 के मोहल्ला मछली टोला में लाखों रुपये की लागत से हाल ही में निर्मित कराई गई इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के महज चार दिन बाद ही धंसने लगी है। सड़क की कई ईंटें जमीन में समा गई हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।



धंसी सड़क

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 के मोहल्ला मछली टोला में विजय कुमार पुत्र वंशीलाल के मकान के सामने लोहे के जाल के पास इंटरलाकिंग सड़क का हिस्सा सबसे अधिक क्षतिग्रस्त हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य कुछ दिन पहले ही पूरा हुआ था, लेकिन निर्माण के तुरंत बाद ही सड़क में धंसाव शुरू हो गया। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों और तकनीकी गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य सही तरीके से किया गया होता तो नई सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होती। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि सड़क की मजबूत नींव तैयार करने के बजाय जल्दबाजी में कार्य पूरा किया गया। पर्याप्त मात्रा में गिट्टी, बालू और अन्य आवश्यक निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, जिसके कारण सड़क की सतह कमजोर साबित हुई और सड़क धंस गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन गुणवत्ता की निगरानी और जवाबदेही के अभाव में जनता को उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। सड़क धंसने से क्षेत्र के लोगों और राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत और जांच नहीं कराई गई तो सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो सकता है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच करवाने तथा दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क का पुनर्निर्माण कराकर भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू करने की भी मांग की है। सड़क धंसने की घटना के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्र में चर्चा और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि जनता के पैसे का सही उपयोग हो सके और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# समीक्षा बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के दिये गये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर शनिवार को विधानसभा कायमगंज में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि मुख्य मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार एवं विशिष्ट अतिथि मण्डल प्रभारी विजय भास्कर व शिवकुमार गौतम, जिलाध्यक्ष नागेन्द्र जाटव के नेतृत्व में बैठक सम्पन्न हुई। जितेन्द्र शंखवार ने विधान सभा की बूथ स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की। बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार रही सरकार में बहुजन हित में किए गए कार्यों को बताया। 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। विजय भास्कर ने बहुजन महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला और बहुजन समाज पार्टी में बूथ स्तर पर हो रही बैठकों में तेजी लाने के लिए, कहा। इस मौके पर अरुण त्रिवेदी, बृजेश, जंगलीलाल बाथम, गौरव सिद्धार्थ, धर्मेन्द्र राणा, अखिवरन सिंह लोधी, नेम सिंह, आनंद सिद्धार्थ, वरुनेश निगम, उपेन्द्र लोधी, अनुज गौतम, आनंद कुमार, वीरेंद्र, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



संबोधित करते विजय भास्कर

## प्रमाण पत्र पाकर बच्चों के खिले चेहरे



प्रमाण पत्र के साथ बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संगीत नाटक अकादमी लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नाद प्रवाह के अन्तर्गत संचालित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला ढोलक कार्यशाला के प्रमाण पत्र वितरित किये गए। 15 दिवसीय कार्यशाला की प्रशिक्षिका किरण त्रिवेदी ने ढोलक का विभिन्न ताल, थाप आदि का प्रतिक्षण दिया। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम में दीपक रंजन सक्सेना, नवीन मिश्रा ने सभी को प्रमाणपत्र वितरण कर उनके जीवन की मंगल कामना की। कार्यक्रम का संचालन सचिव गौरव मिश्रा बंटी ने किया। प्रमाणपत्र वितरण के दौरान भारतेन्दु नाट्य अकादमी के सदस्य सुरेन्द्र पाण्डेय, कुल भूषण श्रीवास्तव, अरविंद दीक्षित, अनुभव सारस्वत, अर्पण शाक्य, प्रवेश वर्मा, आशीष शर्मा आदि शामिल मिल हुए।

# ई-रिक्शा व डग्गामार वाहनों से लग रहा जाम, लोग बेहाल

▸ बीच सड़क खड़े वाहन में भरी जाती है सावरियां, हादसों को दे रहे दावत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज में अतिक्रमण, ई-रिक्शा और डग्गामार वाहनों की मनमानी के चलते आए दिन जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है। मुख्य चौराहे और बाजार क्षेत्र में दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीरों, व्यापारियों, दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ई-रिक्शा और डग्गामार वाहन चालक सवारियां बैठाने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस दौरान कई बार उनके बीच गाली-गलौज और धक्का-मुक्की तक की नौबत आ जाती है। चालक बीच सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर सवारियों का इंतजार करते रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बन जाती है। कस्बे के लोगों का कहना है कि नवाबगंज चौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात रहने के बावजूद यातायात व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। पुलिस की ढिलाई के कारण अवैध रूप से सवारियां भरने वाले वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं और जाम की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि चौराहे और बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ ई-रिक्शा एवं डग्गामार वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड बनाए जाएं तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।



जाम में फंसे वाहन

# शादी में बैंडबाजा न देखकर भड़की दुल्हन, शादी से किया इनकार

▸ लगातार मिल रही धमकियों से मानसिक तनाव में हैं युवती और उसके परिवार के लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव बल्लू बेहटा निवासी एक युवती ने शादी के दिन ही विवाह करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बारात बिना शादी के वापस लौट गई।

घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवती अपनी बड़ी बहन के घर नवाबगंज नगर के मोहल्ला चिकन वाली गली में रह रही है। परिजनों ने लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी शादी कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव रोहिला निवासी युवक के साथ तय की थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 जून को बारात नवाबगंज पहुंची। बारातियों का स्वागत कर भोजन कराया गया और द्वारचार की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान युवती को पता चला कि बारात में बैंड-बाजा, आतिशबाजी और वीडियो कैमरे की व्यवस्था नहीं की गई है। इस बात से नाराज होकर उसने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। दुल्हन के फैसले से दोनों पक्षों में हड़कंप मच गया। परिजनों और रिश्तेदारों ने काफी देर तक उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने निर्णय पर अड़ी रही। काफी प्रयासों के बाद भी मामला नहीं सुलझा तो बारातियों को भोजन कराया गया और बिना विवाह संपन्न हुए बारात वापस लौटा दी गई। आरोप है कि बारात लौटने के बाद युवक और उसके परिजनों ने फोन के माध्यम से युवती पक्ष पर शादी करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। युवती के परिजनों का कहना है कि शादी न करने पर युवती को घर से उठाकर ले जाने की धमकी भी दी जा रही है। लगातार मिल रही धमकियों से युवती और उसके परिवार के लोग मानसिक तनाव में हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले की कोई औपचारिक शिकायत पुलिस को नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### लकवाग्रस्त पिता की बेटी की शादी में मददगार बने समाजसेवी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मानवता और सामाजिक सरोकार की मिसाल उस समय देखने को मिली जब मोहन नगला (मौजा लडैता) निवासी लकवाग्रस्त अनवार अली की पुत्री मुस्कान के विवाह में समाजसेवियों ने आगे बढ़कर मदद की। अनवार अली पिछले कई वर्षों से लकवे की बीमारी से पीड़ित हैं, जिसके चलते परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा था। बेटी का विवाह सौरिख निवासी नाजिम के साथ तय होने के बाद परिवार के सामने विवाह की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बन गया था। परिवार की परेशानी की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिलने पर फर्रुखाबाद के समाजसेवी एवं सपा जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने संज्ञान लिया। वह अपनी टीम के साथ विवाह स्थल पहुंचे और परिवार को दहेज का आवश्यक सामान तथा आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान मौलाना इरफान उल हक, प्रधान धर्मेंद्र सिंह यादव, इलियास मंसूरी, अफजाल अहमद फारुकी, संतोष दिवाकर, अच्छे खान और शकील खान भी मौजूद रहे। इसके अलावा विशुनगढ़ निवासी अकबर हुसैन ने पंखा, बर्तन व अन्य घरेलू सामान भेंट किया, जबकि समाजसेवी लोकेंद्र यादव ने आर्थिक सहयोग के साथ भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली। समाजसेवियों के सहयोग से मुस्कान का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। परिवार ने सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। क्षेत्र में इस मानवीय पहल की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

### शहर कोतवाल बने धर्मेन्द्र सिंह गहलोत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने दो थानाध्यक्षों की तैनाती में फेरबदल किया है। एसपी द्वारा जारी किये गये आदेश में अमृतपुर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गहलोत को शहर कोतवाल बनाया गया है, जबकि शहर कोतवाल दर्शन सिंह को अमृतपुर भेजा गया है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक राम सहाय सिंह को कमालगंज थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

### ससुर देवर ने बहु व पुत्र को पीटा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम बिदोखर पुरई में शराब पीने के लिए घर का सामान ससुर द्वारा बेचे जाने पर बहू के मना करने से नाराज ससुर ने अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर बहू और पुत्र को मारपीट करके घर से निकाल दिया। बहू ने ससुर देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बिदोखर पुरई निवासी प्रतीक्षा लखेरा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका ससुर जयकरन लखेरा शराब पीने का आदी है और आए दिन घर के बर्तन बेचकर शराब पी जाता है। शुक्रवार को शाम करीब 5 बजे वह लोहे की बाल्टी बेचने जा रहा था। मना करने पर गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकल गया। यह बात उसने पति को फोन से बताई तो पति के घर आने पर ससुर जयकरन देवर प्रिंस लखेरा ने उसके पति को मारपीट करके सिर फोड़ दिया। शोरशराबा सुनकर जब वह बचाने पहुंची तब दोनों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की और घर में ताला बंद करके बाहर कर दिया। पुलिस ने ससुर देवर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## ग्राम रोजगार सेवक 15 जून को मुख्यालय में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**मौदहा।** ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर जनपद के ग्राम रोजगार सेवक 15 जून को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में संगठन की ओर से जिलाधिकारी को सूचना पत्र सौंपा गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष किरण सिंह एवं महामंत्री मुकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को ग्राम रोजगार सेवक अंबेडकर पार्क से शांतिपूर्ण एवं पंक्तिबद्ध पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। वहां मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित प्रांतीय आंदोलन के तहत आयोजित किया जा रहा है। इसकी सूचना जिला प्रशासन एवं स्थानीय खुफिया इकाई को भी दे दी गई है। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों के समाधान के लिए सरकार से सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्यायें



समस्यायें सुनती डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डा0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रुप से थाना दिवस के अवसर पर थाना कादरीगेट पर मौजूद रहकर जन-सुनवाई की तथा फरियादियों की समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस दौरान फरियादियों से संवाद कर उनकी शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए शिकायत निस्तारण के प्रति उनको आश्वस्त किया गया एवं सम्बन्धित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधि0/कर्म0 को निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एएसपी ने महिला अपराधों एवं गुमशुदा मामलों की समीक्षा



बैठक लेते एएसपी मौजूद पुलिस कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में महिला संबंधी अपराधों एवं गुमशुदा/अपहृता से संबंधित विवेचनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गुमशुदा/अपहृता की शीघ्र बरामदगी कर विवेचक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित प्रकरणों का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देशित किया कि विवेचना कार्य की प्रगति का नियमित पर्यवेक्षण किया जाए, ताकि विभागीय स्तर पर निस्तारण की गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखी जा सके। वहीं एएसपी ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पॉक्सो एक्ट और छेड़खानी जैसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कायमगंज व विवेचकगण आदि मौजूद रहे।

# सात महीने से फरार शातिर चोर कमलेश गिरफ्तार

▸ 1420 नकद व सोने के जेवर बरामद

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सात महीने पहले हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे तीसरे शातिर आरोपी को कायमगंज पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। कुआं खेड़ा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सिनौली रोड से घेराबंदी कर कमलेश पुत्र वेद प्रकाश को दबोच लिया। पकड़ा गया आरोपी हरदोई जिले के सांडी थाना क्षेत्र के कूंचा टोला गांव का रहने वाला है। वह पिछले कई महीनों से पुलिस को लगातार चकमा दे रहा था। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि यह पूरी वारदात 16 नवंबर 2025 को कोतवाली क्षेत्र के गांव कलां खेल में रहने वाले शन्नू खान के घर पर हुई थी। चोरों ने वहां से भारी मात्रा में नगदी, कीमती जेवर और एक एकनाला बंदूक उड़ा ली थी।पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार कमलेश के पास से 1,420 रुपये नगद और सोने के आभूषण बरामद हुए हैं। जब पुलिस ने चोरी हुई बंदूक के बारे में कड़ाई से पूछा, तो कमलेश ने चौंकाने वाला खुलासा किया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

उसने बताया कि पकड़े जाने के डर से उन लोगों ने बंदूक को अगले ही दिन शन्नू खान के घर के पास ही चुपचाप छिपा दिया था और वहां से फरार हो गए थे। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों सुनील निवासी हुल्लापुर शाहजहांपुर और जयप्रकाश निवासी उस्मानपुर कासगंज को पहले ही दबोचकर जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है। कमलेश इस गैंग का आखिरी सदस्य था जो बाहर घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

## राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की पहली बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने और संगठन का विस्तार करने पर चर्चा हुई। संगठन द्वारा उठायी जा रही समस्या का समाधान करने की रणनीति बनायी गई। नगर एवं ब्लाक स्तर पर नये पदाधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष अभिषेक दुबे ने कहा कि आने वाले दिनों में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा जनपद में संगठन को और अधिक सशक्त एवं व्यापक बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर लोगों के अधिकारों की आवाज बनने का काम करेगा। इस दौरान जिला प्रभारी पंडित देवेश नारायण अवस्थी, जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, विनय कुमार शुक्ला, जनमेजय द्विवेदी, अरुण मिश्रा, डॉ0 प्रवीण कुमार त्रिपाठी, शिवम बाजपेई, विष्णु दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# एएसपी ने थाना बिवांर का किया आकस्मिक निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने शनिवार को थाना बिवांर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला एवं साइबर हेल्पडेस्क, विवेचना कक्ष, ई-मालखाना तथा परिसर में स्थापित सीसीटीवी प्रणाली का गहन अवलोकन किया। अभिलेखों की गुणवत्ता एवं अद्यतन स्थिति का परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई एवं समग्र व्यवस्थाओं की समीक्षा कर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने पर विशेष बल दिया। महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत महिला एवं साइबर हेल्पडेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करते हुए उनकी शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाए।

# फिल्म अभिनेता विजय सक्सेना व आशीष सिंह को किया सम्मानित

▸ अभिनय की दुनिया में कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता आशीष सिंह चौहान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला बजरिया स्थित सरोजनी देवी नेत्र चिकित्सालय में आयोजित सम्मान समारोह में जीरो फिल्म के अभिनेता आशीष सिंह चौहान एवं फिल्म मिशन कनाडा के निर्देशक व मुख्य कलाकार विजय सक्सेना को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.प्रत्युष द्विवेदी ने पटका पहनाकर तथा राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर फिल्म निर्देशक व अभिनेता विजय सक्सेना ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि युवा लगन, मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें तो सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमती है।



उन्होंने बताया कि फिल्म मिशन कनाडा का निर्माण देशहित और युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे उन्हें नए अवसर मिलने के साथ-साथ सीखने का भी मौका मिले। डॉ. प्रत्युष द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करते हैं। वहीं अभिनेता आशीष सिंह चौहान ने कहा कि अभिनय की दुनिया में कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता।

व्यक्ति का रंग, रूप या पृष्ठभूमि मायने नहीं रखती, बल्कि उसके अंदर का हुनर और मेहनत ही उसे सफलता दिलाती है। कार्यक्रम में महेश गौड़, अभिनेता राजू सक्सेना, चंद्र सिंह सक्सेना, धीरेंद्र सक्सेना, प्रदीप दीक्षित, शुभांशु दुबे, गायक अंश पाठक, भोले दीक्षित, बृजकिशोर राजपूत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नदी किनारे पलटा, चालक घायल

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के भोली गांव में किसान ट्रैक्टर से खेत में जुताई कर रहा था इसी दौरान उसका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर यमुना नदी किनारे पलट गया। घटना में घायल चालक को इलाज के लिए परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

क्षेत्र के भौली गांव निवासी ज्ञान सिंह तोमर (46) पुत्र बलराम तोमर अपना ट्रैक्टर लेकर पटिया गांव के पास सुबह खेत की जुताई करने गया था।जुताई करते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर यमुना नदी के किनारे पलट गया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने कूद कर अपनी जान बचा ली हालांकि उसके हल्की फुल्की चोटें आई थी।

ट्रैक्टर पलटने की जानकारी मिलते ही परिजनों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे उन्होंने घायल चालक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

जिला अस्पताल में उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया है। चिकित्सकों के अनुसार चालक की हालत अब ठीक है।

## बेलरायां स्टेशन से उठी विकास की आवाज

# ब्रॉडगेज और नई ट्रेनों की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (खीरी)।**



तराई क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधाओं से जोड़ने और लंबे समय से लंबित रेल परियोजनाओं को गति देने की मांग को लेकर शनिवार को बेलरायां रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर आवाज बुलंद की। बेलरायां नया सवेरा गांजर विकास समिति एवं बेलरायां व्यापार मंडल के नेतृत्व में रेल मंत्रालय, भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर मंडल के अधिकारियों को सौंपा गया। ज्ञापन में बेलरायां रेलखंड पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने तथा मीटर गेज रेलवे लाइन को शीघ्र ब्रॉडगेज में परिवर्तित किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि तराई क्षेत्र की लाखों आबादी आज भी पर्याप्त रेल सुविधाओं से वंचित है। सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि बेलरायां रेलखंड का ब्रॉडगेज में परिवर्तन किया जाता है तो क्षेत्र का सीधा संपर्क देश के प्रमुख शहरों से स्थापित होगा, जिससे यात्रियों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

**व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा**

वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक रेल सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। बेलरायां रेलखंड पर नई ट्रेनों का संचालन और ब्रॉडगेज लाइन बनने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। किसानों, व्यापारियों और छात्रों को विशेष लाभ होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी और पर्यटन क्षेत्र को भी नई गति मिलेगी। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

**एसएसबी जवानों और सीमावर्ती क्षेत्र को होगा लाभ**

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान तैनात रहते हैं। बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध होने से जवानों के आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी आवागमन के बेहतर साधन मिल सकेंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रेल सुविधाओं का विस्तार राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

**वर्षों से लंबित मांग पूरी करने की अपील**

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बेलरायां रेलखंड के ब्रॉडगेज परिवर्तन की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है।

उन्होंने रेल मंत्रालय से मांग की कि क्षेत्र के विकास और जनहित को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाए तथा नई ट्रेनों के संचालन की व्यवस्था की जाए।

# शॉर्ट सर्किट से मकान की ऊपरी मंजिल में लगी भीषण आग

**दो वॉशिंग मशीन व चार कूलर समेत लाखों का सामान जलकर राख**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर (खीरी)।**



तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम गुलौली में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मकान की ऊपरी मंजिल में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊपरी मंजिल पर रखा घरेलू व कृषि संबंधी सामान उसकी चपेट में आ गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य मकान की निचली मंजिल पर बैठे हुए थे। पड़ोसी की सूचना पर आग की जानकारी हुई, जिसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर करीब एक घंटे तक अथक प्रयास किए, तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो चुका था। ग्राम गुलौली निवासी विवेक सिंह पुत्र सुनील सिंह के मकान में 12 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि मकान की ऊपरी मंजिल पर अचानक विद्युत शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। शुरुआत में परिवार के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी, क्योंकि सभी सदस्य नीचे मौजूद थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने मकान की ऊपरी मंजिल से धुआं और आग की लपटें निकलती देख तत्काल परिजनों को सूचना दी।

आग की सूचना मिलते ही परिवार के लोग घबरा गए और मदद के लिए शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर दौड़ पड़े। आग तेजी से फैल रही थी और ऊपरी मंजिल पर रखा सामान धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए बाल्टियों, पाइप और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे तक चले राहत एवं बचाव कार्य के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित परिवार के अनुसार आग में दो वॉशिंग मशीन, चार सिम्फनी कूलर, लगभग चार क्विंटल सरसों, गेहूं, चना, बड़ी मात्रा में कपड़े, बिस्तर तथा अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि अधिकांश सामान को बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। परिवार का कहना है कि इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पड़ोसी की सूचना मिलने के बाद जब तक वे ऊपरी मंजिल तक पहुंचे, तब तक आग पूरे हिस्से में फैल चुकी थी। उन्होंने बताया कि वर्षों की मेहनत से जुटाया गया सामान कुछ ही मिनटों में राख में तब्दील हो गया। घटना के बाद परिवार सदमे में है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग को भी मामले से अवगत कराया गया। क्षेत्रीय लेखपाल मंजू गौतम ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया जाएगा और रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, ताकि शासन स्तर से मिलने वाली सहायता के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में सड़क हादसे में मजदूर की मौत मां और छोटे भाई का सहारा छिना



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम गोंधिया निवासी एक मजदूर की लखनऊ में सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था, जिसकी असमय मौत से मां और छोटे भाई के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार पिंटू वर्मा (40) पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश वर्मा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि वह बीते बुधवार को काम के सिलसिले में लखनऊ गया था। शुक्रवार को चिनहट क्षेत्र में कुछ सामान लेने जा रहा था, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। शनिवार को परिजन लखनऊ पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि पिंटू अविवाहित था। करीब पांच वर्ष पूर्व उसके पिता ओमप्रकाश वर्मा का निधन हो गया था। पिता की मौत के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी पिंटू के कंधों पर आ गई थी। वह मजदूरी करके अपनी वृद्ध मां और छोटे भाई का पालन-पोषण कर रहा था। उसकी मौत से परिवार का इकलौता सहारा छिन गया है। घटना के बाद से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर मामले की जांच कर रही है।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी मंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ: प्रभारी मंत्री



**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान की भावना तथा आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को लेकर संवाद स्थापित किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास,सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में प्रदान की जा रही है।

### मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी इंद्र कुमार ने शनिवार को थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में युवक ने बताया है की गत 12 जून को करीब दस बजे अपने रिस्तेदार के साथ बोलोरो से मध्य प्रदेश के सीधी जा रहे थे की देवरी तिराहे के पास मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिला के गढ़वा थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी आनंद, हेमराज, उपेंद्र व भूपेंद्र गुर्जर व कुछ अज्ञात मिलकर देशी कहा राड, पाइप ईट पत्थर लेकर जानलेवा हमला किये जिससे सिर में कई जगह फट गया है तथा शरीर में अन्य जगह भी चोटे आई है गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए सीटी स्कैन कराने के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की युवक के साथ मारपीट करने वाले चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### लंबित मामलों के निस्तारण के लिए एडीएम ने दिये निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में एडीएम वित्त, राजस्व विनोद कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्या सुनी।इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र आए जिसमें एक प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने पूर्व में थाना समाधान दिवस पर दिए गए अधिकतर प्रार्थना पत्रों का निस्तारण नही किए जाने पर नाराजगी जताई। एडीएम ने संबंधित राजस्व निरीक्षक व लेखपालों को प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एडीएम ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों में लापरवाही नही बरतने का सख्त निर्देश देते हुए लेखपालों को मौके पर पहुंचकर मामले का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी रामकली ने गड़बड़ा गोकुल गांव में भूमि पर अतिक्रमण व जबरन निर्माण कार्य कराने का विपक्षी पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया एडीएम ने प्रभारी निरीक्षक व संबंधित लेखपाल को मामले की जांच कर निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# हेयर कटिंग कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, हत्या का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**





**परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच तेज, नामजद आरोपी की तलाश शुरू**

कोतवाली गोला क्षेत्र की अलीगंज चौकी अंतर्गत एक हेयर कटिंग कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने एक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी सांडा निवासी सलीम उर्फ लल्लू (45) अलीगंज-तिकुनिया मार्ग पर हेयर कटिंग की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे हुई घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे परिजनों ने अलीगंज पुलिस चौकी एवं थाना गोला पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतक अपने पीछे पांच बच्चों का परिवार छोड़ गए हैं। उनकी पुत्रियां चमन बानो एवं काजल विवाहित हैं, जबकि अनम और जीनत अविवाहित हैं। पुत्र मोहम्मद तस्लीम परिवार का इकलौता बेटा है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस को दी गई तहरीर में दानिश पुत्र यूनुस निवासी हजरतपुर, थाना फूलबेहड़ पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही अलीगंज चौकी प्रभारी संजय कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी गोला महक शर्मा तथा थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रिश्तेदारी से वापस जा रहे युवक को बदमाशों ने बनाया निशाना

दिनदहाड़े लूट की वारदात

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े लूट की वारदात से लोगों में दहशत फैल गई। शुक्रवार को रिश्तेदारी से वापस जा रहे एक युवक को दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर रोककर मारपीट की और मोबाइल फोन, हेलमेट तथा तीन हजार रुपये की नकदी लूटकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार विशाल सिंह पुत्र प्रदीप कुमार निवासी नेवादा सोनवरशा, थाना पुवायां, जनपद शाहजहांपुर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 27 बीआर 1780 से अपनी रिश्तेदारी में रहीमपुर आया था। शुक्रवार को वापस घर जाते समय जैसे ही वह इब्राहिमपुर सरैया पुल के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा लगाकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट करते हुए शर्ट की जेब में रखा वीवो ङ्ग17 मोबाइल फोन, हेलमेट और करीब तीन हजार रुपये की नकदी छीन ली तथा जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी ग्लैमर मोटरसाइकिल से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## जेष्ठ माह में आशीर्वाद भारत गैस एजेंसी पर विशाल भंडारा

**हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।**



जेष्ठ माह के पावन अवसर पर शनिवार को मलूकापुर स्थित आशीर्वाद भारत गैस एजेंसी परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, सेवा भाव और सामाजिक समरसता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

सुबह से शुरू हुए भंडारे में देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। आयोजकों एवं सहयोगियों ने श्रद्धालुओं को विधिवत प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग किया।

आयोजक हरिओम मिश्रा ने बताया कि जेष्ठ माह में भंडारा आयोजित करने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा, सहयोग और धार्मिक एकता की भावना को बल मिलता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश चन्द्र मिश्रा, पीयूष मिश्रा, हरिओम मिश्रा, राजबहादुर शुक्ला, शिवांश मिश्रा, रामनाथ मौर्य, अंकित कुमार, सुमित शुक्ला, रमन पाण्डेय, पिंटू तथा मुंशी सहित अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

भंडारे में शामिल श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से कार्यक्रम यादगार बन गया। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष: विकास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव का स्वर्णिम युग : डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महाराजगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विश्वास, विकास और विरासत के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करते हुए विश्व मंच पर अपनी एक नई और सशक्त पहचान स्थापित की है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई यह यात्रा केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि जनसेवा, सुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के नए युग का प्रतीक बन चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने गरीबों, किसानों, युवाओं,




महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं वंचित वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। यही कारण है कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया है। डॉ. मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास के साथ-साथ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने का भी ऐतिहासिक कार्य किया है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर से जुड़े पंचतीर्थों का विकास, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण, कर्तव्य पथ, नई संसद भवन, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण तथा राष्ट्रीय प्रतीकों के पुनर्स्थापन जैसे कदमों ने देश की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आज भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है।

## काक्षेश्वर नाथ मंदिर पर पुरुषोत्तम मास में चल रहे यज्ञ में गूंजी शिव महिमा

**शिव ही सत्य है: रामदास दयाल**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** फरेंदा तहसील क्षेत्र के धानी बाजार स्थित काक्षेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीरामचरितमानस महायज्ञ एवं संगीतमयी प्रवचन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बन गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भजन-कीर्तन, वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दूर-दराज के गांवों और कस्बों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा एवं प्रवचन का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। प्रवचन के दौरान अयोध्या धाम से पधारे पूज्य श्री-श्री रामदास दयाल महाराज ने भगवान शिव की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि 'शिव ही सत्य हैं, शिव ही सृष्टि के मूल आधार हैं और शिव की उपासना से जीवन में सुख, शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है।' उन्होंने कहा कि भगवान शिव त्याग, करुणा, सेवा, समर्पण और लोककल्याण के सर्वोच्च प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सार्थक और कल्याणकारी बना सकता है।

# 'लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त': समीक्षा बैठक में डीएम का सख्त संदेश

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों, राजस्व वसूली की स्थिति तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन न करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों और राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभागवार समीक्षा करते हुए मंडी समिति, एआरटीओ, खनन, स्टाम्प, खाद्य एवं औषधि



विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। जिन विभागों के लक्ष्य अभी निर्धारित नहीं हुए हैं, वे तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर लक्ष्य तय करें ताकि आगामी बैठकों में उनकी वास्तविक प्रगति का मूल्यांकन किया जा सके। **सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग सुधारने के लिए अधिकारियों को किया सतर्क**-सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद की रैंकिंग को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य करना होगा। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**बैठकों से गैरहाजिर रहने वालों पर भी सख्त हुए डीएम**

नगर विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कुछ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समीक्षा बैठकों में बिना उचित कारण गैरहाजिर रहना गंभीर अनुशासनहीनता माना जाएगा। भविष्य में बिना ठोस कारण अनुपस्थित पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दो माह बाद भी नहीं मिला मेडिकल छात्र का सुराग

व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** गोरखपुर के बड़हलगंज स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के छात्रावास से लापता हुए मेडिकल छात्र अभिषेक वर्मा की अब तक बरामदगी न होने पर महराजगंज के व्यापारी संगठनों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

शनिवार को विभिन्न व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

# बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 फीसदी ईंधन अधिभार का व्यापारियों ने किया विरोध

**राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र, बढ़ी हुई दरें वापस लेने की उठाई मांग**



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आवाज बुलंद की है। संगठन के जिलाध्यक्ष फूलचंद अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षक अभियंता विद्युत विभाग यशपाल सिंह को सौंपते हुए प्रस्तावित वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि घरेलू, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं पर पहले से ही विभिन्न प्रकार के शुल्कों का भार है। ऐसे में बिजली बिलों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार लगाए जाने से उपभोक्ताओं के साथ-साथ उद्योग और व्यापार जगत पर भी आर्थिक दबाव बढ़ेगा। जिलाध्यक्ष फूलचंद अग्रवाल ने कहा कि जून माह से बिजली बिलों पर 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार लगाने की घोषणा की गई है, जबकि इसके लिए विद्युत नियामक आयोग की पूर्व स्वीकृति नहीं ली गई है।